* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 83 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, बुधवार, 19 अगस्त 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलते पूर्व सीएम नीतीश कुमार

## बिहार में भाप्रसे एवं भापुसे के कई अधिकारियों का तबादला

### भोजपुर-बेगूसराय-कैमूर के डीएम एवं रोहतास-नालंदा समेत कई जिलों के एसपी बदले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मंगलवार को बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। तबादले में कई जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। इस फ़ेरबदल में अपर मुख्य सचिव से लेकर जिलाधिकारियों तक शामिल हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। 1996 बैच के आइएएस अधिकारी एच. आर. श्रीनिवास को समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से स्थानांतरित कर ग्रामीण विकास विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वह जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार में पूर्ववत बने रहेंगे। वहीं, 1997 बैच के आइएएस अधिकारी पंकज कुमार को ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पद से स्थानांतरित कर गृह विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। 1999 बैच के आइएएस अधिकारी विनय कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव पद से स्थानांतरित कर वित्त विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। राजेश कुमार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पद से स्थानांतरित कर पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। वहीं पटना के वर्तमान आयुक्त मयंक वरवड़े को निगरानी विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। 2007 बैच के आइएएस अधिकारी संजय कुमार सिंह को वित्त विभाग के सचिव पद से स्थानांतरित कर मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग का सचिव बनाया गया है। विनोद सिंह गुंजियाल को शिक्षा विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, 2010 बैच के आइएएस अधिकारी राजीव रौशन को उच्च शिक्षा विभाग के सचिव पद से स्थानांतरित कर शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। बी. कार्तिकेय धनजी को लघु जल संसाधन विभाग से स्थानांतरित कर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का सचिव बनाया गया है। 2015 बैच के आइएएस अधिकारी मनेश कुमार मीणा को भोजपुर, सीतामढ़ी के डीएम रिची पाण्डेय का तबादला कर उन्हें बेगूसराय, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा को सीवान एवं भोजपुर के डीएम तनय सुल्तानिया का तबादला कर उन्हें सीतामढ़ी का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं सीवान के पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा को पद से हटाकर वेटिंग फॉर पोस्टिंग में बिहार पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया है। तबादला सूची में 2010 से 2022 बैच तक के कई आईपीएस अधिकारियों के नाम शामिल हैं। अधिकारियों को मद्य निषेध, निगरानी, विशेष निगरानी इकाई, इट्टट, मानवाधिकार, नागरिक सुरक्षा समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। 2010 बैच के आइपीएस अधिकारी अनिल कुमार अब पुलिस उप महानिरीक्षक, मद्य निषेध एवं एनएनटीएफ, बिहार, पटना होंगे। 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी मृत्युंजय कुमार चौधरी को डीआईजी, नागरिक सुरक्षा, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन-2 को डीआईजी, विशेष निगरानी इकाई, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय को डीआईजी, वित्त एवं तकनीकी सेवाएं, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी अमीर जावेद को डीआईजी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी मिथिलेश कुमार को समादेष्टा, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-9, जमालपुर, 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी सुशील कुमार को डीआईजी, मानवाधिकार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हृदय कांत को नालंदा, 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी भारत सोनी को सीवान, 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी रोशन कुमार को सारण का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी मिस्टर राज को रोहतास एवं 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी अवधेश दीक्षित को भोजपुर का एसपी बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पुलिस कांस्टेबल जीडी और ऑपरेटर का रिजल्ट जारी

**पटना।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार ने 18 अगस्त को दो अलग-अलग कांस्टेबल भर्तियों के लिखित परीक्षा परिणाम जारी किए हैं। इनमें एक भर्ती कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी बंद कैडर) और दूसरी कांस्टेबल (ऑपरेटर) पद के लिए है। दोनों भर्तियों की लिखित परीक्षा जून 2026 में आयोजित हुई थी। अब सफल उम्मीदवारों को भर्ती के अगले चरण के लिए बुलाया जाएगा। इस भर्ती के लिए कुल 2,33,479 आवेदन प्राप्त हुए थे। जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की संख्या 2,24,429 रही।

### दादा-पोती की पीट-पीटकर हत्या

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र के वार्ड-3 स्थित ब्लॉक गेट माई स्थान के पास मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे आपसी रंजिश में दादा-पोती की लोहे के रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय भोला मियां और उनकी पोती अनब खातून के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार घटना उस वक्त की है जब दोपहर में खाना खाने के बाद भोला मियां अपनी पोती अनब खातून के साथ कमरे में सो रहे थे।

### दंगा नियंत्रण दल का गठन

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने, भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति से तत्काल निपटने के लिए रेंज आइजी और एसएसपी के विशेष निर्देशन में दंगा नियंत्रण दल का गठन किया गया है। विशेष दल को संवेदनशील इलाकों के साथ जरूरत के अनुसार अन्य स्थानों पर भी तैनात किया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद यदि भीड़ नियंत्रित नहीं होती है तो यह दल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालेगा।

### पेंट-केमिकल गोदाम में आग लगने से 50 लाख से अधिक की क्षति

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के चक बैरिया कर्णपुरा में मंगलवार को पेंट मैन्युफैक्चरिंग हाउस सह केमिकल गोदाम में भीषण आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में पूरा गोदाम आग की लपटों से घिर गया। करीब पांच घंटे तक गोदाम धधकता रहा। आग पर काबू पाने के लिए करीब एक दर्जन दमकल गाड़ियों को लगाया गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में 50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गयी।

### रिश्वत लेते पकड़े गए डीइओ को तीन साल की सजा

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** करीब 16 साल पुराने निगरानी ट्रैप मामले में विशेष निगरानी न्यायालय, पटना ने समस्तीपुर जिला अंतर्गत दलसिंहसराय के तत्कालीन अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार विमल को रिश्वत लेने का दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने उन पर कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला वर्ष 2010 का है।

## सितंबर में मोदी मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल संभव

### 2 अक्टूबर को नई महत्वाकांक्षी योजना शुरू करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार में सितंबर महीने में मंत्रिमंडल विस्तार और बड़े फ़ेरबदल की तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम के गठन के बाद पार्टी सूत्रों की मानें तो जल्दी ही सरकार में बड़ा बदलाव हो सकता है। करीब दो दर्जन से ज्यादा मंत्रियों के या तो मंत्रालय बदले जा सकते हैं या कुछ को मंत्रिमंडल से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। वहीं सरकार के सूत्रों के मुताबिक नरेंद्र मोदी सरकार 2 अक्टूबर को एक महत्वाकांक्षी योजना की भी घोषणा कर सकती है जो आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित हो सकती है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम और चुनावी राज्यों के प्रभारियों की घोषणा के बाद अब बारी पार्टी के सबसे बड़े निर्णायक मंडल संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति की घोषणा की है। इसके साथ ही मोदी कैबिनेट और मंत्रिमंडल में भी बदलाव की सुगबुगाहट शुरू गई है और पार्टी के अंदर इस बात को लेकर काफी मंथन चल रहा है। सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधी जयंती के दिन एक बहुत बड़ी महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ करेंगे। सूत्रों के मुताबिक इसे लेकर पार्टी को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि 2 अक्टूबर से पहले पार्टी के अंदर जो बदलाव होने हैं उसे पूरा कर लिया जाए और यही वजह है कि नए पदाधिकारियों का परिचय कराने संबंधी बैठक 22 अगस्त को रखी है। सूत्रों के मुताबिक जिस तरह प्रधानमंत्री की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन 2 अक्टूबर 2014 को लॉन्च हुई थी ठीक उसी तर्ज पर इस साल 2 अक्टूबर को केंद्र सरकार फ्री ऑनलाइन कोचिंग योजना शुरू करने पर विचार चल रहा है। यह योजना नीट और जेइइ की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराएगी और इसे पार्टी जैकपॉट की तरह देख रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इसके बारे में औपचारिक घोषणा करने के बाद इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया से संबंधित करवाई शुरू कर दी गई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो वर्तमान शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी और शिक्षा मंत्रालय को इसकी तैयारी के निर्देश दिए गए हैं और इस संबंध में बैठकें भी हो चुकी हैं। वहीं पार्टी की सबसे शक्तिशाली संस्था संसदीय बोर्ड को लेकर फैसला अभी अटका हुआ है। योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस और हिमंता बिस्वा सरमा जैसे नाम को लेकर भी चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक 2 अक्टूबर तक मोदी सरकार नई ऊर्जा और नए चेहरों के साथ देखने को मिल सकती है।

## बीपीएससी ने जारी किया टीआरइ-चार का नोटिफिकेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लंबे समय से चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरइ-4) का इंतजार कर रहे युवाओं का इंतजार खत्म हो गया है। बिहार लोक सेवा आयोग ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। मंगलवार शाम 32,388 शिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होते ही प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे। इस भर्ती में सबसे अधिक 16,101 पद 11वीं और 12वीं कक्षा के शिक्षकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर भी बड़ी संख्या में रिक्तियां निकाली गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार टीआरइ-4 के लिए आवेदन प्रक्रिया सितंबर से शुरू होगी। अभ्यर्थी तय तारीख के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन 1 से 30 सितंबर तक लिया जायेगा। वहीं शुल्क भुगतान 1 से 29 सितंबर तक लिया जायेगा। इसके पूर्व शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मंगलवार को राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मुलाकात की थी। मंत्री ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान बिहार की शिक्षा व्यवस्था और विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद बीपीएससी की ओर से टीआरइ-4 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया।




### 25 हजार का इनामी ढनढन नट गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** फुलवारी शरीफ और आसपास के इलाकों में कई आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी ढनढन नट मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट के गेट के बाहर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पीरबहोर थानाध्यक्ष ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गिरफ्तारी के बाद पटना पुलिस की विशेष टीम उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ढनढन नट किसी मामले में न्यायालय में आत्मसमर्पण करने या किसी कानूनी प्रक्रिया के लिए सिविल कोर्ट पहुंच सकता है। इसके बाद पटना पुलिस की विशेष टीम और सेल की टीम ने कोर्ट परिसर के आसपास निगरानी बढ़ा दी। कोर्ट गेट के बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान ढनढन नट के पहुंचते ही पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। ढनढन नट फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के बीएमपी गली बगीचा रोड का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ फुलवारी शरीफ, गोपालपुर, परसा, गौरीचक और बाईपास थानों में कई मामले दर्ज हैं। फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 610/13 में उसके खिलाफ डकैती की धारा 395 के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा गोपालपुर थाना कांड संख्या 264/24, परसा थाना कांड संख्या 235/24, गौरीचक थाना कांड संख्या 307/24, बाईपास थाना कांड संख्या 313/24 और फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 647/25 में भी पुलिस को उसकी तलाश थी।

## हत्या मामले में एक ही परिवार के सात लोगों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सिविल कोर्ट ने भूमि विवाद में एक व्यक्ति की हत्या मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार ने सुनाया। मामला काशीचक थाना क्षेत्र के दौलाचक गांव से जुड़ा है। सजा पाने वालों में दौलाचक निवासी अवधेश सिंह, उमेश सिंह, अरुण कुमार, श्रवण कुमार, कुंदन कुमार, अजय सिंह और तुलन कुमार शामिल हैं।



इनमें एक ही परिवार के चार भाई और एक भाई के दो पुत्र भी हैं। यह घटना 28 अप्रैल 2022 की शाम को हुई थी। जानकारी के अनुसार दौलाचक गांव निवासी त्रिपुरारी सिंह गांव के पास स्थित एक चिमनी भट्टे से गुजर रहे थे तभी सातों आरोपी वहां पहुंचे और उनपर ताबड़तोड़ गोलीबारी की जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। मृतक की बहन रानी देवी ने काशीचक थाने में मामला दर्ज कराया था। अपर लोक अभियोजक अजीत कुमार ने अदालत में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व किया। अदालत ने चश्मदीद गवाहों के बयानों और पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सभी अभियुक्तों को हत्या के जुर्म में दोषी पाया। प्रत्येक दोषी को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए का अर्थदंड सुनाया गया है। इसके अतिरिक्त, आर्म्स एक्ट के तहत प्रत्येक को तीन वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया गया है।




## युवाओं के भविष्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** जेएसएससी-जेपीएससी और छात्र आंदोलन के बीच झारखंड कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों-विधायकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेताओं ने 17 अगस्त को हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में छात्र हित में लिए गए फैसलों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने सरकार की संवेदनशील पहल और युवाओं के भविष्य को लेकर उसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। कांग्रेस नेताओं ने विशेष कैबिनेट में टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं को रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया। उनका कहना था कि इस फैसले से प्रभावित विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी और उनके भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता दूर होगी। नेताओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित और युवाओं के हितों को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य झारखंड के युवाओं और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों पर सरकार संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निर्णय लेती रही है और आगे भी लेती रहेगी। मुलाकात के दौरान राज्य में चल रही विकास योजनाओं, जनहित के मुद्दों और छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, रामेश्वर उरांव, प्रदीप यादव, कुमार जयमंगल, राजेश कच्छप, रामचंद्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बाड़ा और ममता देवी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बता दें कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं को लेकर छात्र आंदोलन तेज रहा है। 17 अगस्त की विशेष कैबिनेट बैठक के फैसलों के बाद सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच विवाद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात और कैबिनेट के फैसलों के समर्थन को राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# किसानों को कम प्रीमियम में मिलेगा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रबी 2026-27 से राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को धरातल पर उतारने के लिए सहकारिता विभाग तेजी से प्रयास कर रहा है। योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए मंगलवार को शास्त्री नगर स्थित दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (डीएनएस) में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान योजना के प्रावधानों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजना के सफल कार्यान्वयन में विभिन्न हितधारकों की भूमिका एवं उनकी जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रबी 2026-27 के मौसम के संदर्भ में प्रत्येक हितधारक से अपेक्षित कार्यों, उनके दायित्वों एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में रबी 2026-27 के लिए निर्धारित एसओपी के प्रावधानों को समयबद्ध रूप से लागू करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय पीएमयू टीम के सदस्य डॉ. अनिल पंत एवं मेहुल कक्कड़ ने प्रशिक्षण दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य फसल की क्षति होने पर किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना, किसानों की आय को स्थिर बनाए रखना, खेती जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना में किसानों द्वारा खरीफ फसल के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत, रबी फसल के लिए बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत तथा वाणिज्यिक/बागवानी फसल के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम देय है। शेष प्रीमियम की राशि आधी-आधी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण सत्र में सहकारिता विभाग, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना से अपर निबंधक (न्याय) विकास कुमार बरियार, संयुक्त निबंधक (साख) समरेश कुमार तथा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. अरविन्द पासवान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। योजना के तहत किसानों को कृषि लागत के समतुल्य क्षतिपूर्ति राशि का प्रावधान है। किसानों को कम प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम केंद्र एवं राज्य सरकार वहन करेंगी। आधुनिक तकनीक, ड्रोन, रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी से फसल क्षति का सटीक आकलन और तेज, पारदर्शी दावा निपटान सुनिश्चित होगा।

## जदयू के पूर्व विधायक के निधन पर मंत्री ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने पार्टी के भूतपूर्व विधायक कामेश्वर नाथ दास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उनका अंतिम संस्कार देवघर स्थित शिवगंगा श्मशान घाट पर किया गया। इस मौके पर झारखंड के जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो समेत अन्य शामिल हुए थे। सूबे के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और पार्टी के लिए यह बड़ी क्षति है। उनके निधन से झारखंड में जदयू को बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दास से उनके निजी संपर्क थे। उन्होंने स्वर्गीय विधायक के साथ बिताए पल को याद करते हुए कहा कि वे बेहद मिलनसार और सहृदय व्यक्ति थे। श्रवण कुमार ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## एक क्लिक पर मिलेगी चुनाव आयोग की हर सुविधा, 40 पोर्टल जोड़कर बना ईसीआईनेट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 40 से अधिक अलग-अलग पोर्टल और ऐप को एकीकृत कर ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म शुरू किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सोमवार को पटना से ईसीआई 2.0 और ईसीआईनेट का शुभारंभ किया। अब मतदाता एक ही ऐप से मतदाता सूची जांचने, नाम जोड़ने, हटाने और सुधारने सहित कई सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। पहले वोटर हेल्पलाइन, सी-विजिल, सक्षम, वोटर टर्नआउट और नो योर कैंडिडेट जैसे प्लेटफॉर्म अलग-अलग संचालित होते थे। ईसीआईनेट पर ये सभी सेवाएं एक जगह उपलब्ध हैं। अब तक करीब 11 करोड़ लोग ऐप डाउनलोड कर चुके हैं। आयोग का लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक इसे 30 करोड़ लोगों तक पहुंचाना है। फॉर्म 6, 7 और 8, डिजिटल वोटर कार्ड, उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, शिक्षा, संपत्ति, देनदारी और सामाजिक माध्यमों की जानकारी भी यहां मिलेगी। मतदाता सीधे बीएलओ के साथ संपर्क के लिए कॉल बुक कर सकते हैं। ईसीआईनेट की परिकल्पना मई 2025 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने की थी। इसे 22 जनवरी 2026 को भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में इसका सफल परीक्षण हुआ था। प्लेटफॉर्म पर 11 लाख से अधिक बीएलओ पंजीकृत हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 150 करोड़ से अधिक दस्तावेजों का डिजिटलीकरण हुआ। यह 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है।

# गौरैया फोटोग्राफी ने दी पहचान

### संजय कुमार के लेंस से प्रकृति की चहक

**विश्व फोटोग्राफी दिवस-19 अगस्त पर विशेष**



**पटना।** जब हम 'फोटोग्राफी' सुनते हैं तो आंखों के सामने बड़े-बड़े लैंडस्केप, स्टूडियो पोर्ट्रेट या जंगली जानवर आ जाते हैं। पर असली फोटोग्राफी वो है जो रोजमर्रा की छोटी-छोटी खुशियों को फ्रेम में कैद कर ले। और इन छोटी खुशियों का नाम है - गौरैया। 19 अगस्त, 1839 में दुनिया के सामने फोटोग्राफी का आविष्कार सार्वजनिक किया गया था। मकसद एक ही था - पल को रोक देना। समय को थाम लेना। आज जब मोबाइल हर हाथ में है, तब भी अच्छी तस्वीर वही है जिसमें दिल धड़कता हो। बिहार पटना के गौरैयामैन से चर्चित संजय कुमार ने फोटोग्राफी के तौर पर गौरैया को लेंस की सबसे मुश्किल और प्यारी सब्जेक्ट गौरैया को चुना है। जो फुर्तीली है और एक जगह टिकती नहीं। उसे खींचना मतलब धैर्य की परीक्षा है। संजय ने वर्ष 2010 से गौरैया संरक्षण अभियान के तहत फोटो खींचना शुरू किया, आज उनके पास दस हजार से भी अधिक गौरैया की तस्वीर है।

संजय कुमार पेशे से सरकारी मीडिया से जुड़े हैं, पर दिल से वो 'गौरैया के फोटोग्राफर' हैं। पिछले कई सालों से वो सुबह छत पर, पार्क में, खेतों के किनारे अपना कैमरा लेकर बैठ जाते हैं। उनका मकसद अवॉर्ड जीतना नहीं, बस एक काम है - गौरैया के हर मूड को दुनिया को दिखाना। उनके लेंस ने कैद किया है, धूल स्नान करती गौरैया - पंख फड़फड़ाते हुए, मां गौरैया - चोंच में कीड़ा लेकर घोंसले की तरफ उड़ती हुई, उदास गौरैया, सर्दी में पंख सिकोड़कर बैठी हुई, पूंछ पटकते हुए, खुश गौरैया, बारिश की पहली बूंद में नहाती गौरैया। यानि हर पल को कैमरे में कैद किया। संजय कुमार कहते हैं - 'गौरैया को खींचने के लिए 500 एमएम का लेंस नहीं, 5 मिनट का सब्र चाहिए। 'उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जाती है। संजय ने गौरैया के साथ साथ दूसरी चिड़ियों की तस्वीरें भी कैमरे में कैद की है।

संजय कहते हैं कैमरा सिर्फ मशीन नहीं है। वो आईना है और जब उस आईने में गौरैया दिखती है तो हमें अपनी गलती भी दिखती है कि हमने अपने शहरों को उसके रहने लायक नहीं छोड़ा। इस 19 अगस्त को एक फोटो गौरैया की भी खींचिए।

## भूमिहार-ब्राह्मण महाबैठकी, सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर बनी सहमति

### हजारों लोगों की मौजूदगी में 'भू कनेक्ट एप' लॉन्च, शिक्षा-रोजगार और संगठन विस्तार पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** रविंद्र भवन, पटना में आयोजित भूमिहार-ब्राह्मण महाबैठकी रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महाबैठकी में बिहार के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संगठन विस्तार, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी, आर्थिक सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर सहमति बनी। महाबैठकी में भूमिहार-ब्राहमण समाज के लिए 'भू कनेक्ट एप' का भी शुभारंभ किया गया। आयोजकों के अनुसार ऐप के माध्यम से समाज के लोगों को आपसी संपर्क, संवाद और सहयोग के लिए एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराने की पहल की गई है। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और समाज के वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। भूमिहार बैठकी गांधी मैदान के संस्थापक अंकित चांद्रायण ने कहा कि जब तक भूमिहार-ब्राहमण समाज को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत नहीं किया जाता, तब तक भूमिहार बैठकी समाज के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने इडब्लूएस में उम्र सीमा में छूट, भूमिहारों को ब्राह्मण से अलग करने की कथित कोशिश और यूजीसी एक्ट से जुड़े विषयों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समाज अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुका है और सरकार को तय करना है कि वह समाज की जायज मांगों पर क्या कदम उठाती है। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी अभयानंद ने महाबैठकी के उद्देश्य पर विचार रखते हुए कहा कि जब कोई समाज अपनी शक्ति को पहचानकर उसका उपयोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए करता है तो इससे सरकार पर समस्याओं के समाधान का बोझ कम होता है ।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स लीडर ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति स्व हीना राज जो पटना में लेखा सहायक के पद पर कार्यरत थे उनकी पिता - पंकज कुमार सिन्हा, माता - नीलम सिन्हा को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व हीना राज की मृत्यु 17-12-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 168.30 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.5049/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 38,036-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

## जन्दाहा में साहित्यिक कार्यक्रम की तैयारी तेज

### कवयित्री वर्षा ठाकुर से डॉ. आनंद रंजन झा ने की चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जन्दाहा में प्रस्तावित साहित्यिक कार्यक्रम को लेकर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा ने चर्चित कवयित्री वर्षा ठाकुर से मुलाकात कर कार्यक्रम की रूप-रेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान साहित्य, संस्कृति एवं युवाओं के बीच रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने सहित कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि जन्दाहा जैसे क्षेत्र में साहित्यिक आयोजन युवाओं और साहित्यप्रेमियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करेंगे। उन्होंने कवयित्री वर्षा ठाकुर से कार्यक्रम के स्वरूप, संभावित गतिविधियों एवं आयोजन की रूप-रेखा तैयार करने को लेकर आवश्यक सुझाव साझा किए तथा कार्यक्रम को प्रभावी एवं यादगार बनाने के लिए समन्वय के साथ तैयारी करने की बात कही। वर्षा ठाकुर ने भी साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना करते हुए कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग का आश्वासन दिया। बातचीत के दौरान आगामी कार्यक्रम की विस्तृत योजना एवं आयोजन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। आयोजकों का मानना है कि यह साहित्यिक कार्यक्रम क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों, युवाओं एवं रचनाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

## पटना के मोगली ने फोटोग्राफी के क्षेत्र में बनाई खास पहचान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बचपन में आपने 'द जंगल बुक' में मोगली का किरदार जरूर देखा होगा, लेकिन पटना का मोगली अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता है। फोटोग्राफी के प्रति जुनून और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने इस क्षेत्र में खास मुकाम हासिल किया है। पटना में जन्मे मोगली पिछले कई वर्षों से फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय हैं और आज उनकी पहचान एक अनुभवी फोटोग्राफर के रूप में बन चुकी है। मोगली की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर से हुई। इसके बाद उन्होंने कॉलेज ऑफ कॉमर्स से पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी की।


## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आज गांधी मैदान से निकलेगा विशाल राजभवन मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 19 अगस्त को होने वाला राजभवन मार्च अब राजद प्रदेश कार्यालय के बजाय सुबह 10 बजे जेपी गोलंबर (गांधी मैदान) से शुरू होगा। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यह विशाल मार्च जेपी गोलंबर से निकलकर डाकबंगला चौराहा, तारामंडल और इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए राजभवन तक जाएगा। यह राजभवन मार्च बिहार में अपने हक और रोजगार की मांग कर रहे छात्रों और युवाओं पर हुई बर्बर पुलिसिया कार्रवाई तथा निहत्थे युवाओं पर एके -47 जैसे हथियारों के इस्तेमाल के कड़े विरोध में किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर इस अमानवीय कृत्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। परंतु, तानाशाही सरकार ने अब तक किसी भी दोषी वरिष्ठ अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि यह पूरा राजभवन मार्च पूर्णतः शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। इस मार्च में पार्टी के सभी वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पार्टी पदाधिकारी, युवा साथी, छात्र और हजारों-हजार की संख्या में आम जनमानस शामिल होकर छात्रों-युवाओं के न्याय के लिए हुंकार भरेंगे और इस दमनकारी सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे।

## भूमि की सीमित उपलब्धता में एग्री-पीवी बनेगा प्रभावी समाधान : राहुल कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में कृषि और सौर ऊर्जा के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को पटना में 'बिहार एग्री-पीवी समिट 2026' का आयोजन किया गया। समिट में कृषि भूमि के साथ सौर ऊर्ज़ा उत्पादन को जोड़ने वाले एग्री-फोटोवोल्टिक मॉडल की संभावनाओं पर विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया। ब्रेडा के निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां बड़ी मात्रा में उपजाऊ कृषि भूमि है। ऐसी उपजाऊ कृषि भूमि को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अलग करने के बजाय ऐसी भूमि जहां हॉर्टिकल्चर एवं बागवानी गतिविधियां होती हैं, वहां एग्री-पीवी मॉडल की संभावनाओं को तलाशना अधिक उपयोगी होगा।

बिहार में भूमि की सीमित उपलब्धता को देखते हुए एग्री-पीवी मॉडल एक प्रभावी समाधान के रूप में उभर सकता है। इस मॉडल के माध्यम से कृषि गतिविधियों को जारी रखते हुए उसी भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से हॉर्टिकल्चर आधारित क्षेत्रों में एग्री-पीवी की अच्छी संभावनाएं हैं। छोटी-छोटी जोत और फल एवं बागवानी आधारित खेती वाले क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप एग्री-पीवी मॉडल विकसित किए जा सकते हैं। इससे किसानों को खेती से होने वाली आय के साथ-साथ सौर ऊर्जा के माध्यम से अतिरिक्त आय का अवसर मिल सकता है।

## रोजगार मेले का आयोजन आज से ज्ञान भवन में

### 20 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना में सबसे बड़े रोजगार मेले का आगाज 19 अगस्त से होने जा रहा है। यह मेला अब तक राज्यभर में आयोजित रोजगार मेलों में सबसे भव्य और बड़ा माना जा रहा है। प्रदेशभर के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से इस मेला का आयोजन किया गया है। 19 से 23 अगस्त तक पटना के ज्ञान भवन में यह मेला चलेगा। इसमें देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस मेगा जॉब फेयर में लगभग 20 हजार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंश्योरेंस, रिटेल एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार मेले में कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी पेमेंट्स बैंक, मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, क्लिक्स, फ्लिपकार्ट, टीसीआई एक्सप्रेस, जॉनसन (लिफ्ट एंड एस्केलेटर), टीवीएस क्रेडिट, ट्रेंट लिमिटेड (टाटा समूह की कंपनी) और रिलायंस रिटेल समेत अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होगी।

## बसपा के पूर्व जोनल प्रभारी सुरेंद्र कुमार दास दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जोनल प्रभारी एवं गड़खा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार दास ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सुरेंद्र कुमार दास एवं उनके समर्थकों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर सुरेंद्र कुमार दास ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए 'सृजन साथी' अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी में शामिल हुए सभी नए साथियों से उन्होंने आहवान किया कि वे सृजन साथी अभियान को पूरी ताकत दें और संगठन को मजबूत करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज बड़ी संख्या में लोगों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि बिहार में कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मुद्दों को लेकर मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। छात्रों, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के लिए कांग्रेस पार्टी ही लगातार मुखर होकर काम कर रही है और जनस्वीकृति हमारे पार्टी के प्रति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को कांग्रेस कमजोर नहीं पड़ने देगी। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से उपेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार दास, सत्यम प्रकाश रजक, मो. अशरफ, कपिल ठाकुर, कन्हैया लाल चौधरी एवं नूर जहां शामिल हैं। इस अवसर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मिन्नत रहमानी एवं डॉ. अमन कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

## कला की साधना को मिला सरकार का सम्मान, कलाकार पेंशन बनी बुढ़ापे की मजबूत लाठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजना कलाकार पेंशन म्यूजिक, पेंटिंग, नृत्य, तबलावादन, बांसुरीवादन समेत अन्य क्षेत्रों के कलाकारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। योजना के लाभार्थी कलाकारों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर महीने पेंशन देकर हम कलाकारों को बुढ़ापे के लाचार दिनों में मजबूत सहारा प्रदान किया है। मधुबनी जिले के रहने वाले मशहूर मिथिला पेंटर 57 वर्षीय मिथिलेश कुमार झा ने कहा कि बिहार सरकार ने हम कलाकारों के लिए यह योजना लाकर हमारी सेवा की है। शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद सरकार ने कभी उन्हें असहाय नहीं माना। दिव्यांग पेंशन योजना ने भी उनके हुनर को चार-चांद लगाने में काफी मदद की। मिथिला पेंटिंग की तालीम उन्होंने अपनी दादी से हासिल की थी। उनकी दादी सीता देवी मिथिला पेंटिंग को कागज पर हूबहू उतारने में माहिर थीं। उन्होंने बताया कि उनकी दादी 17 साल की उम्र से मिथिला पेंटिंग कर रही थीं। वर्ष 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मधुबनी में उनके घर आए और उनके द्वारा बनाई गई मिथिला पेंटिंग की सराहना की। साथ ही उन्होंने मिथिला आर्ट को और बेहतर करने के लिए उनसे सलाह भी मांगी। दादी सीता देवी को पद्मश्री, नेशनल अवार्ड व अन्य कई सम्मानों से किया गया सम्मानित।

बता दें कि मशहूर मिथिला पेंटर मिथिलेश कुमार झा की दादी सीता देवी को पद्मश्री, नेशनल अवार्ड व अन्य कई सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार ने उनके परिवार को उपलब्धियां हासिल करने में साथ दिया है। 60 वर्षीय भोजपुरी लोकगीत गायक सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि वर्ष 1989 में पहली बार उन्हें रेडियो चैनल विविध भारती पर गाना गाने का मौका मिला।

## उम्मीद लेकर आए, समाधान लेकर लौटे-सहयोग शिविर ने आसान की आमजन की जिंदगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी के वार्ड संख्या-31 में जनता की समस्या के समाधान के लिए लगाये गये सहयोग शिविर में आए नवरत्नपुर के साधु शरण ने कहा कि उन्होंने अपने आवास में एक दुकान के लिए जगह बनायी थी जिसपर नगर निगम द्वारा कर्मशियल टैक्स देने का नोटिस आया है। सहयोग शिविर में आये कर्मचारियों को अपनी समस्या की जानकारी दी। जिसका मुझे उचित सुझाव दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आवासीय भूमि को आप कर्मशियल में इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसके लिए हमारा सहयोग प्राप्त होगा। सहयोग शिविर में राज्यवासियों के स्वास्थ्य सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। शिविर में मौजूद डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा ग्रामीणों महिलाओं को जरूरी स्वास्थ्य सुझाव भी दिया गया है। बातचीत करने पर डॉक्टर ने कहा कि सहयोग शिविर में आने वाले सभी लोगों को निशुल्क बीपी, सुगर व अन्य जांच की प्रक्रिया की जाती है। इसके अलावा शिविर में आने वाले ग्रामीणों के लिए दवा का प्रबंध भी किया गया है। सहयोग शिविर में मौजूद भूतनाथ रोड निवासी राजन प्रसाद मंडल ने कहा कि इस शिविर से हम कामकाजी लोगों को काफी सहुलियत मिल रही है। शिविर में भूमि संबंधित हर छोटी-बड़ी जरूरी दस्तावेज के बारे में बताया जाता है। आवासीय भूमि व व्यवसायिक भूमि का मोटेशन, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कई जानकारियों से अवगत कराया जाता है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के तत्वावधान में स्टाफ सदस्यों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार के उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन राजभाषा अधिकारी, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्टाफ सदस्यों के बीच राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना, राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। उक्त अवसर पर अवसर पर अपने संबोधन में क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार ने कहा कि हमें हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भारत की राजभाषा है तो बिहार की मातृभाषा भी है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कार्यालय में हिंदी में ही कार्य निष्पादित करें। आज पूरे देश ही नहीं विश्व में राजभाषा हिंदी का प्रयोग व्यापक रुप से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा हमें बैंकिंग सेवाओं में भी हिंदी का प्रयोग 100% प्रतिशत करना चाहिए।

# रोहतासगढ़ किले पर 18 साल से शान से लहरा रहा तिरंगा

## तत्कालीन एसपी विकास वैभव की पहल से 15 अगस्त 2008 को पहली बार हुआ था ध्वजारोहण, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कायम हुआ नया इतिहास

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** कैमूर की पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला आज देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन चुका है। कभी नक्सली गतिविधियों से प्रभावित रहे इस दुर्ग पर 18 वर्ष पूर्व पहली बार तिरंगा लहराया गया था। तत्कालीन रोहतास एसपी विकास वैभव की पहल और ग्रामीणों के सहयोग से 15 अगस्त 2008 को किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एक नया इतिहास रचा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व मुखिया सुग्रीव खरवार और बबन ठाकुर ने 15 अगस्त 2008 को किले पर पहली बार तिरंगा फहराया। इसके बाद 26 जनवरी 2009 से गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस-प्रशासन की ओर से नियमित रूप से ध्वजारोहण की परंपरा शुरू हुई। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान किला परिसर में 60 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रध्वज भी स्थापित किया गया।

**1857 के संग्राम का भी गवाह है रोहतासगढ़**

ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किले का स्वतंत्रता आंदोलन से भी गहरा संबंध रहा है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वीर कुंवर सिंह के भाई अमर सिंह ने इस क्षेत्र को अपना प्रमुख ठिकाना बनाया था और यहीं से अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का संचालन किया था। अंग्रेजी सेना को भी इस क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

**नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र में तिरंगे ने दिया बड़ा संदेश**

15 अगस्त 2008 को किले पर तिरंगा फहराए जाने के बाद नक्सलियों में भी बेचैनी देखी गई और ध्वजारोहण में शामिल लोगों की तलाश शुरू की गई। ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए वहां से निकलना पड़ा। इसके बाद पुलिस-प्रशासन ने किले पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का निर्णय लिया। 26 जनवरी 2009 को तत्कालीन एसडीपीओ मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने आधिकारिक रूप से ध्वजारोहण की शुरुआत की।

**विकास वैभव के कार्यों की इंद्रदेव यादव ने की सराहना**

राजद के वरिष्ठ नेता एवं अकोढ़ीगोला निवासी इंद्रदेव यादव ने गया स्थित मगध रेंज के आईजी विकास वैभव से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान उन्होंने रोहतास में एसपी के रूप में विकास वैभव के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में रोहतासगढ़ किले पर 64 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद तिरंगा फहराकर इतिहास रचा गया। इंद्रदेव यादव ने कहा कि विकास वैभव कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं। उनकी पहल से कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और आम लोगों के बीच संवाद बढ़ा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिली।

# सर्पदंश से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिला के बेलांव थाना क्षेत्र के हुड़ड़ा खुर्द गांव में सोमवार की देर शाम सर्पदंश से 19 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका की पहचान गांव निवासी संजय पासवान की 19 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की देर शाम अंशु घर में पूजा करने के लिए माचिस लेने गयी थी। इसी दौरान बिजली कट गयी। अंधेरे में जैसे ही उसने दीवार में बने ताखा पर हाथ रखने की कोशिश की, वहां छिपे सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही अंशु दर्द से चीखते हुए घर से बाहर निकली और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# बिहार को राष्ट्रीय कमेटी में प्रतिनिधित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी में बिहार को उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान दिए जाने पर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवेश राम तथा राष्ट्रीय पदाधिकारी ऋतुराज सिन्हा को राष्ट्रीय कमिटी में स्थान मिलने और बिहार के नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व की बिहार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इससे राज्य के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को उनके मनोनयन पर हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा बिहार के विकास को नई गति मिलेगी। इस खुशी को साझा करते हुए अरविंद पाण्डेय, भरत कुशवाहा, भोला सिंह, नवीनचंद साह, सुनील सिंह, कन्हैया पासवान, देव मुनि पाण्डेय, संजय सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के प्रतिनिधियों को अवसर मिलने से सामाजिक समरसता और समावेशी राजनीति को बल मिलेगा। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि पार्टी का यह कदम बिहार के सम्मान को बढ़ाने वाला है और आने वाले समय में राज्य की जनता को इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

# चोरी की पेट्रोल और बाइक के साथ पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के पेट्रोल और मोटरसाइकिल के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से तीन मोटरसाइकिल, करीब 25 लीटर पेट्रोल और एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भभुआ भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में चोरी की दो घटनाओं का भी खुलासा हुआ। डीएसपी मोहनियां दयानंद कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्गावती थाना क्षेत्र के कृपालपुर स्थित मुर्गी फार्म के पास कुछ अपराधी चोरी के पेट्रोल और मोटरसाइकिल के साथ मौजूद हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष दुर्गावती गिरीश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुर्गी फार्म के पास छापेमारी की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, करीब 25 लीटर पेट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिलों में एक बिना नंबर प्लेट की डिस्कवर बाइक शामिल है।

# रोहतास के नए एसपी बने मिस्टर राज, रौशन कुमार का सारण तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राज्य सरकार ने पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए कई जिलों के पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार का तबादला कर उन्हें सारण का सीनियर एसपी बनाया गया है। वहीं भोजपुर के एसपी मिस्टर राज को रोहतास जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। मिस्टर राज के रोहतास का नया एसपी बनने के बाद जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। उनके सामने अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने तथा आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करने की चुनौती होगी। वहीं, रौशन कुमार ने रोहतास में अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके तबादले के बाद अब जिले की कमान मिस्टर राज को सौंपी गई है। पुलिस महकमे में हुए इस बदलाव को जिले की कानून-व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# बिजली बिल सुधार को लेकर विशेष शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम के अंतर्गत 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक विशेष विद्युत विपत्र सुधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को अंचल के अधीन सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडलों एवं अवर प्रमंडल कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को दूसरे दिन भी बिक्रमगंज सहित सभी अवर प्रमंडल कार्यालयों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर गलत मीटर रीडिंग, औसत बिल, अधिक बिल, बकाया राशि, मीटर संबंधी समस्या एवं अन्य विद्युत विपत्र से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। प्राप्त शिकायतों की नियमानुसार जांच कर यथासंभव मौके पर ही अथवा उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया गया जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय-सीमा में निष्पादित कराने की प्रक्रिया अपनाई गई। शिकायतों के निष्पादन की स्थिति से संबंधित उपभोक्ताओं को भी अवगत कराया जाएगा। साथ ही शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन का समुचित रिकॉर्ड रखा जा रहा है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने कहा कि उपभोक्ताओं की विद्युत विपत्र संबंधी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान विभाग की प्राथमिकता है। विशेष शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके निकटतम विद्युत कार्यालय में ही अपनी समस्याएं दर्ज कराने और उनके समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे 22 अगस्त तक निर्धारित कार्य दिवसों में अपने निकटतम विद्युत कार्यालय में आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर विद्युत विपत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान कराएं तथा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस विशेष सुविधा का लाभ उठाएं।

# मां ताराचंडी के दरबार में रौनियार वैश्य समाज ने चढ़ाई चुनरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम स्थित मां ताराचंडी के दरबार में रौनियार वैश्य समाज की ओर से अध्यक्ष यमुना प्रसाद के नेतृत्व में चुनरी चढ़ाई गई। इस दौरान समाज की सुख-समृद्धि, एकता और सभी लोगों के कल्याण के लिए मां ताराचंडी से आशीर्वाद एवं मंगलकामनाएं मांगी गईं। इस अवसर पर कृष्णनंदन प्रसाद, रामजी प्रसाद, डॉ. बलराम प्रसाद, संतोष प्रसाद, शिव पूजन प्रसाद, शशि प्रसाद, जगन्नाथ प्रसाद, मोनू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शिवजी प्रसाद, जीवन प्रसाद, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने मां ताराचंडी की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# पुराने जमीन विवाद ने फिर ली हिंसक शक्ल, मां-बेटी से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम काबर में सोमवार की सुबह जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष की 63 वर्षीय वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर प्रथम पक्ष की नेहा कुमारी, पिता विजय मिश्रा ने मंगलवार को आंती थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। नेहा ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष की किरण देवी, पति विद्यानंद दीक्षित ने गाली-गलौज करते हुए उनकी मां के साथ मारपीट की। मारपीट में उनकी मां को गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। इस मामले को लेकर पहले भी कई बार पंचायत और बैठकें हुईं तथा फैसला भी हुआ, लेकिन दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति नहीं बन सकी। इसी रंजिश के कारण सोमवार को विवाद फिर बढ़ गया और मारपीट की नौबत आ गई। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा समाचार लिखे जाने तक थाना में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि एक पक्ष का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम के तहत गया जिले की विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार सरकार की अभिनव पहल के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित तथा समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित किए जाने वाले 'सहयोग शिविर' के तहत आज गया जिले के चिन्हित विभिन्न पंचायतों में शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिलास्तरीय/प्रखंडस्तरीय पदाधिकारीगण संबंधित पंचायतों में आयोजित शिविर में सम्मिलित हुए तथा आमजनों से संवाद स्थापित किया। बिहार सरकार आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालयों का चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन कर रही है। सहयोग शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाना है जिसके निष्पादन के लिए 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित है, निराकरण निर्धारित अवधि के भीतर किया जाएगा तथा समय-सीमा का अनुपालन नहीं करने वाले पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार के 'सात निश्चय-3' के महत्वपूर्ण अवयव 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के तहत सरकार आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सीधे पंचायत स्तर तक पहुंच रही है। वहां उपस्थित सभी लोगों से अपील की गयी कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को सहयोग शिविर के माध्यम से दर्ज कराकर इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाएं। सहयोग शिविर में आवेदन देने के अतिरिक्त नागरिक सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी अपनी शिकायतें एवं आवेदन ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है जहां से आवेदन की स्थिति की निगरानी भी की जा रही है। शिविर के दौरान पूर्व में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों के लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा कई लाभार्थियों को जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, निःशक्तता प्रमाण-पत्र, रैयतों के बीच प्रपत्र 7 पर्चा वितरण सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्वीकृतियों एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया। सहयोग शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आमजन की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त किए गए तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गोह-गया मुख्य मार्ग पर कौड़िया गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सिद्धनाथ कुमार 20 वर्ष, पिता स्व. दीना यादव और अंकित कुमार 18 वर्ष, पिता रामसेवक यादव, दोनों कोंच डीह गांव के निवासी हैं। दोनों गया में मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत सीएचसी कोंच अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना पर ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा कर अहियापुर के पास उसे पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

# 'ऑपरेशन विधि पालक' अभियान के तहत युवाओं और स्कूली बच्चों को किया जा रहा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** बिहार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन विधि पालक' अभियान के तहत युवाओं और स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उत्क्रमिक मध्य विद्यालय धमौल, थाना-कुर्था, (अरवल) के महिला पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा जागरूक किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखना, मानव तस्करी व बाल श्रम के खिलाफ सजग करना और महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की विस्तृत जानकारी देना है।

# चोरी की ई-रिक्शा बेचने जा रहे थे कबाड़ में, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-219 पर भुआलपुर गांव के समीप वाहन जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की ई-रिक्शा को कबाड़ में बेचने जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, उसका साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चोरी की ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार युवक को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस गश्ती के दौरान भुआलपुर गांव के समीप एनएच-219 पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान ई-रिक्शा पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर वाहन सड़क पर छोड़कर भागने लगे। सशस्त्र बलों के सहयोग से पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार युवक की पहचान भभुआ वार्ड संख्या दो स्थित हनुमान मंदिर निवासी विनोद कुमार गुप्ता के 19 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। वहीं, फरार युवक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के बौरई गांव निवासी सुंदर कुमार बिंद के रूप में हुई है। पुलिस ने रवि कुमार से पूछताछ की तो उसने बताया कि बरामद ई-रिक्शा चोरी की है। दोनों युवक इसे कबाड़ में बेचने के लिए ले जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने ई-रिक्शा को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक का मोबाइल नंबर निकाला गया और उससे संपर्क किया गया। वाहन मालिक ने पुलिस को बताया कि ई-रिक्शा उसके पास ही है। जांच के दौरान ई-रिक्शा की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ किये जाने की बात भी सामने आयी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस फरार युवक सुंदर कुमार बिंद की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस मामले में ई-रिक्शा चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।


**कार्यालय :- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
सदर अस्पताल परिसर, पलामू - 822101

**निविदा से आमंत्रण का स्थगन**

इस कार्यालय के पत्रांक– 272, दिनांक–06.08.2026 द्वारा निर्गत निविदा संख्या– 386804 (PR 386804 Palamu 26-27 D) को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। राज्य मुख्यालय से DRE एवं आवश्यक मार्ग दर्शन प्राप्त होने के उपरान्त आंशिक संशोधन के साथ पुनः निविदा प्रकाशित की जा सकती है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 387817 District(26-27)#D

**कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा**
**ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/04/2025-26 Re (3rd Call)**
CORRIGENDUM-1 (शुद्धिपत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/04/2025-26 Re (3rd Call), PR-386605 Rural Development(26-27).D के कंडिका क्रमांक 02 एवं 03 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है जो निम्नांकित है –

- क्रमांक–02 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय–दिनांक–18.08.2026, समय 05:00 बजे अपराह्न तक के स्थान पर दिनांक–27.08.2026 समय अपराह्न 05:00 बजे तक पढ़ा / समझा जाय।
- क्रमांक–03 पर अंकित निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–20.08.2026, समय 03:00 बजे अपराह्न के स्थान पर दिनांक–29.08.2026 समय 03:00 बजे अपराह्न पढ़ा / समझा जाय।
- आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्ववत् बनी रहेंगी।

जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 387813 Rural Development(26-27)D

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/10 दिनांक- 18.08.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026**
**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में BCECE-2026 (PCM / PCM of PCMB Group) की मेधासूची के आधार नामांकन हेतु Round-2 Online Counselling से सम्बन्धित सूचना**

1. **बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026** के PCM / PCM of PCMB कोर्स ग्रुप आधार पर राज्य के अभियंत्रण पाठ्यक्रमों में प्रथम चक्र की Online Counselling उपरांत रिक्त रह गई सीटों पर नामांकन हेतु विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/08 दिनांक- 25.07.2026 के माध्यम से Online 2nd Round Counselling से संबंधित कार्यक्रम की सूचना दी गयी थी, जिसके आधार पर **Round-2 Provisional Seal Allotment Result दिनांक 12.08.2026 को प्रकाशित कर आवंटित अभ्यर्थियों का Document Verification एवं Admission प्रक्रिया दिनांक 13.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक पूरी की गई थी।** कतिपय अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में जाँचोपरांत 2nd Round Provisional Seat Allotment Result में कुछ त्रुटियाँ पाई गई, जिस कारण Round-2 Provisional Seat Allotment Result को संशोधित किया गया है। संशोधित Round-2 Provisional Seat Allotment Result में पाया गया कि;

(i) कुल 31 अभ्यर्थी जो पूर्व के Result में सम्मिलित थे, संशोधित Result में उनका संस्थान अथवा ब्रांच अथवा आवंटित कोटि अथवा आवंटन Remarks में बदलाव हुआ है। ऐसे सभी 31 अभ्यर्थियों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-A" के रूप में पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर इस विज्ञापन के साथ संलग्न है।

"Annexure-A" सूची में सम्मिलित अगर कोई भी अभ्यर्थी BCECE (PCM / PCM of PCMB)-2026 के 2nd Round की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में नामांकित हैं और संशोधित Result में उनका दूसरा संस्थान अथवा दूसरा ब्रांच आवंटित हुआ है, वैसे सभी अभ्यर्थी अपना Document नामांकित संस्थान से वापस ले लें तथा पूर्व के Document Verification Slip के साथ Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर दिनांक 24.08.2026 से 25.08.2026 तक जाकर Document Verification / Admission की प्रक्रिया पूरी करेंगे। साथ ही, वैसे अभ्यर्थी जिनका संस्थान तथा Branch same रहा है परन्तु allotment remarks में परिवर्त्तन हुआ है, वे भी उक्त अवधि में अपने संस्थान में जाकर पुन: Document Verification की प्रक्रिया पूरी करा कर नामांकन लेंगे। अभ्यर्थी अपने नये संस्थान में, **पूर्व नामांकित संस्थान से प्राप्त शुल्क रसीद लेकर नये आवंटित संस्थान में जायेंगे और इसी रसीद पर उनका नामांकन होगा।**

(ii) संशोधित 2nd Round Provisional Seat Allotment Result में कुल 5 नये अभ्यर्थी का आवंटन हुआ है जिनकी सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-B" के रूप में पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर इस विज्ञापन के साथ संलग्न है।

ऐसे सभी अभ्यर्थी जो "Annexure-A" एवं "Annexure-B" की सूची में सम्मिलित हैं, को निदेश दिया जाता है कि वे सभी पर्षद के Website पर उपलब्ध Link "Online Portal of BCECE-2026" पर click कर अपने Account में login करें तथा Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Order Download कर प्राप्त कर लें तथा दिनांक 24.08.2026 से 25.08.2026 तक की अवधि में Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर जाकर Document Verification एवं Admission की प्रक्रिया पूरी करें।

उपरोक्त वर्णित दोनों प्रकार की सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में पुन: Document Verification एवं नामांकन करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा एवं उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।

(iii) BCECE (PCM / PCM of PCMB)-2026 के Round-2 Provisional Seat Allotment Result में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 5 अभ्यर्थी Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Result से बाहर हो गये हैं अर्थात उनका आवंटन रद्द हो गया है, जिस कारण अगर वे अपने पूर्व आवंटित सीट पर नामांकित हैं तो उनका नामांकन भी रद्द हो गया है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-C" के रूप में पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर इस विज्ञापन के साथ संलग्न है। **ऐसे अभ्यर्थी अपना मूल अभिलेख नामांकित संस्थान से वापस ले लेंगे।**

2. BCECE (PCM / PCM of PCMB)-2026 **के लिए Revised Online Round-2 Seat Allotment Result / Document Verification & Admission से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं; (केवल "Annexure-A" एवं "Annexure-B" की सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के लिए)**

| क्र. | कार्यक्रम | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | Revised 2nd Round provisional seat allotment Result publication date | 18.08.2026 |
| ii. | Downloading of Revised Provisional Seat Allotment order for 2nd Round | 18.08.2026 to 25.08.2026 |
| iii. | Document Verification and Admission for Revised 2nd Round | 24.08.2026 to 25.08.2026 |

3. **2nd Round Counselling** का दिनांक 12.08.2026 को प्रकाशित **Rround-2 Provisional Seat Allotment Result एवं Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Result पर्षद के website पर उपलब्ध है। वैसे अभ्यर्थी जिनका दिनांक 12.08.2026 को प्रकाशित Round-2 Provisional Seat Allotment Result तथा दिनांक 18.08.2026 को प्रकाशित Revised Round-2 Provisional Seat Allotment Result में अगर किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है एवं वे दिनांक** 13.08.2026 से 14.08.2026 **तक की अवधि में Document Verification कराते हुए नामांकन ले लिए हैं, उन्हें पुन: Document Verification करवाने की आवश्यकता नहीं है, उनका नामांकन यथावत् रहेगा।**

4. विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/08 दिनांक- 25.08.2026 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड के खरांट पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" का शुभारंभ जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा संचालित सहयोग शिविर आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की एक प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले की पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा "सहयोग पोर्टल" भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के स्वीकृति पत्र तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र का वितरण किया।

सिरदला प्रखंड के सिरदला, गोविंदपुर प्रखंड के गोविंदपुर, फकीरबरावां प्रखंड के कोनन्दपुर, कौआकोल प्रखंड के दरावां, अकबरपुर प्रखंड के कुलना, वारिसलीगंज प्रखंड के अपसढ़, रजौली प्रखंड के लेंगुरा, नरहट प्रखंड के सैदापुर गोवासा, हिसुआ प्रखंड के कैथिर, मेसकौर प्रखंड के अकड़ी पाण्डेय बिगहा, रोह प्रखंड के ओहारी, नारदीगंज प्रखंड के डोहरा तथा काशीचक प्रखंड के रेवरा जगदीशपुर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया गया तथा स्वीकृत मामलों के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में संबंधित वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित रहे।

# अरहर उत्पादन में आत्मनिर्भरता को लेकर केवीके ने कराया सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रत्यक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा की ओर से मंगलवार को प्रखंड के बरौन गांव में समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अरहर (तूर) की फसल में सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग का प्रत्यक्षण कराया गया। इसका उद्देश्य जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम के दौरान कुल 75 एकड़ क्षेत्र में अरहर फसल के प्रत्यक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने खेतों में लगी अरहर की फसल का निरीक्षण कर किसानों को फसल प्रबंधन से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चावल विकास निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार के डॉ. अरविंद कुमार ने किसानों को अरहर उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील की। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधान अरविंद कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने दलहन फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए तकनीकी जानकारी देने के साथ आवश्यक कृषि उपादानों का वितरण भी किया। कार्यक्रम के समन्वयक विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य) रविकांत चौबे ने अरहर की फसल में सूक्ष्म पोषक तत्वों की सही मात्रा एवं उचित समय पर प्रयोग की बारीकियों से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने संतुलित पोषण प्रबंधन से फसल की वृद्धि एवं उत्पादन क्षमता में सुधार की जानकारी दी।कार्यक्रम में केवीके के विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) अंगद कुमार एवं कार्यक्रम सहायक (मृदा) अनिल कुमार की भी सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान स्थानीय क्षेत्र के करीब 75 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अरहर उत्पादन में वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## एक नजर

### जैन मंदिर में ताला तोड़ चोरी

**नवादा।** नवादा जिलांतर्गत हिसुआ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में बीती देर रात्रि चोरों ने धावा बोल मंदिर परिसर में रखे कई सामानों की चोरी कर ली। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 17-18 अगस्त, 2026 की देर रात्रि में नवादा जिलांतर्गत हिसुआ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बारे में खुलासा तब हुआ, जब मंगलवार को प्रातःकालीन बेला में स्थानीय समाज के कुछ लोग दैनिक पूजा-अर्चना हेतु मंदिर परिसर में पहुंचे। अवलोकन करने पर पता चला कि बीती रात्रि में चोरों द्वारा मंदिर परिसर में रखे लोहे की छड़, ग्रील एवं बिजली के तार आदि सामानों की चोरी की गई है। जानकारी होने पर इसकी तत्काल सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दे दी गई है। घटना के बाद स्थानीय जैन समाज में रोष है। इस संबंध में श्री दिगम्बर जैन मंदिर के मंत्री रंजीत कुमार जैन ने हिसुआ थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी हुए सामानों की बरामदगी व चोरों को चिन्हित कर उसे सख्त दंड दिलाने जाने के साथ ही मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### आर्य समाज के नियम-उपनियम पर संगोष्ठी

**नवादा।** नवादा जिला आर्य सभा के तत्वावधान में 16 अगस्त 2026 को आर्य समाज नवादा के प्रांगण में आर्य समाज के नियम एवं उपनियम विषय पर एक दिवसीय भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें नवादा जिले के विभिन्न आर्य समाजों के प्रतिनिधियों के साथ जमुई, नालंदा, शेखपुरा, गया, जहानाबाद एवं पटना से आए आर्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में आर्य समाज के नियम एवं उपनियमों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उपायों पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य वक्ता के रूप में गोरखपुर से पधारे कृष्ण शास्त्री जी एवं पटना के आचार्य संजय सत्यार्थी ने अपने विचार रखे। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा से आए सुनील कटारा ने भी आर्य समाज के संगठनात्मक विकास एवं नियमों के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान सत्यनारायण आर्य ने की, जबकि जिला मंत्री कुंदन आर्य ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। विभिन्न आर्य समाजों से आए प्रबुद्ध आर्यजनों ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत कर संगोष्ठी को सफल बनाया।

### 23 अगस्त को लगेगा निःशुल्क चिकित्सीय शिविर

**कौआकोल।** इंटर विद्यालय कौआकोल परिसर में आगामी 23 अगस्त को निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कान, नाक एवं गला तथा आंख से संबंधित रोगों की जांच एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।समाजसेवी सह कौआकोल पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद ने बताया कि शिविर में इएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आदित्य कौशल एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में कान, नाक, गला एवं आंख से संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों की निःशुल्क जांच कर उनका उपचार किया जाएगा तथा मरीजों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की भी निःशुल्क जांच की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ उठाने की अपील की।

### तीन बच्चों को छोड़ 15 दिनों से लापता है महिला

**हिसुआ (नवादा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र से ममता देवी नामक महिला पिछले 15 दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। वह सास-ससुर को खाना खिलाकर खेत भेजने के बाद अपने दो बेटों और एक बेटी को घर पर ही छोड़कर कहीं चली गई।परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो मामले की सूचना हिसुआ थाना पुलिस को दी गई। ममता के पति बिक्की यादव मुंबई में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वे घर लौटे और अपने स्तर से खोजबीन शुरू की। ससुर कैलाश यादव ने झारखंड के जगदीशपुर बासोडीहा निवासी अपने समधी प्रमोद यादव सहित मायके पक्ष से संपर्क साधा, लेकिन वहां भी उसके पहुंचने की पुष्टि नहीं हुई।

# दरावां पंचायत के सहयोग शिविर में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के दरावां पंचायत अंतर्गत पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला के योजना पदाधिकारी सह प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारी विनय कुमार, बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, सीओ चंदन चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, बीइओ अजित कुमार, मनरेगा पीओ असलम हुसैन आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर राशन कार्ड,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,आवास योजना,आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए कई मामलों का तत्काल समाधान किया,जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी विनय कुमार ने निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र तथा नए राशन कार्ड पात्र लाभुकों के बीच वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के पहुंचे। इसके लिए प्रशासन लगातार पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है।

# सांसद विवेक ठाकुर ने राज्यपाल से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बिहार लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से शिष्टाचार मुलाकात कर नवादा में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई जल्द से जल्द शुरू कराने का आग्रह किया। साथ हीं सांसद ने राज्यपाल को नवादा में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने को लेकर पिछले दो सालों में हुए घटनाक्रम से भी अवगत कराया। सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में नवादा जिला के किसी भी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई नहीं होती है। छात्र-छात्राओं को पीजी की पढ़ाई के लिए आज भी मगध विश्वविद्यालय, गया जाना पड़ता है। जिससे उन्हें विशेषकर लड़कियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद विवेक ठाकुर ने राज्यपाल से नवादा जिला स्थित के. एल. एस. कॉलेज नवादा, टी. एस. कॉलेज हिसुआ तथा एस. एन. सिन्हा कॉलेज वारिसलीगंज में अविलंब स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने का आग्रह किया। राज्यपाल ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए नवादा में अविलंब स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया है।

# मच्छर भगाने के लिए लगाया था धुआं, अगलगी में तीन मवेशी मरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अमावां पूर्वी पंचायत अंतर्गत मलियातरी गांव में मच्छर भगाने के लिए लगाए गए धुएं से सोमवार रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में एक किसान की गौशाला जलकर राख हो गई और दो गर्भवती समेत तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मलियातरी गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार ने सोमवार शाम को मच्छरों से बचाव के लिए अपनी गौशाला के समीप धुआं करने के उद्देश्य से आग जलाई थी। उसी समय अचानक तेज हवा चलने लगी और आग की चिंगारी पुआल से बनी गौशाला की छत तक पहुंच गई। देखते ही देखते पूरी गौशाला आग की चपेट में आ गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। गौशाला में बंधी दो गाय और एक भैंस आग में बुरी तरह झुलस कर मर गईं। मरने वालों में 8 महीने की गर्भवती एक भैंस और 7 महीने की गर्भवती एक गाय भी शामिल हैं। इसके अलावा एक दुधारू भैंस भी जलकर मर गई। हादसे में गौशाला में बंधा एक गाय का बछड़ा घायल हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही किसान ने इसकी जानकारी अंचलाधिकारी को दी। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि आगलगी में तीन मवेशियों के जलकर मरने की सूचना प्राप्त हुई है। मंगलवार को जांच के लिए पशु चिकित्सालय के डॉ. रेशु कुमार को घटनास्थल पर भेजा गया। डॉ. रेशु ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि जांच में स्पष्ट हुआ है कि तीनों पशुओं की मौत आग लगने के कारण ही हुई है। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट अंचलाधिकारी को सौंप दी है। अंचलाधिकारी ने कहा कि पशु चिकित्सक की जांच रिपोर्ट और थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीड़ित किसान को सरकारी नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को जल्द से जल्द सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## नालंदा

# सिर्फ शिविर लगाने से नहीं होगा समस्याओं का समाधानः डीडीसी

### शिविर में अधिकारियों की कार्यशैली देख नाराज हुई डीडीसी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राज्य सरकार के निर्देश पर महीने के पहले और आखिरी मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के तहत मंगलवार को रहुई प्रखंड की हवनपुरा और सोंनसा पंचायत में शिविर लगाया गया। इसमें शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, भूमि विवाद, सहकारिता, पीएम आवास, छात्रवृत्ति समेत विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त सारा असरफ भी पहुंचीं। शिविर में अधिकारियों की कार्यशैली देखकर डीडीसी नाराज नजर आईं। उन्होंने खुले मंच से अधिकारियों को सहयोग शिविर का वास्तविक उद्देश्य समझाते हुए कहा कि सिर्फ शिविर लगा देने से जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। अधिकारियों को ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी पहुंचानी होगी, ताकि जरूरतमंद लोग उनका लाभ उठा सकें।डीडीसी ने कहा कि आज भी मजदूर और गरीब तबके के कई लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में हर व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं है। ऐसे में अधिकारी और कर्मी खुद लोगों से आवेदन लें और जरूरत पड़ने पर उसे ऑनलाइन कराने में मदद करें।उन्होंने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि हम अमेरिका और यूरोप में नहीं, बल्कि भारत में हैं, जहां आज भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन प्रक्रिया से अनजान हैं। इसलिए योजनाओं का लाभ दिलाने में अधिकारियों को खुद पहल करनी होगी।वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के देर से पहुंचने पर डीडीसी ने नाराजगी जताते हुए उन्हें फटकार लगाई और समय पर शिविर में उपस्थित रहने की हिदायत दी।

# मिड डे मील खाने से 34 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



### दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा।** नूरसराय प्रखंड के मध्य विद्यालय परासी में मंगलवार को मिड डे मील का भोजन खाने के बाद करीब 34 छात्र-छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों की हालत खराब होते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी बच्चों को बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और डॉक्टरों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि मिड डे मील परोसने में चूक कहां हुई, इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। प्रथम दृष्टया भोजन की गुणवत्ता और लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने चिकित्सकों को बच्चों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया और अभिभावकों से घबराने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को जिले के सभी स्कूलों में मिड डे मील की औचक जांच कराने तथा रसोइयों को साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इस दौरान सिविल सर्जन, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

### मंत्री ने 19 दलित परिवारों को बांटे जमीन के पर्चे



**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने प्रखंड के कोलवाबाद दलित टोला में 19 लाभुकों को जमीन के पर्चे वितरित किए। इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। मंत्री ने मेयार गांव की सुदमिया देवी, पिंकी देवी, मुन्नी देवी, शरमणी देवी, शकुन्ता देवी, संजु देवी, पिंकी, रमनी देवी व लालती देवी को 3-3 डिसमिल जमीन के पर्चे सौंपे। वहीं, किरण देवी को 2.86, लालति देवी व सिया देवी को 2.41-2.41, राजकुमारी देवी को 2.35, चांदो देवी को 1.79, रिंकी देवी को 1.75, सरीफा देवी को 1.70, रामरती देवी को 1.5625 तथा जीरा देवी व मालो देवी को 1.5-1.5 डिसमिल के पर्चे दिए गए। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की एनडीए सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। 'सात निश्चय' योजना और सड़क निर्माण से गांवों की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं, जिससे राजगीर को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। जीविका योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। कार्यक्रम में प्रमुख रानी देवी, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जयराम सिंह, राकेश कुमार, अजीत कुमार वर्मा, स्थानीय एसडीओ, बीडीओ और सीओ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य उपकेंद्रों में बायोमेट्रिक व्यवस्था होने तक रजिस्टर की हाजिरी पर वेतन देने की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, नालंदा के एक सामूहिक शिष्टमंडल ने मंगलवार को सिविल सर्जन, नालंदा के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के सचिव, बिहार सरकार, पटना को 25 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलामंत्री संजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आपातकालीन 24×7 सेवा प्रदान करने वाला विभाग है। स्वास्थ्य उपकेंद्रों में कार्यरत महिला स्वास्थ्यकर्मियों को उपकेंद्र से 8 से 10 किलोमीटर तक दूर जाकर टीकाकरण, जच्चा-बच्चा सुरक्षा, यक्ष्मा एवं फाइलेरिया की दवा वितरण, पल्स पोलियो अभियान सहित आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करानी पड़ती हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत सरकार भवन जाकर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने मांग की कि जब तक सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति पंजी में दर्ज हाजिरी के आधार पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। रितेश कुमार और कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि संघ की 25 सूत्री मांगों में सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने, राज्य संवर्ग के कर्मियों को मातृत्व अवकाश, एमएसीपी, स्वच्छता प्रमाण पत्र एवं अन्य अवकाश की स्वीकृति पूर्व की भांति निदेशालय के बजाय सिविल सर्जन, अधीक्षक और प्राचार्य स्तर से कराने के लिए आदेश जारी करने तथा संविदा कर्मियों की सेवा नियमित करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल है। ज्ञापन सौंपने वाले शिष्टमंडल में अमरेंद्र कुमार, अमरजीत कुमार, रंजन कुमार, विष्णुकांत, अनुपमा कुमारी, नीलम कुमारी, रेणु कुमारी, निर्मला कुमारी सिन्हा, अवंती कुमारी, अनीता कुमारी, सुलेखा सिन्हा, गीता कुमारी, ललिता कुमारी और प्रनीता कुमारी समेत प्रखंड, अनुमंडल और जिला शाखा के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संत रविदास के संदेशों को घर-घर पहुंचाने का भाजपा ने लिया संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भाजपा नालंदा जिला की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय, मेहनौर में समरसता संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप ने किया। सम्मेलन की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान उनके जन्मस्थल से लाई गई पवित्र मिट्टी से भरे कलश का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नमन किया। जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों को कलश सौंपते हुए निर्देश दिया कि पवित्र मिट्टी को जिले के प्रमुख मठ-मंदिरों तक ले जाकर सभी जाति-वर्गों की सहभागिता से पूजा-अर्चना की जाए। साथ ही मंदिरों के समीप गुरु रविदास जी के नाम पर पीपल, बरगद, नीम और बेल जैसे जीवनदायिनी पौधे लगाए जाएं। मुख्य अतिथि अनामिका पासवान ने कहा कि गुरु रविदास ने मानव समानता, सामाजिक समरसता और मानवता का संदेश दिया। उनके विचारों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मन चंगा तो कठौती में गंगा और जात-पात पूछे ना कोई... जैसे दोहों के माध्यम से समरसता का संदेश दिया गया। अंत में मिठाई वितरण कर समरस भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया।

### हिलसा के सात वार्डों में लगा सहयोग शिविर, 105 आवेदन प्राप्त

**हिलसा ।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत मंगलवार को हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 20 से 26 तक सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी गई और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर में नाली-गली निर्माण, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स, आवास योजना, जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, शिक्षा, बिजली कनेक्शन तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें कई मामलों का निस्तारण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। वहीं, अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों और आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कर्मियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, उपमुख्य पार्षद दुर्गा देवी, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, पप्पू यादव, नीतीश ठाकुर, राहुल कुमार, पंकज कुमार उर्फ मुना सहित वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8.360 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ब्राउन शुगर की 16 पुडिया बरामद की है।अस्थावां थानाध्यक्ष सत्यम कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सोमवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक मादक पदार्थ लेकर क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने कोनन्द गोबरबिगहा मोड़ के पास घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार किया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 16 पुडिया में रखा 8.360 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ।गिरफ्तार युवक की पहचान प्रदीप कुमार पिता कारू यादव, निवासी जहांगीरपुर, थाना अस्थावां, के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष सत्यम कुमार चंद्रवंशी समेत पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# देवघर जाने निकला हरनौत का 30 वर्षीय युवक लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत।** थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार स्थित वार्ड संख्या 17 के नियामतपुर मोहल्ले से देवघर जाने के लिए निकला 30 वर्षीय युवक लापता हो गया है। युवक के कई दिनों से घर नहीं लौटने के कारण परिजन चिंतित हैं और सुल्तानगंज, देवघर समेत अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर रहे हैं। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।लापता युवक की पहचान नियामतपुर मोहल्ला निवासी ब्रिज जमादार के 30 वर्षीय पुत्र लड्डू कुमार के रूप में हुई है। वार्ड पार्षद सुनील कुमार ने बुधवार की सुबह बताया कि लड्डू कुमार प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी देवघर जाने के लिए 7 अगस्त को अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। उसे सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर डाक बम के रूप में देवघर जाना था।बताया गया कि सुल्तानगंज पहुंचने के बाद से ही लड्डू कुमार के लापता होने की बात सामने आई। इसके बाद परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हैं। काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चलने से परिवार के लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका भी सता रही है।युवक के लापता होने की सूचना हरनौत थाना पुलिस के साथ देवघर पुलिस को भी दी गई है। परिजनों ने पुलिस से युवक की जल्द सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई

# घर में घुसकर मोबाइल सहित 80 हजार नकदी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर।** इस्लामपुर नगर के मलिकसराय मोहल्ले में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर आलमारी और बक्से का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर में रखे करीब 80 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीडित गृहस्वामी ने इसलामपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। पीडित मलिकसराय मोहल्ला निवासी राजेश जैन ने बताया कि उनका पुराना मिट्टी का मकान था, जिसे तोड़वाकर नया मकान बनवाया जा रहा है। निर्माण कार्य के कारण पूरा परिवार पुराने मकान के एक ही कमरे में रह रहें है। सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य उसी कमरे में सोए थे। देर रात उनकी पत्नी सोनी देवी बाथरूम जाने के लिए उठीं तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला।घर के अंदर आलमारी और बक्से का ताला टूटा देखकर उन्होंने शोर मचाकर परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 80 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।घटना की सूचना मिलने के बाद पीडित ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया।

# गयाजी में करोड़ों की शहरी विकास योजनाओं को मिली गति

## विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत गयाजी नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाला निर्माण से संबंधित विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 34, गेवाल बिगहा महादलित टोला में 24 लाख 28 हजार 115 रुपये की लागत से बनने वाले पहुंच पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इसी क्रम में उन्होंने वार्ड संख्या 46, अशोक बिहार कॉलोनी में 16 लाख 26 हजार 664 रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। नाला निर्माण से जल निकासी की समस्या का समाधान होने के साथ-साथ बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव से भी लोगों को राहत मिलेगी। वार्ड संख्या 45, दण्डीबाग में डॉ. प्रेम कुमार ने 89 लाख 47 हजार 686 रुपये की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं इसी वार्ड के मयूर बिहार कॉलोनी रोड नंबर-05 में 8 लाख 14 हजार 595 रुपये की लागत से पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी के शहरी क्षेत्रों में सड़क, नाला, जल निकासी एवं मूलभूत नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। योजनाओं के पूर्ण होने के बाद आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। गयाजी को स्वच्छ, सुंदर, सुगम और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, ताकि शहर के नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, जल निकासी एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सके।




# पहाड़ी घाटी से एके-47 की मैगजीन समेत कई जिंदा कारतूस बरामद

## सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** गयाजी जिले के अति नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान लगातार जारी है। छकरबंधा थाना क्षेत्र के बरहा घाटी में कर्म स्थान के समीप सीआरपीएफ 47वीं बटालियन बी कंपनी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एरिया डोमिनेशन के दौरान हथियारों में इस्तेमाल होने वाले कारतूस और एके-47 की खाली मैगजीन बरामद की है। घने जंगल और पहाड़ी इलाके में हुई इस बरामदगी के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान और तेज कर दिया है। बताया जाता है कि नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से छकरबंधा थाना क्षेत्र के जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में लगातार एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीआरपीएफ 47वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बरहा घाटी के कर्म स्थान के आसपास के दुर्गम इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान सुरक्षाबलों की नजर जंगल में संदिग्ध तरीके से छिपाकर रखे गए सामान पर पड़ी। जांच करने पर वहां से अलग-अलग हथियारों में इस्तेमाल होने वाले कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में छकरबंधा थानाध्यक्ष शमशेर आलम ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार सर्च ऑपरेशन के दौरान बरहा के जंगली एवं पहाड़ी घाटी क्षेत्र से सीआरपीएफ 47वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस के सहयोग से एके-47 की एक खाली मैगजीन बरामद की गई है। इसके अलावा एके-47 का एक जिंदा कारतूस, एसएलआर का एक जिंदा कारतूस एवं एक डीडी कारतूस, इंसास रायफल का एक जिंदा कारतूस, नौ एमएम पिस्टल का एक जिंदा कारतूस तथा 12 बोर रायफल का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।



# जदयू कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला जदयू कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जदयू अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने की जबकि संचालन जिला प्रवक्ता जितेन्द्र पंडित प्रजापति ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अजय कुशवाहा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और अदम्य देशभक्ति का प्रतीक है। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के उनके नारे ने देश के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणापुंज है और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश व समाज की सेवा करनी चाहिए। सभा में कार्यकर्ताओं ने नेताजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धनंजय शर्मा, अरुण कुमार राव, कैलाश पासवान, दिनेश प्रसाद सिन्हा, पूनम कुशवाहा, विनोद कुमार, पप्पू दांगी, रामलखन स्वर्णकार, लालजी प्रसाद, सबिहुल बाकी प्रिन्स, शिव शंकर दास, मुनेशर प्रसाद, सियाराम मिश्रा, बबलू चौधरी, अलका सिंह और सुनीता देवी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर जागरूकता कार्यक्रम 20 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के उद्देश्य से 20 अगस्त 2026 को हरिदास सेमिनरी प्रेक्षागृह, गया में सोलर से संबंधित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने, योजना के लाभ, सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया, सोलर प्लांट की स्थापना एवं रख-रखाव तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली बिल में होने वाली बचत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में संबंधित विभागीय पदाधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, सोलर एजेंसी के प्रतिनिधि एवं लाभुकों की सहभागिता रहेगी। विशेषज्ञों द्वारा आम लोगों को रूफटॉप सोलर सिस्टम के उपयोग से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग विद्युत प्रमंडल शहरी गया आजाद कुमार सिंह द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्राप्त करें तथा योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों पर सोलर प्लांट स्थापित कर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा दें।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह मुख्य पथ पर स्थित थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव के पास सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल एक युवक की गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कोंच बाजार की अहीर टोली निवासी स्व. दीना यादव का 22 वर्षीय पुत्र सीधा यादव उर्फ सिद्धनाथ कुमार था। जानकारी के अनुसार 17 अगस्त को सीधा अपने साथी अंकित कुमार, (18) के साथ मजदूरी करने गया गया था। काम निपटाकर दोनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कौड़िया गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचते ही सीधा वे दम तोड़ दिए। वहीं दूसरे घायल अंकित कुमार की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश यादव ने बताया कि सीधा रविवार को ही बैजनाथ धाम से लौटा था और सोमवार से फिर मजदूरी पर गया था। पिता दीना यादव के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी।

# कोंच में सहयोग शिविर, एडीएम के नहीं पहुंचने पर ग्रामीण नाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के परसावां, चबुरा, अदई, श्रीगांव एवं कुरमावां पंचायत में मंगलवार को सरकार की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सुदूरवर्ती पंचायतों में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निपटारा करना था। परसावां पंचायत में लगे शिविर में टिकारी अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी इष्टदेव महादेव, डीएसपी रामपुर सर्किल इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ चंदन कुमार, बीपीआरओ अभिषेक कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार, एसआई शोहराब अली सहित कई पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। सभी पांचों पंचायतों के मुखिया भी शिविर में शामिल हुए। ग्रामीणों ने भूमि-विवाद, नल-जल, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य और सड़क से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों से त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। परसावां मुखिया दिलीप कुमार ने कहा शिविर से लोगों को राहत मिली है, लेकिन जिला स्तर के पदाधिकारी भी आएं तो लंबित काम जल्द होंगे। श्रीगांव मुखिया कलावती कुमारी ने स्वास्थ्य और पेंशन की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। श्रीगांव उप मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ लालू यादव ने मांग की कि हर पंचायत में नियमित शिविर लगे। चबुरा मुखिया संजय यादव ने कहा प्रखंड के अधिकारी तो आए, पर जिला के अधिकारी नहीं आने से कई मामले अधूरे रह गए। कुरमावां शिविर में जिला से एडीएम परितोष कुमार के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। लोगों ने कहा कि जिला स्तरीय समस्याओं के लिए उन्हें बार-बार मुख्यालय नहीं दौड़ना पड़े, इसलिए भविष्य के शिविरों में जिला और प्रखंड दोनों स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।



# भतीजे ने की तलवार से चाचा की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**वबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में सोमवार की रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई जहां एक भतीजा ने अपने ही चाचा की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बाबूलाल चौधरी 55वर्षीय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महेश चौधरी सोमवार दिनभर तलवार लेकर गांव में घूम रहा था और कथित तौर पर लोगों से कह रहा था कि वह आज बाबूलाल चौधरी को मार देगा। ग्रामीणों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन रात में मौका पाकर आरोपी ने अपने चाचा पर तलवार से हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# सशक्त स्थायी समिति की बैठक में मुख्य लिपिक को हटाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** नगर पंचायत खिजरसराय में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक मुख्य पार्षद रिंकू देवी की अध्यक्षता में गहमागहमी के बीच आयोजित हुई। बैठक में पूर्व की बैठक की संपुष्टि, आंतरिक आय से प्राप्त मद की राशि के खर्च, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत सहित विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान स्ट्रीट लाइटों के कम समय में खराब होने का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मति की जिम्मेदारी संबंधित संवेदक की है, लेकिन संवेदक द्वारा मरम्मति कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इससे नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर लाइटें खराब पड़ी हैं। जनप्रतिनिधियों ने संवेदक से शीघ्र मरम्मति कराने की मांग की। इसी दौरान मुख्य लिपिक महेंद्र प्रसाद गुप्ता के कार्यों को लेकर भी जनप्रतिनिधियों में नाराजगी सामने आई। उपमुख्य पार्षद स्वाति सिन्हा, सशक्त स्थायी समिति के तीनों सदस्यों एवं आठ वार्ड पार्षदों के संयुक्त हस्ताक्षर से कार्यपालक पदाधिकारी अंशुल पाण्डेय को आवेदन सौंपकर मुख्य लिपिक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई। आवेदन में जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि मुख्य लिपिक के कार्यों से कोई भी जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं है। उनकी बातों और सुझावों को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता तथा कई बार उनकी बातों को सुनने के बावजूद अनदेखा किया जाता है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि मुख्य लिपिक के मनमाने रवैये के कारण प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता प्रभावित हो रही है और जनहित से जुड़े कार्यों के निष्पादन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।



# संत रविदास की शिक्षाएं सामाजिक समरसता और समानता का मार्ग : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मानपुर स्थित खीरू धर्मशाला के रविदास मंदिर में भारतीय जनता पार्टी गया पूर्वी द्वारा आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती समारोह सह मंडल स्तरीय कलश वितरण समारोह में शामिल होकर संत रविदास को श्रद्धापूर्वक नमन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संत रविदास महान संत, समाज सुधारक, युगद्रष्टा और मानवतावादी महापुरुष थे। उनकी वाणी ने समाज को आत्मसम्मान, समानता, भक्ति, श्रम और मानवता का संदेश दिया। मनुष्य की पहचान जन्म से नहीं, बल्कि कर्म, आचरण, विचार और मानवता से होती है। उन्होंने कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' की वाणी अंतर्मन की पवित्रता और सदाचार का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास की रचना 'बेगमपुरा' ऐसे समतामूलक समाज की कल्पना करती है जहां भय, दुख, अन्याय और भेदभाव का स्थान न हो। उनका श्रम और आत्मसम्मान का संदेश आज युवाओं के लिए भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का संकल्प है जो संत रविदास के विचारों से सामंजस्य रखता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा मजबूत किए बिना विकास सार्थक नहीं हो सकता। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से संत रविदास के विचारों को आचरण में उतारने का आहवान किया। मौके पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राधा मोहन शर्मा, जिला अध्यक्ष विजय मांझी, नीरज निश्चल उर्फ मुन्नीलाल, संजय रविदास, देवानंद पासवान, कृष्णा साहू, सुधीर शर्मा और धीरेंद्र धीरू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहयोग शिविर टांय-टांय फिस्स



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखण्ड भाजपा अध्यक्ष राजदेव प्रसाद राजू ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सहयोग शिविर को टांय टांय फीस बताया। श्री राजू ने कहा कि दो मिनट के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक बरोरह पंचायत भवन एवं गुड़रू पंचायत के सहयोग शिविर सर्वोदय उच्च विद्यालय के सभागार में आये और चले गए। बरोरह पंचायत में अन्य विभागों के पदाधिकारी सहित मुखिया गायब रहीं मुखिया पति उपस्थित रहे। ऐसे में आम जन की समस्याओं का निदान कैसे होगा जब पदाधिकारियों द्वारा समय ही नहीं दिया जाएगा। वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संभव कुमार सिंह ने पूछे जाने पर बताया कि प्रखण्ड के दो पंचायतों में आज सहयोग शिविर लगा और मेरे द्वारा समस्याओं को सुनकर निदान किया गया है। यदि अध्यक्ष समय से पहले या बाद में आयेंगे तो मेरा क्या दोष।

# गुरुआ प्रखंड के चिलोर में सहयोग शिविर आयोजित, मामलों का मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड की चिलोर पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन की कार्रवाई की गई। शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित सबसे अधिक 64 मामले प्राप्त हुए। इसके अलावा आवास योजना के 6, शौचालय से संबंधित 6 तथा जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र से जुड़े 24 मामले आए। शिविर में कुल करीब 100 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 91 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में अंचलाधिकारी मनीष कुमार, बीडीओ नीरज कुमार, पंचायत राज पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, स्वच्छता प्रबंधक आशुतोष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों और कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान कराया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं और जनसमस्याओं के समाधान को पंचायत स्तर तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

# ताला तोड़ एक लाख नकद समेत साढ़े चार लाख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

इमामगंज। थाना क्षेत्र के किशुनिचक गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। परिवार तीन दिनों से पैतृक गांव में धान रोपनी के लिए गया हुआ था। इसी दौरान चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए और तीनों कमरों में रखे बक्सों व अलमारी को खंगालते हुए सोने-चांदी के आभूषण और करीब एक लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह जब परिवार घर लौटा तो चोरी का पता चला।


**कार्यालय,कृषि उत्पादन बाजार समिति,डालटनगंज (पलामू)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित बैंक भवन को समिति द्वारा बैंको/सरकारी संस्थाओं को समिति के राजस्व हित में आवंटित किया जाना है। बैंक भवन का कुल क्षेत्रफल 1715 वर्गफीट है तथा किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रति वर्गफीट की दर से प्रतिमाह निर्धारित है साथ ही उक्त बैंक भवन कहीं–कहीं से क्षतिग्रस्त है जिसे आवंटी द्वारा अपने व्यय से मरम्मति कराना होगा।

यदि कोई भी इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान उक्त बैंक भवन का मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैस बैंक/सरकारी संस्थानों से दिनांक – 22.08.2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जातें है।

इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान अपना–अपना आवेदन दिनांक– 22.08.2026 तक बाजार समिति, डालटनगंज के कार्यालय में कार्यालय समयावधि में समर्पित कर सकते है। उक्त बैंक भवन के मरम्मति हेतू खर्च की गई राशि किसी भी स्वरूप में बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा वापस नहीं की जाएगी एवं उक्त खर्च की गई राशि पर कोई दावा भी मान्य नहीं होगा।

प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त बैंक भवन के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति/पर्षद को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 387739 (District)26-27*D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

PR.NO. 387016 Urban Development(26-27):D के द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0 17/2026–27 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व से निर्धारित निविदा बिक्री की तिथि एवं निविदा प्राप्ति/खोलने की तिथि को संशोधित करते हुए निविदा बिक्री की तिथि दिनांक 21.08.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक, निविदा प्राप्ति की तिथि 22.08.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 22.08.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से निर्धारित की जाती है। शेष सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।

**इसे हद तक संशोधित समझा जाय।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 387759 Urban Development(26-27).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 04/2026-27/RWD/GARHWA    दिनांक – 17.08.2026

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | मझिआँव | RWD/GARHWA/14/2026-27 | भंडरिया सिवाना से मझिगांवा होते हुए कला चेचरिया तक पथ निर्माण कार्य। (4.50 कि0मी0) | 519.922 | पाँच करोड़ उन्नीस लाख बानबे हजार दो सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.09.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.09.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 387763 Rural Development(26-27).D

संपादकीय

# यह अति उत्साह बेमानी है

देश के प्रधान न्यायाधिपति जस्टिस सूर्यकांत और हैदराबाद लॉ यूनिवर्सिटी नालसार के छात्रों के हुए विवाद के बीच बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष एडवोकेट मनन मिश्रा के कूदने और इस पर उन्हें सीजेआई द्वारा लताड़ लगाने से साफ हो गया है कि एडवोकेट मिश्रा जबरन वफादारी दिखाने चले थे, जिसकी कि कोई आवश्यकता ही नहीं थी। सीजेआई ने कहा कि यह पूरी तरह से मेरे और नालसार छात्रों के बीच का मामला है। लेकिन इस पूरे मामले में बीसीआई का अति उत्साह किसी के गले नहीं उतर रहा है। दरअसल हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ़ लॉ के कुछ स्टूडेंट्स ने दीक्षांत समारोह में मुख्य न्यायाधीश को आमंत्रित करने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। इसके बाद बीसीआई, जिसके अध्यक्ष मनन मिश्रा हैं, ने गुरुवार को राज्य बार काउंसिलों को निर्देश दिया कि नालसार के 2026 बैच के किसी भी ग्रेजुएट का नामांकन न किया जाए। स्टूडेंट्स के इस अभियान पर आपत्ति जताते हुए, बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने नालसार के कुलपति से तीन दिनों के भीतर एक प्रामाणिक रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इसमें इसमें उन व्यक्तियों की पहचान करने की भी बात कही गई थी जिन्होंने ये अभियान शुरू किया था। बीसीआई के इस आदेश के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भी एक्स पर पोस्ट किया, 'क्या मनन मिश्रा का इस्तीफ़ा मांगने का वक्त आ गया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी लीगल कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा?' उसके बाद अभिजीत दिपके ने एक और पोस्ट कर मनन मिश्रा के इस्तीफ़े की मांग की। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने भी दिपके की इस पोस्ट को शेयर किया। मनन मिश्रा ने सीजेपी के इस स्टैंड पर कमेंट किया कि बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया का उद्देश्य भारत के युवाओं के हितों की रक्षा करना है। मैं अभिजीत दिपके और सौरव दास को यह संदेश देना चाहता हूं कि हमारे हित भी उनके जैसे ही हैं यानी छात्रों के हितों की रक्षा करना। जरूरत होगी तो मैं भी सीजेपी नेताओं से बात करूंगा। गौरतलब है कि मनन मिश्रा राज्यसभा में भाजपा से सांसद भी हैं। इसके पहले वो कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर हार चुके हैं। बाद में भाजपा में आ गए। बीसीआई की कार्रवाई पर सीजेआई सूर्यकांत ने गहरी नाराजगी जताई और कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि छात्रों को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का पूरा अधिकार है। इस मामले में बीसीआई बेवजह कार्रवाई कर रहा है। यह छात्रों और मेरे बीच के संवाद का मामला है। इसका बीसीआई से कोई लेना देना नहीं है। सीजेआई ने कहा कि जहां तक छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का प्रश्न है तो वह स्वयं भी छात्र गतिविधियों में शामिल रहे हैं। अगर छात्र गलत भी हैं तो उन्हें कौन रोक सकता है। सीजेआई की इस कड़ी टिप्पणी के बाद बीसीआई ने अपना आदेश वापस ले लिया। इस पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्र यादव ने कमेंट किया कि कैसे लोग कैसे बीसीआई चेयरमैन के पद तक पहुंच जाते हैं। बीसीआई के आदेश के बाद अब नालसार से 2026 में पढ़ाई पूरी करने वाले सभी छात्र अपनी पसंद के स्टेट बार काउंसिल में एनरोलमेंट के लिए आवेदन कर सकेंगे। सवाल यह है कि नालसार के सभी छात्रों का एनरोलमेंट रोकने का अधिकार बीसीआई को किसने दिया। सभी छात्र तो सीजेआई के विरोध में नहीं थे। अगर सुप्रीम कोर्ट वैसा कहता तो भी बात थी। खुद सीजेआई ने मामले को सदाशयता से लिया। फिर भी मनन मिश्रा वैसा आदेश जारी कर क्या सिद्ध करना चाहते थे। मालिक से ज्यादा स्वामीभक्ति दिखाना हमेशा सही नहीं होता।

# उम्मीद जगाते हैं जस्टिस जामदार जैसे न्यायाधीश

**इस पेपर लीक से देश के लगभग 22 लाख छात्र प्रभावित हुए और परीक्षायें बढ़ा दी गई थी। यहां तक अनेक छात्रों ने तो निराश होकर आत्महत्या कर ली। मेरी जानकारी के अनुसार जो मीडिया से समय-समय पर प्राप्त हुई लगभग 23 छात्रों ने आत्महत्या की। एक छात्रा प्रियंका ने आत्महत्या के पूर्व बहुत मार्मिक पत्र लिखा कि मैं अब अगली परीक्षा की तैयारी नही कर सकती, मैं पिछली परीक्षा की तैयारी कर थक चुकी हूँ। यद्यपि भारत सरकार ने 21 जून को दोबारा नीट की परीक्षायें कराई और वे ठीक ढंग से हो गई। महाराष्ट्र हाईकोर्ट के जस्टिस माधव जामदार ने 2 जुलाई 2026 को एक प्रकरण पर सुनवाई करते हुए जो टिप्पणी की वह आज की देश की व्यवस्था और उसके नियंत्रकों पर तो है ही, लोकतंत्र के प्रति उनकी गंभीर चिंताओं को व्यक्त करती है। दरअसल वे एक प्रकरण की सुनवाई कर रहे थे जिसमें एक युवक को सरकार विरोधी नारे लगाने और मुर्दाबाद बोलने के गुनाह में गिरफ्तार कर लिया गया था।**

श्री जामदार ने अपनी टिप्पणी में कहा कि शांतिपूर्वक आंदोलन करना, विरोध करना यह नागरिकों का अधिकार है और अगर वह विरोध करते हैं तो क्या गुनाह करते हैं? देश के सभी नागरिकों को गुलाम बनाया जा रहा है। वे विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते, आंदोलन नहीं कर सकते, यह सब क्या है?

यह घटना उस समय की है जब उसके कुछ दिन पहले नीट के पेपर लीक हुए थे। इस पेपर लीक से देश के लगभग 22 लाख छात्र प्रभावित हुए और परीक्षायें बढ़ा दी गई थी। यहां तक अनेक छात्रों ने तो निराश होकर आत्महत्या कर ली। मेरी जानकारी के अनुसार जो मीडिया से समय-समय पर प्राप्त हुई लगभग 23 छात्रों ने आत्महत्या की। एक छात्रा प्रियंका ने आत्महत्या के पूर्व बहुत मार्मिक पत्र लिखा कि मैं अब अगली परीक्षा की तैयारी नही कर सकती, मैं पिछली परीक्षा की तैयारी कर थक चुकी हूँ। यद्यपि भारत सरकार ने 21 जून को दोबारा नीट की परीक्षायें कराई और वे ठीक ढंग से हो गई। इसलिये यह प्रश्न उठता है कि अगर दूसरी बार में परीक्षायें ठीक से हो सकती हैं तो पहली बार में क्यों नहीं हो सकती। हम लोगों ने इस लीक कांड का न केवल विरोध किया था बल्कि लगातार विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री से मांग की थी कि शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त किया जाए। क्योंकि यह उनकी जवाबदारी थी, इतना ही नहीं श्री धर्मेन्द्र प्रधान की उस महिला के साथ पूना के कार्यक्रम के फोटो भी मीडिया में आये थे जिन्हें इस कांड का अपराधी माना गया और उनके ऊपर कार्यवाही की गई। जबकि श्री धर्मेन्द्र प्रधान पर कार्यवाही नहीं हुई। इसके दो कारण बताये जाते हैं, एक यह कि पूना की वह महिला राष्ट्रीय स्वयं सेवक समर्थित थी और इसी कारण श्री धर्मेन्द्र प्रधान उनके कार्यक्रम में शामिल हुए थे, दूसरा कि धर्मेन्द्र प्रधान प्रधानमंत्री जी के नजदीकी व विश्वासपात्र हैं इसलिये प्रधानमंत्री ने उन पर कार्यवाही नहीं की। यही दोनों कारण हो सकते हैं। वैसे भी भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री संघ से मानसिक व संगठित बेड़ियों से इतने जकड़े हुए है कि वे उसे तोड़ कर बाहर नहीं निकल सकते। इसके पहले भी कई ऐसे गंभीर अपराध हुए हैं जिन्हें प्रधानमंत्री ने चुप रहकर दृष्टि ओझल कर दिया।

देश की सेना की एक अधिकारी सोफिया कुरैशी जिसने आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के द्वारा पाक सेना पर हमला कर उसके एक हिस्से को नष्ट किया था तथा जिसका खुलासा सूफिया कुरैशी ने किया था, जिसकी बहादुरी की तारीफसारे देश ने की थी। उसके खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी श्री विजय शाह जो मप्र शासन के मंत्री थे व हैं ने सार्वजनिक रूप से एक गंदा बयान दिया था। उनने कहा था कि हमारे प्रधानमंत्री ने उन्हीं की बहिन से उनको पिटवाया। याने एक मुस्लिम अधिकारी से पाक सेना पर हमला करवाया। भारत की सेना आज तक कभी भी सांप्रदायिक सोच की नहीं हुई। बल्कि उनके बड़े-बड़े अधिकारियों ने सांप्रदायिकता के विरुद्ध खड़े होकर अपने कर्तव्य को निभाया और बाद में अपनी जान भी देनी पड़ी। जनरल वैद्य जिन्होंने भिंडरवाले के खालिस्तानी प्रयासों और स्वर्ण मंदिर को अपना ठिकाना बनाकर जब राष्ट्र विरोधी गतिविधियां शुरू की तब जनरल वैद्य ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का नेतृत्व किया था। बाद में खालिस्तानियों ने उनकी सेवानिवृत्ति के बाद पूना में उनकी हत्या की। ऐसे भारतीय सेना के अधिकारियों पर मजहबी दृष्टि से टिप्पणी करना घोर निंदनीय व अपराध है, इसको लेकर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एफआईआर करने का आदेश दिया, परंतु आज एक साल होने के बाद मंत्री जी मंत्री हैं और कोई एफआईआर दर्ज नहीं है। इस पर देश के प्रधानमंत्री कभी कुछ नहीं बोले, कार्यवाही करने की तो दूर की बात है।

देश की सरकार के सांप्रदायिक नजरिये का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के एक साल बाद तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। अब तो सुप्रीम कोर्ट के जो माननीय मुख्य न्यायाधीश हैं और जो न्यायाधीश हैं उनकी टिप्पणी व निर्णयों के बारे में कहना क्या? जब पिछले दिनों अयोध्या में चंदा चोरी का प्रकरण सामने आया जिसने देश के करोड़ों रामभक्तों व श्रद्धालुओं को ठगा हुआ सा महसूस करा दिया। यहां तक की उसके बाद अयोध्या में चंदा एकत्रित होने में 74 प्रतिशत की कमी हो गई। दर्शनार्थियों की संख्या में भी भारी गिरावट दर्ज हुई और जिन लोगों ने राम मंदिर के आसपास पूंजी लगाकर होटल या दुकानें बनाई थी, वे अब परेशान हैं क्योंकि दर्शनार्थियों की संख्या बहुत घट गई। केवल जो आसपास के लोग है वही पहुंच रहे हैं, बाहर से आने वालों की संख्या बहुत कम हो गई है। इस चंदा चोरी प्रकरण के बारे में याचिका सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट में आई तो भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय ने लंबी पेशी देकर टाल दिया और कहा कि (इतनी जल्दी सुनवाई की क्या आवश्यकता है) देश के करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट पहुंचाने वाले इतने बड़े अपराध के प्रति मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी आश्चर्यजनक है। जब एनसीईआरटी की किताबों में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों की संख्या छपी उस पर उन्हें तत्काल सुनवाई जरूरी लगी। उन्होंने तत्काल सुनवाई कर इसे हटाने और जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री जी की भी बंद जुबान खुल गई और उन्होंने केबिनेट की मीटिंग बुलाकर दुख व्यक्त किया व जिम्मेदारी तय करने के लिये कहा। जबकि वह एक सामान्य सी बात थी जो संसद में उठाये गये प्रश्नों के सरकार द्वारा दिये गये उत्तरों में बताई गई थी। जिससे देश के आम आदमी को कोई दुख नहीं बल्कि सुख ही हुआ।

इसी प्रकार जब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों में जाति और योनि को लेकर होने वाले अपराधों के खिलाफ कुद नियम बनाये जो कि स्वतरू सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाये गये थे तब भी देश के सर्वोच्च न्यायालय की आत्मा जागी और उन्होंने याचिका पेश होने के एक दिन पहले ही पीठ पर बैठकर टिप्पणी की, कि इस याचिका को मैं सुनना चाहूँगा। क्योंकि यूजीसी के तार्किक नियमों का विरोध समाज का एक विशेष तबका और जन सूचनाओं के अनुसार संघ समर्थित युवाओं का तबका इन नियमों के विरुद्ध था, तथा अगले ही दिन सुनवाई कर स्थगन आदेश दे दिया। अगर माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत जो राममंदिर के चंदा चोरी के मामले को सीबीआई को सौंपने या माननीय न्यायाधीश की देखरेख में, या एसआईटी को अधिकतम 15-20 दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहते तो कौन से कानून का उल्लंघन होता। इसी प्रकार की घटना हाल ही में हुई है जिसमें दो जजों की बेंच ने धार की भोजशाला के प्रकरण पर सुनवाई आदेश दिया कि सरकार भोजशाला के बाजू में नमाज पढ़ने को जगह दे। यह आदेश कानून और सामान्य समझ से परे है। अगर माननीय सर्वोच्च न्यायालय यह मानता है कि भोजशाला में वाग्देवी मंदिर था तो उसे वाग्देवी वालों को सौंप देना था, अगर वहां मस्जिद को मानते हैं तो मस्जिद वालों को सौंपते। परंतु सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के समान हिंदू मानस को संतुष्ट करने का रास्ता निकाला। यह नीति न्याय संगत नहीं है, यह केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय के बाध्यकारी और बहुसंख्यक हिंदू समाज को संतुष्ट करने के आदेश है। परंतु यह संतुष्टकारी आदेश राम मंदिर के चंदा प्रकरण पर नहीं दिया। आमजन में चर्चा यह है कि चूंकि इस अपराध में आरएसएस के लोग अपराधी थे इसलिये इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को टाल दिया। यदि यह सही है तो इससे दुखद क्या हो सकता है? यह तो एक प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय स्वतः संविधान की आत्मा और न्यायपालिका के चरित्र की हत्या कर रही है। अमेरिका में वहां के फेडरल कोर्ट के न्यायाधीशों ने एक नहीं अनेक बार राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने फैसलों को नकारा है। टैरिफ बढ़ाने के समय, ईरान से युद्ध के मामले को लेकर और ऐसे कई प्रकरण हैं जिनमें अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने सत्ता के निर्णयों को नकारा व तानाशाही के बढ़ते कदमों को रोक दिया। आज सारी दुनिया अमेरिकी न्यायपालिका का मन से सम्मान व अभिनंदन कर रही है परंतु भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका अनेकों शंकाओं व विवाद के घेरे में है। ऐसे दौर में महाराष्ट्र के न्यायाधीश श्री माधव जामदार का फैसला व टिप्पणियां न केवल आम नागरिक की रक्षा करती है। संविधान के प्रावधानों की रक्षा भी करती है। देश के लोकतंत्र को सत्ता तंत्र में बदलने के कदमों पर रोक लगाती है बल्कि देश के आम नागरिकों की रक्षा करते हुये देश को आश्वस्त करती है कि इस पतन के दौर में एक न्यायाधीश ऐसा है जो सत्ता के समक्ष न झुकता है, न डरता है बल्कि संविधान को सामने रखकर अपनी बात कहता और निर्णय लेता है। श्री माधव जामदार ने तो महाराष्ट्र की विधायिका तक को संदेश दिया कि जब इतना महत्वपूर्ण प्रश्न महाराष्ट्र की सरकार व विधानसभा के समक्ष है तब महाराष्ट्र की विधानसभा उस पर चर्चा करने की बजाय तुच्छ मामलों पर चर्चा क्यों कर रही है।

अध्यात्म

## चील और मुर्गा





झुरी नाम का एक गरीब व्यक्ति था। जिसके पास लगभग 50 मुर्गे और मुर्गियाँ थी। वह मुर्गियों के अंडों को बेचकर अपना जीवन यापन करता था। उसके मुर्गीघर में एक शैतान मुर्गा भी रहता था। जिससे सभी मुर्गे और मुर्गियाँ हमेशा परेशान रहते थे। वह आए दिन किसी न किसी मुर्गी या मुर्गों से झगड़ता रहता था। वह चाहता था कि सभी उसके कहने के अनुसार चले। लेकिन, उस मुर्गे की हरकत की जानकारी झुरी को नहीं थी।

एक दिन वह मुर्गा कुछ ज्यादा आवेश में आ गया। जिसके कारण उसी मुर्गीघर में रह रहे एक मुर्गे से लड़ गया। उन दोनों की लड़ाई इतनी तीव्र हो गई कि दोनों लड़ते हुए मुर्गीघर से बाहर आ गए, दोनों लड़ते-लड़ते बहुत बुरी तरह से घायल हो चुके थे। लेकिन, वह शैतान मुर्गा पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा था। आखिरकार वह उस मुर्गे को हरा देता हैं। इस तरह से हारा हुआ मुर्गा मुर्गीघर के अंदर चला जाता हैं।

अब वह शैतान मुर्गा अपनी शेखी दिखाने के चक्कर में मुर्गीघर के ऊपर चढ़कर जोर-जोर से बाग लगाने लगता हैं। अचानक ऊपर उड़ रही एक चील की नजर उस मुर्गे पर पड़ती हैं। चील मुर्गे के ऊपर झपट पड़ता हैं और उसे अपने मजबूत पंजों में दबाकर आकाश में उड़ जाता हैं। इस घटना को देख अन्य मुर्गे और मुर्गियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ती हैं।

### नैतिक शिक्षा

अहंकार और घमंड जल्दी पतन की ओर ले जाता हैं।

# क्या तिरंगे की डोर आखिर हर व्यक्ति के हाथ में आई?

**15 अगस्त आते ही हमारे चारों ओर तिरंगा लहराता दिखाई देता है। देशभक्ति के गीत हमारे भीतर की किसी पुरानी स्मृति को फिर से ताज़ा कर देते हैं। हम उन अनगिनत लोगों को याद करते हैं, जिन्होंने हमें यह आज़ादी दिलाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। यह दिन हमारे लिए गर्व का दिन है, उत्सव का दिन है, अपने देश और उसकी आज़ादी को महसूस करने का दिन है। लेकिन क्या यह दिन केवल उत्सव के लिए है? या यह उन सपनों को याद करने का दिन भी है, जिनके लिए महात्मा गांधी, खान अब्दुल गफ्फार खान, जवाहरलाल नेहरू, डॉ. भीमराव आंबेडकर, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह और ऐसे ही अनगिनत लोगों ने संघर्ष किया था? अंग्रेज़ी हुकूमत से भारत को आज़ाद कराना उस संघर्ष का एक बड़ा पड़ाव था, लेकिन क्या आज़ादी का सपना वहीं पूरा हो गया था? क्या अंग्रेज़ों के जाने के साथ ही उस सपने की यात्रा समाप्त हो गई थी? या फिर असली सवाल उसके बाद शुरू हुआ था-कि अब यह देश कैसा होगा, और इस देश की आज़ादी आखिर किसके जीवन तक पहुँचेगी?**

15 अगस्त 1947 को जब तिरंगा लाल किले पर फहराया गया, तब शायद इतिहास का एक बड़ा सपना पूरा हुआ था। सत्ता की डोर विदेशी हुकूमत के हाथ से निकलकर भारतीयों के हाथ में आई थी। लेकिन आज, आज़ादी के 80 साल पूरे होने पर इस सवाल पर ठहरना जरूरी लगता है- क्या इस तिरंगे की डोर आखिर हर व्यक्ति के हाथ में आई?

उस समय के भारत को याद करें तो आज़ादी की लड़ाई किसी एक रास्ते से नहीं चली थी। 1857 में मंगल पांडे, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल और असंख्य लोगों ने अंग्रेज़ी सत्ता को चुनौती दी। उससे पहले और उसके बाद भी देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने अधिकार और स्वाभिमान के लिए संघर्ष होते रहे। तिलका मांझी, सिद्धू-कान्हू और बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी नेताओं के संघर्षों में अपनी जमीन, जंगल, संस्कृति और जीवन पर अधिकार का सवाल उतना ही महत्वपूर्ण था जितना विदेशी सत्ता का विरोध।

समय के साथ देश में राजनीतिक चेतना बढ़ी। दादाभाई नौरोजी ने अंग्रेज़ी शासन के आर्थिक शोषण को समझाया। बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज को जनता की आकांक्षा की आवाज़ बनाया। लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल ने राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया। गोपाल कृष्ण गोखले ने राजनीतिक शिक्षा, संवैधानिक सुधार और स्वशासन की दिशा में काम किया। उनके रास्ते अलग थे, लेकिन वे भारत को अपने भविष्य का फैसला स्वयं करने योग्य बनते देखना चाहते थे।



गांधी ने गोखले को अपना राजनीतिक गुरु माना और उनके विचारों से बहुत कुछ सीखा। फिर गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन गाँवों और सामान्य लोगों के जीवन तक पहुँचा। गांधी के लिए स्वराज केवल अंग्रेज़ों को भारत से बाहर करना नहीं था। स्वराज का अर्थ था- मनुष्य का अपने ऊपर शासन करना, गाँवों का अपने निर्णय स्वयं लेना और ऐसा समाज बनाना जिसमें सबसे कमजोर व्यक्ति भी सम्मान के साथ जी सके। खान अब्दुल गफ्फार खान ने इसी संघर्ष को अहिंसा और इंसानियत की अपनी गहरी आस्था से जोड़ा। उनके लिए भी स्वतंत्रता केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, मनुष्य की मुक्ति का प्रश्न थी। दूसरी ओर भगत सिंह और उनके साथियों ने क्रांति की अपनी राह चुनी। भगत सिंह की दृष्टि में आज़ादी केवल अंग्रेज़ों को हटाने का नाम नहीं थी। वे शोषण और असमानता से मुक्त समाज की कल्पना कर रहे थे। सुभाषचंद्र बोस ने आज़ाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता के लिए निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया। जवाहरलाल नेहरू आधुनिक, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक भारत का सपना देख रहे थे। सरदार पटेल के सामने एकजुट भारत का निर्माण था। मौलाना आज़ाद एक ऐसे भारत की आवाज़ थे जिसमें धर्म और विविधता राष्ट्र को बाँटने के बजाय उसकी साझी विरासत बनें।

और फिर डॉ. आंबेडकर का सवाल इस पूरे सपने को और गहराई देता है। अगर अंग्रेज़ चले जाएँ, सत्ता भारतीयों के हाथ में आ जाए, लेकिन समाज में मनुष्य-मनुष्य के बीच ऊँच-नीच बनी रहे, तो क्या हर भारतीय सचमुच आज़ाद होगा? आंबेडकर के लिए स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक बराबरी के बिना अधूरा था। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व उनके लिए केवल संविधान के शब्द नहीं थे, बल्कि ऐसे समाज की बुनियाद थे जिसमें हर मनुष्य की गरिमा सुरक्षित हो। इसलिए आज़ादी की कहानी केवल अंग्रेज़ों के खिलाफ संघर्ष की कहानी नहीं है। यह उस भारत की तलाश की कहानी भी है जिसमें मनुष्य अपने भाग्य का फैसला स्वयं कर सके और उसे जन्म, जाति, धर्म, लिंग, गरीबी या किसी और पहचान के कारण छोटा न समझा जाए। 1947 में अंग्रेज़ चले गए। देश आज़ाद हुआ। हमने अपना संविधान बनाया, लोकतंत्र अपनाया और आगे बढ़ने की यात्रा शुरू की। हमने बहुत कुछ हासिल किया है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश ने लंबी दूरी तय की है। इन उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए।

लेकिन आज़ादी के 80 साल बाद क्या हमें एक बार फिर उस तिरंगे की डोर को देखना चाहिए?

क्या वह सचमुच हर व्यक्ति के हाथ में आई है?

क्या एक गरीब किसान अपने जीवन के बारे में निर्णय लेने में उतना ही स्वतंत्र महसूस करता है जितना कोई संपन्न व्यक्ति? क्या एक आदिवासी अपने जल, जंगल और जमीन को लेकर अपने भविष्य का फैसला स्वयं कर सकता है? क्या एक महिला अपने जीवन के फैसले बिना डर और दबाव के ले सकती है? क्या एक बच्चा अपने जन्म की परिस्थितियों से बाहर निकलकर अपने सपनों तक पहुँच सकता है? क्या हम अपने से अलग विचार रखने वाले व्यक्ति की बात सुनने के लिए तैयार हैं?

आज़ादी का अर्थ यह तो नहीं हो सकता कि जिसके पास ताकत है, वह अपनी इच्छा दूसरे पर थोप दे। मेरी आज़ादी अगर किसी दूसरे की गरिमा छीनती है, तो वह आज़ादी नहीं है। अपनी बात कहने की स्वतंत्रता के साथ दूसरे की बात सुनने की जिम्मेदारी भी आती है। अपने अधिकार के साथ दूसरे के अधिकार का सम्मान भी करना पड़ता है।

यहीं शायद आज़ादी के 80 साल बाद हमें अपने भीतर भी देखना होगा। अंग्रेज़ चले गए, लेकिन क्या हमारे भीतर की वह मानसिकता चली गई जो ताकतवर को अधिकार और कमजोर को चुप रहने की सलाह देती है? क्या हमने सचमुच बराबरी को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाया है? क्या लोकतंत्र केवल चुनाव और सरकार तक सीमित रह गया है, या वह हमारे घर, हमारे गाँव, हमारी संस्था और हमारे रोजमर्रा के संबंधों में भी दिखाई देता है?

शायद आज़ादी की असली परीक्षा यहीं है।

क्योंकि संविधान केवल किताब में नहीं रहता। वह तब दिखाई देता है जब किसी गरीब की आवाज भी सुनी जाती है, जब किसी महिला को बराबरी मिलती है, जब किसी आदिवासी के अधिकार और संस्कृति का सम्मान होता है, जब किसी बच्चे को बिना भेदभाव के अवसर मिलता है और जब हम अपने से कमजोर व्यक्ति को अपने बराबर खड़ा देखते हैं। इसलिए 15 अगस्त को तिरंगे के नीचे खड़े होकर हमें केवल अपने अतीत पर गर्व नहीं करना है। हमें यह भी देखना है कि उस अतीत ने हमें कैसी जिम्मेदारी सौंपी है। शायद स्वतंत्रता सेनानियों का सपना कोई ऐसा भारत नहीं था जिसमें केवल शासक भारतीय हो जाएँ।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
बचत पर ध्यान और दफ्तर में बेहतरीन बातचीत का दिन है। दोपहर बाद साझेदारों या परिवार के लोगों के साथ पैसों की चर्चा ला सकता है।

**वृषभ**
आज पैसों की स्थिति ठीक बनी रहेगी। पंचम भाव में कमजोर शुक्रदेव ऐशो-आराम की चीजों पर फालतू खर्च न करने की सलाह देते हैं।

**मिथुन**
आज नए अवसरों की आहट और बैठकों में सफलता मिलेगी। आज तुरंत फैसले लेने के लिए बचे और जल्दबाजी से भी बचना होगा। आपसी तालमेल से पैसों के मामले सुलझाने के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

**कर्क**
आज धीरे-धीरे सुधरती स्थिति और सहकर्मियों का भरोसा मिलेगा। जो सोच-समझकर बजट बनाने में मदद करेंगे। घर या परिवार की जरूरतों पर खर्च बढ़ा सकता है।

**सिंह**
आज नए अवसर और बजट में रहकर खर्च करने होंगे। पैसों और अपनी चीजों को संभालने में भरोसा बढ़ाएगा। स्थिति को बेहतर बनाने का मन करेगा।

**कन्या**
आज पैसों के मामलों को ध्यान से संभालना होगा। छोटे-छोटे खर्चों को लेकर ज्यादा परेशान न हों। करियर और पैसों में तालमेल बनाएगा।

**तुला**
आज अनुभवी लोगों की सलाह और टीम के साथ प्रगति होगी। आपको अपनी प्राथमिकताओं का अहसास कराएगा। साथियों के साथ बातचीत से सही रास्ता निकालने में मदद मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज पैसों की योजना बनाने में धीरज रखना होगा। दोपहर बाद खर्चों पर ध्यान दिलाएगा जो एकदम से सामने नहीं आते। जल्दी नतीजे पाने के चक्कर में पैसों का कोई जोखिम न उठाएं।

**धनु**
आज सीखने से तरक्की और कागजात की सही जांच कर ले। धन बढ़ाने के बारे में सोचेंगे, लेकिन हर बात को जांचना जरूरी है। दोपहर बाद दोस्तों और जान-पहचान के लोगों से चर्चा में मदद करेगा।

**मकर**
आज पुरानी योजनाओं में सुधार और अधिकारियों की सराहना मिलेगी। पैसों की जिम्मेदारियों को सही तरीके से संभालना होगा। ऐसी किसी जिम्मेदारी को अपने सिर न लें जिसे संभालना आपके बस में न हो।

**कुंभ**
आज का दिन स्थिति को बेहतर बनाने की इच्छा जगाएंगे। आज सही योजना बनाने में मदद करेगा। जल्दी फायदे के चक्कर में न पड़ें और किसी के बहकावे में न आएं।

**मीन**
आज धैर्य से काम और नियमित खर्चों पर नजर रखे। पुरानी आदतों को सुधारने की सीख देते हैं। पुराने बकाये और खर्चों पर ध्यान लाएगा। नियम से चलेंगे तो फालतू दबाव से बचे रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंदपुर में कुत्तों का आतंक पांच लोगों को काटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्र में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है गांव के लोग कुत्तों के भय गांव में निकलने से डर रहे हैं। मंगलवार के दिन इब्राहिमपुर पंचायत के गोविंदपुर गांव में आवारा कुत्तों ने एक-एक करके पांच लोगों को सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर काटा। पांचो लोग इलाज करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल आए हुए हैं। वहीं ग्रामीण बताते हैं कि हम लोग रास्ते से जाते हैं और पीछे से आवारा कुत्ता आता है और जाने वाले राहगीर को काट खाता है। कुत्ते के भय से बच्चे और महिला घर से निकलना मुनासिब नहीं समझते हैं की कब आवारा कुत्ता आ जाए और उन लोगों को काट ले।

### मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सोमवार के दिन कुछ सदस्यों के द्वारा बहिष्कार किए जाने के बाद मंगलवार के दिन प्रखंड प्रमुख उपेंद्र पासवान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी अंजू प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमित कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार



सहित पंचायत के मुखिया संघ के अध्यक्ष राणा बीघा पंचायत के मुखिया शिवदयाल सिंह उर्फ नागा जी, शहरी पंचायत के मुखिया योगेंद्र प्रसाद उर्फ जोगी सिंह, भटगांव मुखिया ज्योति कुमारी सक्सेना, मुखिया सोनू कुमार मुखिया शोभा देवी पंचायत समिति सदस्य रंजू देवी रेणु देवी राधा देवी सरस्वती देवी सहित दर्शन भर से ज्यादा जनप्रतिनिधि ने बैठक में हिस्सा लेते हुए 16वीं वित्त और सस्टम वित्त आयोग के द्वारा सदस्यों के द्वारा दिए गए योजना को सर्वसम्मति से पास किया गया प्रखंड प्रमुख ने बताया कि समिति के कुछ सदस्य बहकावे में आकर अक्सर तरह-तरह की हरकत करते हैं और समाज को विकास से वंचित रखना चाहते हैं।

### लंबे समय से फरार चार वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने न्यायालय अउखट मसौढ़ी से लंबे समय से फरार चल रहे 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी मंगलवार की सुबह गश्त के दौरान की गई।थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में डिहरी, चकपिपरा और बेहरावाँचक गांवों में दबिश देकर वारंटियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार वारंटीयों उदय सिंह, पिता-



स्व. शत्रुधन सिंह, ग्राम- डिहरी,आसिया कुमार, पिता-उदय सिंह, ग्राम - डिहरी,उमेश सिंह, पिता - स्व. बखोरा सिंह, ग्राम - चकपिपरा सुजीत केवट, पिता - विनोद केवट, ग्राम - बेहरावाँ चक पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पिपरा थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं और लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे।गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय अउखट मसौढ़ी में पेश किया गया। उनके खिलाफ अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है:थाना पुलिस ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### मोकामा में नए दो लेन रेल पुल पर परिचालन जल्द

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी पर राजेंद्र पुल के समानांतर बने नए टू लेन रेल पुल पर रेल परिचालन की तैयारियां तेज हो गई हैं। रेलवे सूत्रों की माने तो अगले माह सितंबर से इस नए पुल पर यात्री ट्रेनें दौड़ने लगेंगी।पुल को चालू करने के लिए निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।पुल के लिए औंटा हॉल्ट जंक्शन और रामपुर डुमरा जंक्शन से बिछाई गई अप्रोच रेलवे लाइन पर मालगाड़ी का ट्रायल चल रहा है। ट्रैक पर मालगाड़ी से गिट्टी बिछाने का काम भी जारी है।पिछले दिनों पुल पर मालगाड़ी से लोड ट्रायल सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ओवरहेड हाई टेंशन (ओएचई) तार में बिजली प्रवाहित कर दी गई है।बिजली आपूर्ति चालू होने के बाद रेलवे और निर्माण कंपनी ने सोमवार को ध्वनि विस्तारक यंत्र से माइकिंग कर इलाके के लोगों और ग्रामीणों को सतर्क किया है।रेलवे ने चेतावनी दी है कि अप्रोच लाइन और पुल के पास न जाएं, ओएचई तार के संपर्क में आना जानलेवा हो सकता है। साथ ही रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है।विभागीय सूत्रों का कहना है कि बहुत जल्द मोकामा के इस नए दो लेन रेल पुल पर ट्रेनों का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा, जिससे राजेंद्र पुल पर ट्रेनों का दबाव कम होगा और उत्तर बिहार का संपर्क और बेहतर होगा।

### गड्ढे में दबाकर रखा 1000 लीटर जावा-महुआ नष्ट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध देशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन देसी शराब के तहत मंगलवार को पुनपुन थाना पुलिस ने मनोरा गांव में छापेमारी कर गड्ढे में दबाकर रखे गए दर्जनों गैलन से लगभग 1000 लीटर जावा-महुआ को नष्ट किया।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मनोरा गांव के समीप एक गड्ढे में सैकड़ों गैलन में अवैध महुआ शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान गड्ढे से



कई गैलन में भरा हुआ अर्धनिर्मित जावा-महुआ बरामद किया गया। कुल मिलाकर लगभग 1000 लीटर शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस को देखकर शराब कारोबारी फरार हो गए।थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। गुप्त सूचना के आधार पर जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। शराब बनाने और बेचने में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ताला तोड़कर लाखों के आभूषण और 80 हजार नकद चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के गुरपतिचक गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण और 80 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। घटना 15 अगस्त की रात की है।पीड़िता पिंकी देवी पति संतोष यादव ने बताया कि वह जीविका स्वयं सहायता समूह में काम करती हैं और उनका एक छोटा सा चाय नाश्ता का होटल का दुकान भी है। कभी-कभी वह दुकान में ही सो जाती हैं। 15 अगस्त की रात भी वह दुकान में सो गई थीं। अगली सुबह जब उठीं तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।



जांच करने पर पता चला कि घर से सोने-चांदी के आभूषण - चैन, पायल, मांग टीका, मंगलसूत्र आदि गायब हैं। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह का लगभग 80 हजार रुपए नकद भी चोरी हो गया है।पिंकी देवी ने लहसुना थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। लोकल इनपुट और आसपास आसूचना तंत्र के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### छत के सहारे घर में घुसे चोर, गहने-नगदी ले उड़े

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के चपौर गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर छत के सहारे घर में दाखिल हुए और कीमती सामान लेकर फरार हो गए।घटना चपौर गांव निवासी प्रियनित कुमार पिता स्व. प्रमोद कुमार के घर की है। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उनकी मां घर में सो रही थीं। इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में घुसे और अलमारी व सूटकेस में रखे सामान चुरा लिए। चोर घर से सोने की सिकड़ी, चांदी की पायल, बिछिया सहित कई कीमती गहने और 17,000 रुपये नकद लेकर चले गए। इसके अलावा सूटकेस में रखे महंगे कपड़े भी चुरा लिए गए। सुबह जब घर वालों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। प्रियनित कुमार ने मामले की लिखित शिकायत लहसुना थाना में दी है।थाना पुलिस ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# नीतीश के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा बिहार : श्रवण कुमार








## छात्रों के भविष्य को लेकर सरकार है प्रतिबद्ध,2008 में राज्य की 1.70 लाख छात्राओं को पहली बार मिली थी साइकिल : मंत्री श्रवण कुमार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में बिहार ने अभूतपूर्व तरक्की की है। राज्य की 1 लाख 70 हजार छात्राओं को स्कूल जाने के लिए वर्ष 2008 में पहली बार साइकिल दी गई थी।मंत्री मंगलवार को मसौढ़ी स्थित जतीचक के,पन्नू लाल सिंह महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार हॉल उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में करीब 75 लाख रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक सेमिनार हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और कई नए विश्वविद्यालय खोले गए। इससे राज्य के बच्चों को पढ़ाई के लिए अब दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ता। वर्ष 2019 में छात्रों के लिए साइकिल योजना शुरू की गई। अब तक करीब 19 लाख से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल चुका है। इसके साथ ही पोशाक और छात्रवृत्ति योजना से भी छात्रों को मदद दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हर प्रखंड में मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेज खोले जा रहे हैं। बीएड कॉलेजों में सभी विषयों की पढ़ाई की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि बदलते समय में किताबी शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छा ज्ञान होना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस महाविद्यालय में सेमिनार हॉल बनवाया गया है ताकि छात्रों को नई जानकारी मिल सके।

पूर्व विधायक पूनम देवी ने मंत्री सरवन कुमार से गुजारिश की है कि मसौढ़ी में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है इस कॉलेज को सरकारी कॉलेज बनाने में सहयोग करें,कार्यक्रम में एपीयू के कुलपति प्रो. उपेंद्र सिंह, विधायक अरुण मांझी, विधान पार्षद डॉ. अनामिका पटेल, एसडीएम धनराज सिंह, पूर्व विधायक पूनम देवी, पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह, मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गणेश महतो, प्राचार्य डॉ. दामोदर सिंह, प्रो. (डॉ.) गणेश महतो, डॉ. पारसनाथ सिंह (सचिव शासी निकाय)डॉ. दामोदर सिंह ( प्रभारी प्राचार्य) डॉ अनिल कुमार सिंह (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि),डॉ कृष्णनंदन प्रसाद ( महाविद्यालय निरीक्षक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय), डॉ जनार्दन प्रसाद (पूर्व प्राचार्य हरनौत) श्रीमती प्रतिभा सिंह (सिंडिकेट अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह पटेल के द्वारा किया गया सहित कई शिक्षक, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नेहा सिंह बनीं लोजपा (रा) की पटना पश्चिमी जिलाध्यक्ष, चिराग पासवान ने दी बधाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के महिला प्रकोष्ठ को पटना पश्चिमी जिले में नई कमान मिली है। पार्टी की बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुमारी शोभा सिन्हा ने मसौढ़ी निवासी नेहा सिंह को पटना पश्चिमी जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। पार्टी कार्यालय, 221/अ श्रीकृष्णापुरी, बोरिंग रोड से जारी नियुक्ति पत्र संख्या 13 FOR/P/498/2 के अनुसार नेहा सिंह, पति सुशील सिंह, निवासी ग्राम तिनेरी, मसौढा, पोस्ट पालीगंज को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि नेहा सिंह की असीम क्षमता और कुशल नेतृत्व से पार्टी महिला प्रकोष्ठ और अधिक सशक्त होगा।इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नेहा सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जिले में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने



और संगठन को मजबूत करने के लिए नेहा सिंह को यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति के बाद नेहा सिंह ने कहा कि वह पार्टी के नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगी और महिलाओं को राजनीति में आगे लाने का काम करेंगी,शुभकामना देने वालों में कांति देवी, सपना कुमारी, बिट्टू कुमारी, रानी शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, कुंदन कुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सोनू शर्मा, श्याम मुखिया, प्रवीण शर्मा, इसु शर्मा, विनोद शर्मा, सूरूज मनी शर्मा, शिवदानी शर्मा एवं सभी पटना वासी है।

### बाइक सवारों के काफिले में घुसी तेज रफ्तार बाइक, चार घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अकबरपुर फोरलेन पर मंगलवार को सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। हादसा अकबरपुर के पास फोरलेन डायवर्सन पर हुआ, जहां गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। चश्मदीदों के मुताबिक, खगड़िया के मानसी से आठ दोस्त चार बाइकों पर सवार होकर उत्तराखंड के केदारनाथ में बाबा केदारनाथ को जल चढ़ाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर डायवर्सन के पास अचानक गलत साइड से तेज गति में आए बाइक सवार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नवनीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य लोगों के भी घायल होने की सूचना है। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल उठाकर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद नवनीत कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।

# बिहार राज्य सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन में बाढ़ का दबदबा

## बालक-बालिका दोनों वर्गों में टीम बनी विजेता



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राधा कृष्ण मंदिर परिसर में पिछले तीन दिनों से चल रही बिहार राज्य सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का सोमवार को शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बाढ़ की बालक और बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया और खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान दमदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में बाढ़ की टीमों ने बेहतर तालमेल और शानदार खेल के दम पर जीत दर्ज की।

वहीं, किलकारी टीम पटना ने दूसरा और वैशाली की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से चयनकताओं द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगिता में बिहार की ओर से खेलने का अवसर मिलेगा। इस जीत को आगामी प्रतियोगिता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समापन समारोह में विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बाढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के प्रतिनिधि धर्मवीर यादव, बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरीशंकर समेत कई पदाधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक और खेलप्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार जताया।

# भाजपा विधायक सिद्धार्थ सौरव का अभिनंदन

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेमशीला वाटिका मैरेज हॉल, पालीगंज में बिक्रम के भाजपा विधायक सिद्धार्थ सौरव के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार ने की, जबकि संचालन विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर




हुई। इसके बाद विधायक सिद्धार्थ सौरव को फूलों की बड़ी माला पहनाकर एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को भी शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा पटना जिला ग्रामीण प्रभारी संजीव यादव, जिले के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार समेत पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी पटना ग्रामीण के उपाध्यक्ष सह पालीगंज विधानसभा प्रभारी निकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, जिला कार्यालय प्रभारी राजकिशोर शर्मा, भाजपा नेता अखिलेश सिंह, दिव्या गुंजन, नंदकिशोर शर्मा, आलोक कुमार, सुब्रत बासुदेव, नीरज शर्मा, शिवेश कुमार,और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पालीगंज की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा : सिद्धार्थ सौरव

अभिनंदन समारोह में विधायक सिद्धार्थ सौरव ने सम्मान के लिए पालीगंज की जनता और कार्यकताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पालीगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता को जब भी उनकी जरूरत हो, वे निःसंकोच उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए वे हमेशा निःस्वार्थ भाव से तैयार रहेंगे। विधायक ने कहा कि वे प्रत्येक माह एक दिन पालीगंज आएंगे और क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, हम यहां कुछ पाने की नीयत से नहीं, बल्कि कुछ देने की नीयत से आए हैं।

# पेपरलेस रजिस्ट्री के विरोध में कातिबों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, अब तक सिर्फ नौ रजिस्ट्री

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेपरलेस और डिजिटल जमीन रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में मसौढ़ी रजिस्ट्री कार्यालय में कातिबों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण जमीन, प्लॉट और फ्लैट की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज तैयार करने का काम पूरी तरह ठप रहा। आंदोलनकारी कातिबों का कहना है कि दस्तावेजों को पूरी तरह



ऑनलाइन करने से उनका पारंपरिक काम खत्म हो जाएगा, जिससे हजारों परिवारों पर आर्थिक संकट आ जाएगा। उनकी मुख्य मांगें नई व्यवस्था में दस्तावेज नवीसों की भूमिका, अलग यूजर आईडी, डिजिटल हस्ताक्षर और आजीविका की सुरक्षा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना है। साथ ही ओटीपी आधारित पहचान और डिजिटल प्रक्रिया में साइबर धोखाधड़ी और संपत्ति की हेराफेरी का खतरा बढ़ने की आशंका भी जताई गई है। कातिबों ने स्पष्ट किया कि वे डिजिटल व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना सुरक्षा और स्पष्ट प्रावधान के इसे लागू नहीं किया जा सकता। वहीं सब रजिस्ट्रार अमृता कुमारी ने बताया की निबंधन का काम जारी है। उन्होंने कहा कि 17 अगस्त से बिहार के 91 कार्यालयों में पेपरलेस व्यवस्था शुरू हुई है।

# बहरामपुर पशु अस्पताल में ड्यूटी से गायब रहते हैं डॉक्टर, पशुपालक परेशान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के बहरामपुर पशु अस्पताल में लगातार ड्यूटी से डॉक्टर गायब रहने से पशुपालकों की परेशानी बढ़ गई है।ऐसे में मई नेतौल पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अंशु कुमारी



ने बहरामपुर स्थित पशु चिकित्सालय में चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति की शिकायत की है। और गायब रहने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं उन्होंने कहा है कि जब भी अस्पताल जाते हैं तो वहां डॉक्टर नदारत रहते हैं और उनके जगह पर एक परिचारी दिखते हैं ।उन्होंने कहा कि कई दिनों से पशु बीमार हैं लेकिन इलाज नहीं हो पा रहा है। दिए गए आवेदन में अंशु कुमारी ने लिखा है कि मई नेतौल निवासी मंटु कुमार का पशु कई दिनों से बीमार चल रहा है। इलाज के लिए वह कई बार बहरामपुर पशु अस्पताल गए, लेकिन वहां चिकित्सा पदाधिकारी अनुपस्थित मिले। डॉक्टर के नहीं रहने के कारण पशु का इलाज नहीं हो सका। शिकायतकर्ता ने बताया कि 18 अगस्त को सुबह 11 बजे पंचायत सरकार भवन पर आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर में भी गए थे, वहां भी पदाधिकारी अनुपस्थित मिले। इससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है।अंशु कुमारी ने अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी और जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी, पटना से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में पशुपालन लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है। अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति से पशुओं की समय पर चिकित्सा नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# क्रेटा कार के तहखाने से 59 किलो गांजा बरामद, महिला समेत 2 तस्कर गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के फोरलेन शिवनार लिंक रोड पर पुलिस ने मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी क्रेटा कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 9 लाख रुपये आंकी जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कार बेगूसराय की ओर से आ रही थी, जिसमें एक महिला और एक पुरुष सवार थे।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आसूचना संकलन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही उन्होंने मेकरा ओपी प्रभारी और एसआई सुनील कुमार के साथ फोरलेन पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया।इसी दौरान एक सफेद रंग की लग्जरी क्रेटा कार को रोका गया। प्रथम दृष्टया गाड़ी में कुछ नहीं मिला, लेकिन गहनता से तलाशी लेने पर पुलिस भी हैरान रह गई। तस्करों ने गाड़ी के बोनट, आगे-पीछे के फाइबर बॉडी और अन्य हिस्सों में बाकायदा तहखाना बना रखा था।मौके पर मैकेनिक को बुलाकर गाड़ी के हर कोने की तलाशी ली गई। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने 1 किलो, आधा किलो और 250 ग्राम के पैकेटों में कुल 59 किलो 35 ग्राम गांजा बरामद किया।

# अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम : करजरा प्लस टू विद्यालय में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोच एवं ली ग्रैंड द्वारा स्थापित अक्षय ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय करजरा में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन कार्यक्रम विद्यालय भवन के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया आज के कार्यक्रम में लीग्रांड कंपनी के तरफ से किंगसुक दत्ता जी एवं नितेश कुमार की सहभागिता सुनिश्चित हुई आज के इस उद्घाटन कार्यक्रम में सौर ऊर्जा के उपयोग इसका प्रबंधन एवं संरक्षण के ऊपर प्रकाश डाला गया ग्रीन एनर्जी के तहत विद्यालयों एवं सरकारी भवनों पर स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा उपकरणों के ऊपर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई लीग्रैंड कंपनी की ओर से सौर ऊर्जा पर बोलते हुए किंग सुख दत्त ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण के लिए आज के परिवेश में आवश्यक हो गया है कि हम लोग सौर ऊर्जा को अपनाया जाए एवं इसके उपयोग को अधिक से अधिक बढ़ाया जाए ग्रामीण क्षेत्रों में निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए की आवश्यक है कि हम लोग सौर ऊर्जा संयंत्र का उपयोग बढ़ाएं लीग्रांड कंपनी के तरफ से हमारे अतिथि नितेश कुमार जी ने प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए सौर ऊर्जा को एक बेहतर विकल्प बताया कोयल एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पर जानकारी प्रदान किया संस्था के तरफ से संस्था का परिचय देते हुए प्रेमेंद्र कुमार सिंह ने कहा हमारी संस्था विगत 2002 से सतत रूप से समाज सेवा कार्य में लगी हुई है विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न जगहों पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण डिजिटल लिटरेसी एवं नॉन फॉर्मल एजुकेशन के क्षेत्र में संस्था द्वारा बृहद रूप से कार्य किया गया है। विद्यालय भवन में स्थापित किए गए सौर ऊर्जा उपकरण से होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला इसी कड़ी में अगले वक्त राजीव रंजन सिंह ने स्वयं संस्था द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की संस्था की ओर से सुधीर कुमार सिंह अखिलेश कुमार अश्वनी प्रताप सिंह उपस्थित रहे ग्रामीणों में कर्जरा गांव के विनोद सिंह प्रवेश सिंह संतोष कुमार सिंह उर्फ रवि शंकर प्रताप एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर आगत अतिथियों का सम्मान किया गया एवं आगत अतिथियों ने लाल फीता काटकर सौर उपकरण का उद्घाटन किया आज के कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त बच्चों शिक्षक गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले की 59 पंचायतों में सहयोग शिविरों का आयोजन

## सहयोग शिविर में प्राप्त 18101 आवेदन के विरुद्ध 17062 अर्थात 94. 26% का किया गया निष्पादन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत शेष बचे कुल 59 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सहयोग शिविर के आयोजन का प्रारंभ 19 मई 2026 से हुआ था। पूर्व के पांच चरणों में जिला के 335 पंचायत में सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कर लिया गया था। आज शेष बचे 59 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने सदर मोतिहारी प्रखंड के रुलही पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में खुद शिरकत कर आम जनों रूबरू हुए। सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बहुत से ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी जिसका उन्होंने तुरंत निष्पादन का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। सहयोग शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी अरुण कुमार सहित प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। यहां पर उमेश पासवान की पत्नी विमल देवी ने बताया कि उनके नाम से जमीन का पर्चा कटा हुआ है, लेकिन दूसरा व्यक्ति बलपूर्वक घर बनवा रहा है। जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी को एक दिन में जांच कर वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। कुछ अन्य ग्रामीणों ने भी पर्चा की मांग की। श्री राम जी राम के द्वारा बताया गया कि उनके लड़के की मृत्यु 30 .07. 2025 में हो गई थी, उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से संबंधित सहायता की मांग की। उनके आवेदन को अनुमंडल पदाधिकारी को देते हुए जिलाधिकारी ने दो दिनों में जांच कराते हुए उसे पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। रुलही पंचायत में कुल 12 वार्ड शामिल हैं। जिलाधिकारी के द्वारा सोलर लाइट की शिकायत पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को आज ही सभी वार्डों का भ्रमण कर सोलर लाइट संबंधी जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर एजेंसी के द्वारा गड़बड़ी की गई है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सदर प्रखंड के सभी 16 पंचायत में अगले 16 दिन में भ्रमण कर सोलर लाइट की स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें। नल जल की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी के द्वारा कनीय अभियंता विद्युत एवं पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि जहां भी नल जल की समस्या है उसका शीघ्र निष्पादन करें। एक ग्रामीण लक्ष्मण दास के द्वारा बताया गया कि अंत्योदय योजना के तहत मात्र 30 के किलोग्राम खाद्यान्न ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि जहां भी जरूरत हो अपनी देखरेख में खाद्यान्न का वितरण कराएं एवं सभी जगह यह सुनिश्चित करें कि जो निर्धारित मात्रा है उतने का वितरण भी किया जाए। कहीं भी कमी पाई जाए तो डीलर के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करें। रुलही पंचायत शिविर में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 26 आवेदनों का निष्पादन किया गया था। 36 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित थे जिसका निष्पादन नहीं किया जा सका है क्योंकि राशन कार्ड से संबंधित वेबसाइट अभी सुचारू रूप से चालू नहीं है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि जैसे ही वेबसाइट चालू हो सभी प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध राशन कार्ड निर्गत करने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के द्वारा सहयोग शिविर में आए ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया और शिविर के महत्व को बताया गया। डीएम ने कहा कि आपको अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराना होगा और तत्पर रहना होगा। "सहयोग शिविर" पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के द्वारा बनाई गई एक समुचित व्यवस्था है जहां पर लोग अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उसका समाधान करा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए कृत संकल्पित है। समस्याओं को ऑनलाइन सहयोग पोर्टल अथवा ऑफलाइन माध्यम से जमा कराया जा सकता है। प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अथवा अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायतों को दिया जा सकता है। अगर समाधान नहीं होता है तो प्रत्येक कार्य दिवस में संध्या 4:00 बजे से 5:00 तक जिलाधिकारी के कार्यालय में जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर लोगों का जीवन आसान हो इसको लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है और कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुखिया मदन मोहन दास, सरपंच सुरेंद्र साह सहित पंचायत स्तर के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने श्री गुरु संत रविदास जी की समरसता संकल्प अभियान में कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव पूर्वी चम्पारण के द्वारा श्री गुरु संत रविदास जी की 650 वीं जयन्ती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत समाहरणालय परिसर से



दुर्गा मंदिर कचहरी चौक, प्रेक्षा गृह होते हुए बैलखाना वार्ड नं0-34 एवं 35 तक कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में लालबाबु गुप्ता, उप महापौर, नगर निगम, मोतिहारी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) पूर्वी चम्पारण, मो. सिबगतुल्लाह, नजारत उप समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी श्रीमती प्रेमलता,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी श्री संतोष कुमार पांडे सहित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, सदर मोतिहारी /तुरकौलिया / कोटवा एवं विकास मित्र शामिल थे।

### आपदा प्रबंधन में संवेदनशीलता और तत्परता की मिसाल बना वैशाली

**50 मृतकों के आश्रितों को मिला 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ आपदाओं से निपटने की अपनी तैयारियों को लगातार मजबूत कर रहा है। जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2026-27 में आपदा पीड़ित परिवारों को



निर्धारित प्रावधानों के तहत अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। डीएम के निर्देश पर लंबित अनुग्रह अनुदान के मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष कैम्प आयोजित कर डूबने, सड़क दुर्घटना, वज्रपात, सर्पदंश, आंधी-तूफान आदि विभिन्न आपदाओं में मृत कुल 50 व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान की गई। प्रत्येक परिवार को 4 लाख रुपए की दर से कुल 2 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई।इसी क्रम में विभिन्न आपदाओं में मृत 07 पशुओं के पशु मालिकों को भी कुल 2,62,500 रुपए की अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप यथाशीघ्र उपलब्ध हो। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपदा की स्थिति में त्वरित, संवेदनशील एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत पहुंचाने तथा आपदा के दौरान जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ रखने पर बल दिया है। वैशाली जिला प्रशासन द्वारा राहत वितरण के साथ-साथ पूर्व तैयारी, क्षमता निर्माण, मॉक ड्रिल एवं त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में आमजन को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### घोड़ासहन बॉर्डर से अफ्रीकी मूल का सोमाली युवक गिरफ्तार, मिला अवैध पासपोर्ट

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत - नेपाल सीमा पर मुस्तैद सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक विदेशी नागरिक (युवक) को धर दबोचा है। गिरफ्तार विदेशी युवक अफ्रीकी महाद्वीप के सोमालिया देश का रहने वाला बताया जा रहा है। यह बड़ी सफलता जिले के झरौखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल भंगहा की टीम को हाथ लगी है। सैनिक रोड के पास से रक्ष ने दबोचा ' सुरक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एसएसबी भंगहा के जवान भारत-नेपाल सीमा पर नियमित गश्त और सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान सैनिक रोड के समीप



सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध विदेशी युवक को घूमते हुए देखा। जब जवानों ने उसे रोककर पूछताछ की और दस्तावेज मांगे, तो मामले का बड़ा खुलासा हुआ।

**पासपोर्ट मिला अवैध दिल्ली से घोड़ासहन के रास्ते पहुंचा था बॉर्डर-**

जांच के दौरान पुलिस और एसएसबी को पता चला कि उस सोमाली युवक का पासपोर्ट पूरी तरह से एक्सपायर (अवैध) हो चुका है। पूछताछ में विदेशी युवक ने अपना परिचय हैदराबाद के निजाम कॉलेज के छात्र के रूप में दिया है। वह पहले देश की दिल्ली से ट्रेन या अन्य साधनों के जरिए पहले घोड़ासहन पहुंचा और फिर वहां से झरौखर थाना क्षेत्र के रास्ते चुपके से नेपाल सीमा में प्रवेश करने की फिराक में था, जिसे मुस्तैद जवानों ने नाकाम कर दिया।विदेशी नागरिक के अवैध पासपोर्ट के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ - साथ खुफिया एजेंसियां और सुरक्षा बलों के वरीय अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच चुके हैं।अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि उसका पासपोर्ट कब एक्सपायर हुआ, वह हैदराबाद से दिल्ली और फिर मोतिहारी बॉर्डर तक किस मकसद से आया था, और नेपाल जाने के पीछे उसकी क्या मंशा थी। सुरक्षा के लिहाज से सीमावर्ती क्षेत्रों में अलर्ट और बढ़ा दिया गया है।

# पूजा का सामान लाने गए व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के खरौना गांव एक व्यक्ति की बदमाशों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। हालांकि जब तक लोग जुटते बदमाश घटना को अंजाम देखकर मौके से फरार हो चुके थे। लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी ।



घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।मृतक की पहचान रामबाबू सिंह, पिता स्वर्गीय बासवान भगत, ग्राम खरौना, वार्ड संख्या-01, नगर परिषद लालगंज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामबाबू सिंह मंगलवार को घर से पूजा का सामान खरीदने के लिए बाजार निकले थे। इसी दौरान लालगंज बाईपास रोड स्थित सब्जी मंडी के पास बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में उनके कलेजे, पीठ समेत शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर जख्म के निशान मिले हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। लालगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष हरिप्रसाद राय के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# सोनपुर मंडल में मेगा टिकट जांच अभियान जारी, एक दिन में 1,956 मामले पकड़े गए

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की





सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 1,956 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 18,30,665 /- का रेल राजस्व प्राप्त हुए। अगस्त माह (17 अगस्त 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल 24,000 मामलों का निपटारा करते हुए 2,08,75,636 /- का राजस्व अर्जित किया गया है। वहीं,विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल 3,12,274 मामलों में कार्रवाई करते हुए 23,72,84,200 /- का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।

### लोहे की रॉड से हमला कर महिला को किया घायल, थाने में प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के संघतपर में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता सोनी देवी पति अनिल विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष ने मसौढ़ी थाना में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 2026 की सुबह करीब 6 बजे वह अपने घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही सुबोध विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष, उनके बेटे पंकज कुमार उम्र 30 वर्ष, बैज्यंती देवी उम्र 50 वर्ष और बेटी अनु कुमारी उम्र 18 वर्ष उनके घर आए।आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर पंकज कुमार ने जान मारने की नियत से लोहे के रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया। सिर फटने से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। आरोपियों ने उनका जेवर भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी।

# अनुसूचित जाति टोलों में सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्ति लक्ष्य : जिलाधिकारी

## 18 अगस्त 2026 से 15 फरवरी 2027 तक चलेगा 'संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में 'संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान 18 अगस्त 2026 से 15 फरवरी 2027 तक जिले में संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति आबादी वाले सभी टोलों में पात्र परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित एवं संतृप्त करना है। डीएमने कहा कि अभियान के तहत अनुसूचित जाति टोलों में रहने वाले ऐसे परिवारों एवं सदस्यों को चिन्हित किया जाएगा, जो पात्र होने के बावजूद किसी सरकारी योजना अथवा सुविधा से वंचित हैं। इसके बाद संबंधित विभागों के समन्वय से उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

**कलश यात्रा से होगा अभियान का शुभारंभ**

अभियान की शुरूआत के अवसर पर 18 से 20 अगस्त 2026 तक जिला स्तर से पंचायत स्तर तक कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से सामाजिक समरसता, जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सूचना, शिक्षा एवं संवाद वाहनों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और टोला-टोला तक पहुंचाई जाएगी।

**युवाओं एवं विद्यार्थियों की भी होगी सक्रिय भागीदारी**

अभियान के दौरान जनजागरूकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता, साइकिल रैली, वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने का निर्देश दिया।

### प्रत्येक बृहस्पतिवार लगेगा 'श्री संत रविदास विकास शिविर'

जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी अनुसूचित जाति टोलों में 27 अगस्त 2026 से 15 फरवरी 2027 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को 'श्री संत रविदास विकास शिविर' आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का आवेदन/ पंजीकरण एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिविर में राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विद्यालय में नामांकन, आंगनबाड़ी, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वास भूमि/ बंदोबस्ती, बुनियाद केंद्र, हर घर नल-जल, पक्की नली-गली, मनरेगा जॉब कार्ड, जन-धन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, विद्युत कनेक्शन, जीविका समूह, टोला संपर्क योजना, सामुदायिक/ व्यक्तिगत शौचालय सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत वृद्धजन पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं विधवा पेंशन आदि से वंचित पात्र लाभुकों को भी लाभान्वित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी द्वारा अपने कक्ष में पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दिनांक 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक रणनीति तैयार करना तथा पैनल अधिवक्ताओं को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना था। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर लंबित एवं समझौता योग्य मामलों की पहचान कर पक्षकारों से संपर्क स्थापित करें तथा उन्हें आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मामलों के निष्पादन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष रूप से अधिकाधिक मामलों के सफल निष्पादन के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया। सचिव ने कहा कि



लोक अदालत की सफलता केवल अधिक संख्या में मामलों के निष्पादन से नहीं, बल्कि पक्षकारों की संतुष्टि एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने से मापी जानी चाहिए। उन्होंने सभी पैनल अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि वे लोक अदालत के उद्देश्यों एवं लाभों के संबंध में आम लोगों के बीच व्यापक विधिक जागरूकता उत्पन्न करें। बैठक में जिले में न्यूनतम कार्य योजना (मिनिमम एक्शन प्लान) के अनुरूप संचालित किए जाने वाले विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे पैरा लीगल वालंटियर्स के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करें तथा निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल संरक्षण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति सहित जनहित से जुड़े विभिन्न विधिक विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि न्याय तभी सार्थक है, जब उसकी जानकारी और पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो। इसलिए विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य केवल न्यायालय परिसर तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक सहायता एवं जागरूकता पहुंचाना है। बैठक में पैनल अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा न्यूनतम कार्य योजना के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव ने सभी उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं से 12 सितंबर 2026 की राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए मिशन मोड में कार्य करने का आह्वान किया।

# आर्केस्ट्रा डांसर के साथ चौकीदार का डांस करते वीडियो वायरल

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाते एक चौकीदार का शराब पीते और आर्केस्ट्रा की डांसर के साथ ठुमका लगते डांस वीडियो सोशल मीडिया पर मीडिया पर वायरल हो रहा है। शराबबंदी वाले बिहार में चौकीदार का खुलेआम शराब पीना और अश्लील हरकतें करना इलाके में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। जानकारी के अनुसार लालगंज प्रखंड के मसूदन पकड़ी गांव में। बीते दिनों एक छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा बुलाया गया था। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि



चौकीदार पहले कुछ लोगों के साथ शराब पी रहा है। बाद में चौकीदार आर्केस्ट्रा डांसर के साथ मंच पर ठुमका लगता नजर आ रहा है। वीडियो में वह डांसर की गोद में बैठकर भी डांस करता दिख रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वीडियो में दिख रहा चौकीदार अशोक पासवान है। वह सदर-2 सीडीपीओ कार्यालय में तैनात है और लालगंज क्षेत्र में ड्यूटी करता है। वीडियो वायरल होने के बाद गांव और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चचार्एं हो रही हैं। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसके तहत शराब का पीना, बेचना और रखना दंडनीय अपराध है।

# एमजीसीयू के प्रबंधन विज्ञान विभाग में सेबी के सहयोग से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के सहयोग से एक महत्वपूर्ण वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, निवेश संबंधी जागरूकता, वित्तीय नियोजन, बचत तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार निवेश के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन प्रो. सपना सुगंधा के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सरोज रंजन के समन्वय में किया गया। कार्यक्रम में सेबी की ओर से सुश्री शिप्रा श्रीवास्तव एवं श्री कुणाल किशोर, दोनों ने बतौर विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अपने संबोधन एवं प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को वित्तीय निर्णयों को समझदारी एवं सावधानीपूर्वक लेने, बचत की आदत विकसित करने, निवेश के विभिन्न विकल्पों को समझने तथा निवेश से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक रहने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि वित्तीय रूप से



जागरूक होना केवल कमाई और बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि सही वित्तीय योजना बनाना, जोखिम को समझना और सोच-समझकर निवेश करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर कार्यक्रम के लिए अपने संदेश में विभागाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन प्रो. सपना सुगंधा ने कहा कि आज के बदलते आर्थिक एवं वित्तीय परिवेश में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को न केवल अपने करियर के बारे में बल्कि अपनी आय, बचत, निवेश और भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में बेहतर एवं जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने में सहायता करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सरोज रंजन ने कहा कि वित्तीय साक्षरता विद्यार्थियों के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने SEBI के प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विशेषज्ञों द्वारा दी गई व्यावहारिक जानकारी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिप्रा श्रीवास्तव एवं कुणाल किशोर ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय मामलों में जागरूक रहने, किसी भी निवेश संबंधी निर्णय से पहले उचित जानकारी प्राप्त करने तथा जोखिम और संभावित लाभ को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वित्तीय साक्षरता से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की और विशेषज्ञों के साथ संवाद के माध्यम से अपनी समझ को और बेहतर किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को वित्तीय मामलों के प्रति अधिक जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रबंधन विज्ञान विभाग के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ - चढ़कर सहभागिता की तथा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के साथ संवाद करते हुए वित्तीय विषयों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए उन्हें व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों के उत्साह और सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सफल बनाया। कार्यक्रम सत्र में प्रबंधन विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, डॉ. श्रीनिवास बालगोनी एवं डॉ. दिलीप कुमार अतिथि संकाय सदस्य डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन चौबे एवं प्रसून कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



# पंचायतवार सहयोग शिविरों में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 24 काउंटरों पर समस्याओं का त्वरित समाधान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** विकसित भारत-समृद्ध बिहार संकल्प के तहत आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर मंगलवार को हसपुरा प्रखंड के जैतपुर पंचायत सरकार भवन में पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जैतपुर के अलावा धुसरी और कोइलवां पंचायत में भी सहयोग शिविर आयोजित किया गया।जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर का उद्घाटन डीटीओ सुनंदा कुमारी, यातायात डीएसपी अविनाश कुमार एवं बीडीओ पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर में हेल्प डेस्क समेत कुल 24 काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर शिक्षा, बिजली, मनरेगा, जीविका, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, पीएचईडी, स्वच्छता, कुशल युवा योजना समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपने-अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। कई शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि आवश्यक कार्रवाई वाले मामलों में संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए गए। शिविर में ग्रामीण महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न काउंटरों पर पहुंचीं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के साथ अपनी समस्याओं का समाधान कराया। पंचायत सरकार भवन में एक ही जगह पर कई विभागों के अधिकारी उपलब्ध रहने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिली। जैतपुर पंचायत के मुखिया सतेंद्र पासवान की देखरेख में आयोजित शिविर में यातायात डीएसपी अविनाश कुमार, बिजली विभाग के जेई प्रकाश कुमार, पीओ राजेश चौधरी, बीसीओ अभिनीत कुमार, बीपीएम अरुण कुमार, स्वच्छता कोऑर्डिनेटर दिवेन्द्र नयन, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, पशुपालन विभाग के डॉ. अक्षय कुमार, कृषि विभाग के धर्मेंद्र कुमार एवं हिमांशु कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। डीटीओ सुनंदा कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत देने के लिए अब प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर लगाया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। जिला स्तर से भी अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर इस तरह के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आम लोगों तक आसानी से पहुंचाना है।

# सहयोग शिविर में 205 आवेदन मिले, 100 का निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । प्रखंड के तीन पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया। अधिकारियों ने बताया कि तीनों पंचायतों को मिलाकर कुल 205 आवेदन मिले, जिनमें से 100 का निष्पादन किया गया। प्रथम सत्र में करमा पंचायत सरकार भवन एवं सिंदुआर पंचायत भवन में सहयोग शिविर लगाया गया। बीडीओ मो. जफर इमाम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बीडीओ ने बताया कि करमा पंचायत में प्राप्त 69 आवेदन में 31 का निष्पादन कर दिया गया। सिंदुआर में प्राप्त 65 आवेदन में 32 निष्पादन कर दिया गया। दूसरे दूसरे सत्र में तरार पंचायत भवन में सहयोग शिविर लगाया गया। यहां प्राप्त 71 आवेदन में 37 का निष्पादन किया गया। तरार पंचायत के मुखिया शशि भूषण सिंह ने कहा कि सहयोग शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया है। सरकार के इस अभियान से ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान हो रहा है। शिविर में बीडीओ मो जफर इमाम, सीओ सतीश कुमार सिंह, बीपीआरओ ऋषु राज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिजली बिल की गड़बड़ी दूर कराने का मौका, 22 अगस्त तक लगेगा विशेष कैंप

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** में विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली बिल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल की ओर से 17 से 22 अगस्त तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में उपभोक्ता बिजली बिल में किसी भी प्रकार की त्रुटि से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते है। कनीय विद्युत अभियंता शहरी मारुतिनंदन प्रियदर्शी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल में किसी तरह की गड़बड़ी है, वे कैंप में आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की विभागीय स्तर पर जांच की जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार बिल में आवश्यक सुधार की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 22 अगस्त तक कैंप का लाभ उठाकर अपनी बिल संबंधी समस्याओं का समाधान कराएं। समय पर आवेदन और आवश्यक दस्तावेज जमा करने से शिकायतों का नियमानुसार शीघ्र निपटारा किया जा सकेगा।

### मारपीट एवं एससी-एसटी मामले में फरार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)** । रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट एवं एससी-एसटी मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोरडिहा गांव निवासी एवं वर्तमान में ब्लॉक रोड ओवरब्रिज के समीप रहने वाले तालकेश्वर विश्वकर्मा के पुत्र सूरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना कांड संख्या 146/26 में सूरज विश्वकर्मा नामजद अभियुक्त था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर एएसआई मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### दहेज मामले में नामजद महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना एवं विवाहिता की मौत से जुड़े मामले में नामजद महिला अभियुक्त मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना कांड संख्या 228/25 में जनेश्वर राम की पत्नी मुन्नी देवी नामजद अभियुक्त थी। प्राथमिकी जम्होर थाना क्षेत्र के धनगाई गांव निवासी रामनाथ राम ने दर्ज कराई थी। आवेदन में उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उनकी बहन की शादी हरिहरगंज भादवा गांव निवासी जनेश्वर राम के पुत्र सुजीत राम से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज में 20 लाख रुपये की मांग को लेकर उनकी बहन के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। आरोप है कि उसे घर से भी निकाल दिया गया। लगातार बीमार रहने के बाद बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### ई-रिक्शा की बैटरी और चार्जर चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के हकीमचक गांव में ई-रिक्शा की बैटरी और चार्ज करने वाली मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। अनोज कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि सरकार द्वारा कचरा उठाने के लिए दिए गए ई-रिक्शा की एक बैटरी और चार्जर मशीन 2 अगस्त की रात घर के पास से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सहयोग शिविर का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के डोहरा पंचायत के मध्य विद्यालय डोहरा के परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में विभिन्न गांव के आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखें, अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से सुनने के बाद कई मामलों को ऑन द स्पॉट निराकरण किया। सदर एसडीओ अमित अनुराग, बीडीओ सोनिया ढनढनिया, पीओ राजीव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अंजली कुमार,एमओ शैलेश कुमार समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। सदर एसडीओ ने विभिन्न स्टाल का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अध्यक्षता मुखिया रेखा देवी संचालन आवास पर्यवेक्षक मनीष कुमार ने की। इस शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा आयोजित स्टाल में 62 मामले आये। अधिकारियों ने 24 मामले को निष्पादित किये। सदर एसडीओ अमित अनुराग समेत अन्य अधिकारियों ने आवास योजना के पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इसके अलावा राशनकार्ड के नौ लाभुकों को, स्कुली बैग पांच लाभुक को, पेंशन योजना के पांच लाभुकों उपलब्ध कराई गई। योजना का लाभ मिलते ही लाभुकों ने गदगद होकर आभार व्यक्त किया। प्रखंड नाजिर संटू कुमार,प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन,बीआरपी आंनद कुमार,पंचायत सचिव राजकुमार प्रसाद यादव, उपमुखिया नीलम देवी,समाज सेवी दिलीप साव,मनोज यादव,मनोहर यादव,पूर्व उप मुखिया संजय यादव,मिट्ठू यादव,सुरेंद्र यादव समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### युवती तीन दिनों से लापता, नहीं मिला सुराग

**हिलसा।** थाना क्षेत्र के खड़ी गांव निवासी रिपेंद्र पासवान की पुत्री अंशु कुमारी पिछले तीन दिनों से लापता है। वह वर्तमान में हिलसा में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, अंशु कुमारी तीन दिन पूर्व पीले रंग की ड्रेस पहनकर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी।काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो उसकी मां अंजू कुमारी ने हिलसा थाना में पुत्री की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया। परिजनों के मुताबिक, अंशु कुमारी का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस संभावित ठिकानों पर खोजबीन करने के साथ ही उसके संबंध में जानकारी जुटा रही है। परिजन भी अपने स्तर से लगातार उसकी तलाश में लगे हैं। युवती के अब तक बरामद नहीं होने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं।

### दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के शिवनगर पंचायत के डुमरी गांव में बंद पडे दो घरों में चोरों ने ताला तोड़ किया चोरी घटना रविवार की रात्रि का है।डुमरी गांव निवासी सेवा निर्वित कर्मी रत्नदेव सिंह एवं शिक्षिका सोनी देवी दोनों अपने अपने घरों में ताला लगाकर अपने परिजन के यहाँ चले गये थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा दोनों घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी दोनों परिवार को सोमवार देर शाम को मिल सका। जब दोनों परिवार आये तो देखा घर के मुख दरबाजे का ताला तोडा हुआ है और अंदर बहुत सारा सामान गायब है। कुछ सामान इधर उधर बिखड़ा पड़ा है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते हीं थाना अध्यक्ष रौशन कुमार घटना स्थल पर पहुंच चोरी का जायजा लिया। साथ हीं साथ दोनों परिवार को बहुत जल्द दोषी को गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया।घटना के तीसरे दिन पटना से डॉग स्क्वाड टीम एवं पुलिस की तकनीकी टीम गांव में आई और बहुत सारा साक्ष्य लेकर पटना चली गई। इस साक्ष्य के बाद चोरी की घटना का उदभेदन एवं लुटेरे बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में आ जाने की संभावना है।

### जलजमाव और गड्ढे से अनियंत्रित वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**औरंगाबाद।** राजमार्ग-19 पर मंगलवार की सुबह जलजमाव के कारण एक थार अनियंत्रित होकर पलट गयी। वाहन में सवार चालक समेत दोनों युवक हादसे में सुरक्षित बच गये। घटना के बाद कुछ देर के लिए एनएच पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग-19 की है। जानकारी के अनुसार, गया जिले के शेरघाटी निवासी मंटू सिंह और चंदन मेहता रोहतास जिले के डेहरी से अपने घर लौट रहे थे। कुशहा गांव के आगे पहुंचने पर सड़क निर्माण के कारण एनएच पर जमा पानी में उनकी थार का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने वाहन को संभालने का प्रयास किया, लेकिन थार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल वाहन में फंसे दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में दोनों को गंभीर चोट नहीं आयी। स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गयी।

# असामाजिक तत्वों ने बर्बाद किए टमाटर के 400 पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के चिल्हकी बिगहा गांव में असामाजिक तत्वों ने किसान सुमंगल कुमार की तैयार टमाटर की फसल काटकर बर्बाद कर दी। घटना सोमवार की रात की बताई जा रही है। बदमाशों ने करीब चार कट्ठा खेत में लगी लगभग चार सौ टमाटर के पौधों को जमीन के पास से काट दिया। फसल नष्ट होने से किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के बाद किसानों में आक्रोश और अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। किसान सुमंगल कुमार ने बताया कि उन्होंने अंबिकापुर से 10 रुपये प्रति पौधे की दर से टमाटर के पौधे खरीदे थे। परिवहन खर्च जोड़ने पर प्रति पौधे की लागत करीब 11.50 रुपये पड़ी थी। इसके अलावा खेत की तैयारी, रोपाई, सिंचाई, खाद व दवा पर भी काफी खर्च हुआ था। फसल तैयार हो चुकी थी और अच्छी आमदनी की उम्मीद थी। इसी बीच रात में पौधों को काटकर पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया गया। किसान के अनुसार, गांव में फसल बर्बाद करने की यह लगातार तीसरी घटना है। इससे पहले स्ट्रॉबेरी की फसल पर जहरीली दवा का छिड़काव कर उसे नष्ट कर दिया गया था। कुछ दिन पूर्व मुकेश मेहता की तैयार कद्दू की फसल भी काटकर बर्बाद कर दी गई थी। लगातार हो रही घटनाओं से किसानों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पीड़ित किसान ने पुलिस-प्रशासन से घटना की जांच कर दोषियों की पहचान करने, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि किसान ने अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं दिया है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# देवकुंड-अमझरशरीफ की पुरानी मोहब्बत की परंपरा फिर हुई जीवंत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** देवकुंड और अमझरशरीफ के बीच वर्षों से चली आ रही आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारे की परंपरा एक बार फिर जीवंत हुई। देवकुंड के 17वें महंत श्री कन्हैया नंद पुरी महाराज ने अमझरशरीफ खानकाह कादरिया मुहम्मदिया के नवनियुक्त 15वें सज्जादानशीन सैय्यद मुहम्मद हुसैन कादरी को चंदन का टीका लगाकर, पगड़ी बांधकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं खानकाह के संरक्षक सैय्यद जमालुद्दीन आबिद कादरी ने भी महंत जी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महंत जी ने कहा कि दोनों धार्मिक स्थलों के बीच सदियों से चली आ रही प्रेम और सद्भाव की परंपरा समाज के लिए मिसाल है। उन्होंने सभी समुदायों के सम्मान और हितों की रक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। बताया गया कि सैय्यदना दादा और देवकुंड मठ के महंत के बीच ऐतिहासिक मित्रता के बाद दोनों स्थानों पर नए धार्मिक प्रमुखों के पदभार ग्रहण करने पर पगड़ी, अंगवस्त्र सहित उपहारों के आदान-प्रदान की परंपरा रही है। क्षेत्र में उत्पन्न परिस्थितियों के कारण यह परंपरा कमजोर पड़ गई थी, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है। इस परंपरा को पुनर्जीवित करने में सनाउल्लाह अहमद रिजवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर फैजान कादरी, सैय्यद अबशार, सैय्यद फरमान कादरी, सैय्यद अली कादरी, सैय्यद अतिबुल्लाह कादरी, अखलाक खान, अरविंद कुमार वर्मा, शंभू शरण सत्यार्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर विचार गोष्ठी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । दाउदनगर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सिपहा में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। छात्रों ने स्वच्छता अभियान रैली, कचरा संग्रहण एवं निस्तारण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्यगीत, प्रेरक उद्बोधन एवं योगा से शुरू हुई। इसके बाद स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान रैली निकाली। चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। भोजनावकाश एवं अल्प विश्राम के तुरंत बाद स्वच्छता- विषय पर विचारोत्तेजक बौद्धिक परिचर्चा हुई। रोहतास के सुर्यपूरा के स्वच्छता समन्वयक कृष्ण सिंह का स्वागत सहायक प्राध्यापिका डॉ शहला बानो ने किया। विषय प्रवेश मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ श्रीनिवास सिंह ने किया। कृष्ण सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता अभियान के जरिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत की थी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वच्छता ही असली स्वच्छता है। इसलिए हम सबों का दायित्व बनता है कि समाज पिछले पंक्ति में बैठे लोगों को भी स्वच्छ बनाना होगा। शिक्षकों ने बच्चों के साथ डायरी लेखन पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन दर्शनशास्त्र की सहायक प्राध्यापिका डॉ रोज़ी कांत ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी के सहायक प्राध्यापक मंजू कुमार सोरेन ने किया। मौके पर छात्र स्वयं सेवक सहित सिपहां के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का अंतिम समापन राष्ट्रगान गाकर सम्पन्न किया गया।


# क्रिकेट प्रतियोगिता में सातवीं व आठवीं की टीम विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नव ज्योति शिक्षा निकेतन में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल में सातवीं और आठवीं की टीम विजेता बनी। कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक दीपक कुमार और राजकुमार के अनुसार कुल चार टीमों के बीच यह मुकाबला हुआ। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गए। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही। फाइनल मुकाबला सातवीं और आठवीं की संयुक्त टीम बनाम पांचवीं और छठी की टीम के बीच खेला गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में पवन, सूरज, विशाल, छोटू, सुनील, अमरेश, गोलू, गुरबज, डैंगी, राजू, सलमान, लक्ष्मी, रितु, मुस्कान, सक्काल, आकाश, संस्कार, शिवम, रमेश, ऊर्जा, अनुज और अमित शामिल रहे। निर्देशक नीरज कुमार ने सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि खेल से अनुशासन और टीम भावना बढ़ती है।इसके साथ ही 15 अगस्त को और भी खेल का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार वितरण पांच सितंबर को किया जाएगा।

# रुद्राभिषेक में हवन का शास्त्रीय प्रमाण नहीं

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**
**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । सावन में रुद्राभिषेक का आयोजन महत्वपूर्ण सनातन परंपरा है। शिव भक्त प्रायः यह अनुष्ठान करते हैं। इस अनुष्ठान में हवन की आवश्यक्ता है या नहीं, क्या हवन करना उचित है, या अनुचित। ऐसे प्रश्न को लेकर विमर्श आवश्यक प्रतीत होता है। कर्मकांड विशेषज्ञ आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री बताते हैं कि श्रीरुद्राभिषेक के साथ हवन करने का शास्त्रीय प्रमाण नहीं मिलता है। अनेकानेक पाण्डुलिपि, प्रकाशित रुद्राभिषेक पद्धति में कहीं चर्चा में नहीं है। यजुर्वेद से संग्रहित किया गया दश से समान्वित रुद्राष्टाध्यायी के अन्दर स्वाहा युक्त मन्त्र आते हैं, जिसके द्वारा अभिषेक किया जाता है न कि हवन।

बताया कि शिव की अर्चना में नारियल का प्रयोग नहीं किया गया है। नारियल फोड़ना और जलाना निषेध है क्योंकि नारियल शिव का प्रतिरूप माना गया। हवन में (पूर्णाहुति) सुखा नारियल डालते हैं, यह उचित नहीं है। आग पानी एक जगह नहीं रख सकते। दोनों को दूर रखने का शास्त्र निर्देश है। श्री शास्त्री कहते हैं कि जब आप मकान बनते हैं, तो उत्तर से ईशाण कोण तक नल जल की व्यवस्था रखते हैं। ईशाण कोण भगवान शंकर का स्थान है। शंकर के मस्तक पर गंगा जी रहती हैं। इसीलिए घर का पानी उत्तर - पूरब में निकालें। अपवाद में पश्चिम से निकालें, परन्तु दक्षिण की ओर घर का पानी नहीं निकालना चाहिए। विशेष रूप से शिव लिंग पर चढ़ा जल उत्तर में निकलता है। मकान में अग्नि का स्थान पूरब - दक्षिण अग्नि कोण में है। वहीं पाकशाला का निर्माण किया जाता है। बना हुआ भोजन कभी भी दक्षिण दिशा की ओर नहीं जाना चाहिए।

ऐसे बनी कांवर यात्रा की परंपरा

श्री शास्त्री बताते हैं कि भगवान शिव लिंग अग्नि ज्योति से उत्पन्न हैं। ज्योतिलिंग के रूप में उनको शितलता के गंगाजल से स्नान अभिषेक करते हैं। सावन के मास में समुद्र मन्थन से प्राप्त हलाहल से ब्रहाण्ड उद्वेलित हो रहा था तो उस समय विश्व कल्याण के लिए शिव विष पान कर अचेतन अवस्था में आ गये और समाधी लग गई। तब भगवान परशुराम, राक्षस राज रावण, मर्यादा पुरुषोतम श्री राम ने कांवर में गंगाजल भर शिव को जलाभिषेक किये, जो परम्परा बनी और अब भी चल रही है। देवघर जब जाते हैं, केवल जल चढ़ाते हैं, हवन नहीं करते। पंडित लाल मोहन शास्त्री कहते हैं-अतः शास्त्र और लोकमत से सदा अभिषेक में हवन नहीं कराना चाहिये।

# नवादा की सभी पंचायतों में लीगल एड क्लीनिकों की शुरुआत, 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नालसा और बाल्सा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में नवादा जिले की सभी पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में न्यायिक पदाधिकारियों एवं दोनों बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया गया।

प्राधिकार के सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बिजली, टेलीफोन सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं। थानों के जरिए शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराने हेतु थानाध्यक्षों के साथ बैठकें की जा रही है। 'मीडिएशन 3.0' अभियान पर बैठक व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी हॉल में 18 अगस्त 2026 को 90 दिवसीय 'मीडिएशन 3.0: फॉर द नेशन' अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक हुई। सचिव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जटिल अदालती प्रक्रिया से इतर संवाद और सहमति से विवादों का निस्तारण करना है। पार्टियां ऑनलाइन, ऑफलाइन या हाइब्रिड मोड में जुड़ सकती हैं। समझौते योग्य मामलों—जैसे पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, क्लेम, उपभोक्ता व भूमि विवाद—को चिह्नित कर मध्यस्थ अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझाया जाएगा।

# बिना गैस-बिजली के चाय, कॉफी और नूडल्स बनाने की तकनीक विकसित, सागर ने कराया पेटेंट

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के हसपुरा निवासी इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र एवं युवा उद्यमी सागर कुमार ने बिना गैस, बिजली या लकड़ी जैसे पारंपरिक ईंधन के भोजन और पेय पदार्थ गर्म करने की तकनीक विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सागर ने इस तकनीक को 'सिपजो' (Sipzo) नाम दिया है और इसका पेटेंट भी कराया है। टिफिन के आकार में तैयार किए गए इस उपकरण में रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से गर्मी उत्पन्न करने की व्यवस्था की गई है। सागर के अनुसार, इस तकनीक की मदद से करीब दस मिनट में पानी को लगभग 100 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जा सकता है। इसके जरिए चाय, कॉफी और नूडल्स जैसे खाद्य पदार्थ तैयार किए जा सकते हैं।



सागर के मुताबिक, इस तकनीक का उद्देश्य ऐसी परिस्थितियों में लोगों को आसानी से गर्म भोजन और पेय उपलब्ध कराना है, जहां गैस, बिजली या अन्य ईंधन की व्यवस्था संभव नहीं होती। यात्रा, छात्रावास, कार्यस्थल, आपदा और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में यह तकनीक उपयोगी साबित हो सकती है। युवा उद्यमी ने अपने शुरुआती नमूने का 100 से अधिक लोगों के बीच प्रत्यक्ष ग्राहक परीक्षण भी किया है। इसके बाद तकनीक को और बेहतर बनाने तथा व्यावसायिक स्तर पर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सागर के इस नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी पटना, एआईसी-नालंदा, इनक्यूबिन फाउंडेशन और एमटीआर विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र से जुड़े स्टार्टअप एवं नवाचार कार्यक्रमों में चयन मिला है। इन संस्थानों के माध्यम से उन्हें आगे के अनुसंधान, तकनीकी मार्गदर्शन और उद्यम विकास में सहयोग मिलने की उम्मीद है। सागर का लक्ष्य केवल एक खाद्य उत्पाद तैयार करना नहीं, बल्कि भारत में स्वयं गर्म होने वाले भोजन और पेय के लिए उपयोगी एवं सुरक्षित तकनीक विकसित करना है। उनका मानना है कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को यदि उचित तकनीकी मार्गदर्शन, अनुसंधान सुविधाएं और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो वे भी राष्ट्रीय स्तर के सफल स्टार्टअप खड़े कर सकते हैं। स्थानीय छात्र से युवा उद्यमी बने सागर का यह प्रयास क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है।

# लेंगुरा पंचायत में लगा सहयोग शिविर

## बीडीओ ने कहा - अगले 30 दिनों में सभी नए आवेदनों का होगा निष्पादन

**रजौली।** प्रखंड के लेंगुरा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाना था।शिविर में बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ हरिमोहन कुमार, एमओ अजित कुमार, पशु चिकित्सक डॉ. रेशु कुमार सहित दर्जनों प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के स्टॉल पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते रहे और आवश्यक कागजात जमा कराते रहे। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि सहयोग शिविर से एक दिन पूर्व लेंगुरा पंचायत में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 16 आवेदनों का निष्पादन शिविर से पहले ही कर दिया गया है। शेष आवेदनों पर भी तेजी से काम चल रहा है।

# नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश

## जिलास्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री एवं नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम जुलाई माह में मादक पदार्थों के संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित मामलों में अब तक की गयी कार्रवाई एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित मामलों में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात डीसी श्री शेखावत ने जिले में अफीम एवं गांजा जैसे मादक पदार्थों की तस्करी के संभावित रूटों की जानकारी ली। उन्होंने संवेदनशील मार्गों एवं क्षेत्रों की पहचान करते हुए संबंधित विभागों एवं पुलिस पदाधिकारियों को इन मार्गों पर विशेष निगरानी एवं प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर के अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने तथा अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा एवं अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने, युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।मौके पर पुलिस अधीक्षक कपील चौधरी,सिविल सर्जन,जिला शिक्षा पदाधिकारी, फ़ूड इंस्पेक्टर संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## थानेश्वर मंदिर के पास महिला पुलिस से बदसलूकी

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानेश्वर स्थान मंदिर के समीप सोमवार को ड्यूटी कर रही महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना फुट ओवरब्रिज के पास की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान घटहो थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी के रूप में बताई गई है। पुलिस ने उसके खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को थानेश्वर स्थान मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही और यातायात व्यवस्था को देखते हुए महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान वहां पहुंचे युवक पर पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने युवक को पकड़ लिया। बाद में स्थानीय लोगों ने युवक को नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तथा महिला पुलिसकर्मी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की।

## जीएम ने कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सोमवार को समस्तीपुर रेल मंडल के दौरे के दौरान रेलकर्मियों की सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं के माध्यम से आरपीएफ जवानों को बेहतर आवासीय सुविधा मिलने के साथ रेलकर्मियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य एवं आवास की सुविधाओं में विस्तार होगा। जितवारपुर स्थित आरपीएफ परिसर में महाप्रबंधक ने करीब 2.5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 30 बेड के नए बैरक का उद्घाटन किया। इसके बाद अटेरन चौक स्थित रेल परिसर में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मिथिला कॉलोनी के 40 आवासीय यूनिट का उद्घाटन किया गया। नए आवास उपलब्ध होने से रेलकर्मियों को आवास से जुड़ी परेशानी कम होगी। रेलवे की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए करीब एक करोड़ रुपये की लागत से स्थापित वाटर रिसाइकलिंग प्लांट का भी शुभारंभ किया गया। इस संयंत्र के जरिए रेल कॉलोनियों से निकलने वाले उपयोग किए गए पानी को शोधित कर दोबारा इस्तेमाल में लाया जाएगा। पुनर्चक्रित पानी का उपयोग मुख्य रूप से ट्रेनों की सफाई में किया जाएगा। इससे पानी की खपत कम करने के साथ जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसी क्रम में समस्तीपुर रेलवे अस्पताल परिसर में करीब 12 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले नए ओपीडी भवन का शिलान्यास और भूमि पूजन किया गया। भवन के निर्माण के बाद रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि रेलवे में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ कर्मचारियों के लिए बेहतर आवास, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। समस्तीपुर मंडल में शुरू की गई परियोजनाओं से रेलकर्मियों को सीधे लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान रेल आईजी अमरेश कुमार, मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा, एडीआरएम सनी सिन्हा, आरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार समेत समस्तीपुर रेल मंडल के कई वरीय अधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# जिला परियोजना सहायक के पद पर संविदा बहाली

## 15 दिनों के अंदर करना होगा आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) में संविदा के आधार पर जिला परियोजना सहायक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पद के लिए समस्तीपुर जिले के स्थायी निवासियों से ऑफलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को विज्ञापन जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना आवेदन निबंधित डाक के माध्यम से भेजना होगा। जिला परियोजना सहायक के पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य निर्धारित किया गया है। चयन में ऐसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें आईसीडीएस निदेशालय, संबंधित सरकारी विभाग, प्रशासनिक नियंत्रण वाले कार्यालय अथवा किसी अंतरराष्ट्रीय डेवलपमेंट एजेंसी में कार्य करने का अनुभव हो। आयु सीमा भी वर्ग के अनुसार निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम उम्र 37 वर्ष, जबकि पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरुष और महिला अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष रखी गई है। अनारक्षित वर्ग की महिलाओं के लिए भी अधिकतम उम्र 40 वर्ष निर्धारित है। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष और महिला अभ्यर्थी अधिकतम 42 वर्ष की उम्र तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होने के साथ समस्तीपुर जिले का स्थायी निवासी होना जरूरी है। आवेदन के साथ अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जारी आवासीय प्रमाण पत्र तथा समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी वैध चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। इसके अलावा निर्धारित शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी दस्तावेज भी आवेदन के साथ देना होगा। अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव तथा काउंसिलिंग या साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। नियुक्ति पूरी तरह संविदा और अस्थायी प्रकृति की होगी। इस नियुक्ति के आधार पर नियमित सरकारी सेवा में स्थायी किए जाने का कोई दावा मान्य नहीं होगा। आवेदन केवल निबंधित डाक के जरिए स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित 15 दिनों की समय सीमा का ध्यान रखते हुए आवेदन भेजने की सलाह दी गई है।

## हथियार और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार, पिस्टल-कारतूस समेत एक किलो गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** मोहिउद्दीननगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को हथियार और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, दो जिंदा कारतूस, 1.027 किलोग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के मनियर गांव निवासी गोलू कुमार, महम्मदीपुर निवासी अमन कुमार उर्फ रॉट विलर और घटहो थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी राजतिलक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त की शाम करीब गुप्त सूचना मिली थी कि गोलू कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भारी मात्रा में हथियार और गांजा की तस्करी करने के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन और आगे की कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर डीआईयू, एसटीएफ और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। गठित टीम ने मनियर गांव स्थित गोलू कुमार के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गोलू कुमार के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने गोलू कुमार की निशानदेही पर महम्मदीपुर गांव स्थित मदन पंडित के बगीचे में छापेमारी की। यहां से पुलिस ने दो अन्य आरोपियों अमन कुमार उर्फ रॉट विलर और राजतिलक को गिरफ्तार किया। दंडाधिकारी के रूप में टीम में शामिल प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहिउद्दीननगर के समक्ष अमन कुमार उर्फ रॉट विलर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद प्लास्टिक के गोल थैले से 1.027 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं राजतिलक की तलाशी के दौरान उसके कमर से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद सभी सामान को जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर गांजा का कारोबार करने और बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित होने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अमन कुमार उर्फ रॉट विलर का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मोहिउद्दीननगर थाना में वर्ष 2023 और 2025 में मारपीट, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पटना के बाईपास थाना और पटोरी थाना में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। वहीं घटहो थाना में भी उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज बताया गया है। राजतिलक के खिलाफ भी पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ घटहो थाना, उजियारपुर थाना और हलई थाना में लूट एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज थाना में भी उसके खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। गोलू कुमार के खिलाफ हाजीपुर नगर थाना में आर्म्स एक्ट से संबंधित मामला दर्ज बताया गया है। बरामद सामान में एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, दो जिंदा कारतूस, 1.027 किलोग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और एक चाकू शामिल है। छापेमारी टीम में डीआईयू प्रभारी पुलिस निरीक्षक कुणाल चन्द्र सिंह, मोहिउद्दीननगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार, विद्यापतिनगर थानाध्यक्ष सूरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष अन्नु सिंह, डीआईयू के पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, प्रिंस प्रशांत भारद्वाज और धनंजय कुमार, मोहिउद्दीननगर थाना के राम कुमार, नीतीश कुमार और राजकुमार राय, डीआईयू के सिपाही संतोष कुमार, पीटीसी जितेन्द्र कुमार और सिपाही प्रीतम सिंह के अलावा एसटीएफ की टीम शामिल रही।

## सिनेमा कारोबारी पर फायरिंग मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** सिनेमा कारोबारी सह लोजपा (रामविलास) नेता रोहित कुमार उर्फ अंटू ईश्वर पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना में फरार चल रहे मुख्य आरोपित मनीष कुमार राम उर्फ मनिया को एसआईटी, एसटीएफ और नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने हाथीदह रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम उसे समस्तीपुर लेकर पहुंची, जहां उससे घटना को लेकर पूछताछ की गई। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने आरोपित की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार मनीष कुमार राम उर्फ मनिया का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ नगर और मुफस्सिल थाना क्षेत्रों में लूट, हथियार अधिनियम सहित आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें कई मामलों में वह जमानत पर बाहर था। अंटू ईशर पर हुई गोलीबारी के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस इस मामले में पहले ही कुछ अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। 17 फरवरी को हुई थी ताबड़तोड़ फायरिंग पुलिस के अनुसार 17 फरवरी 2026 की देर शाम अंटू ईश्वर अपने व्यावसायिक साझेदार के साथ बैठक के बाद घर लौट रहे थे। घर के पास पहुंचते ही हथियारों से लैस बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। बताया गया कि हमलावरों ने करीब 10 राउंड गोलियां चलाईं। अंटू ईश्वर इस हमले में बाल-बाल बच गए, जबकि उनके चालक शुभम कुमार को गोली लगने से वह घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घायल शुभम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के दौरान हमलावरों में से एक के गोली लगने की बात सामने आई थी। बाद में उसकी मौत हो गई और उसका शव पटना ब्रिज के पास बरामद किया गया था।

## जर्जर तार व पोल से हादसे का खतरा

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नबीनगर में जर्जर बिजली के तार और पोल लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। बस स्टैंड से शनिचर बाजार तक घनी आबादी के बीच घरों और दुकानों के ऊपर से पुराने और जर्जर तार गुजर रहे हैं। वार्ड सं- 7, 8 एवं नौ के न्यू एरिया, मंगल बाजार, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, पुरानी स्टेट बैंक रोड और शनिचर बाजार सहित कई स्थानों पर बांस के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

## 23 अगस्त को होगा संतों का समागम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** अंग भूमि की ऐतिहासिक धरा पर सनातन संस्कृति के संवर्धन, 'समृद्ध स्वर्णिम बिहार' तथा 'शक्ति सम्पन्न अखंड भारतवर्ष' के संकल्प सिद्धि के उद्देश्य से आगामी 23 अगस्त को भागलपुर में भव्य 'महाशक्ति सनातन धर्म सम्मेलन' का आयोजन होगा। कार्यक्रम समिति मुख्य आयोजक आचार्य पंकज अर्थव एवं प्रवक्ता इन्दु भूषण झा ने मंगलवार को यहां बताया कि एक साथ बड़ी संख्या में संतों के आगमन से भागलपुर की धरती शक्तिलोक बन जाएगा। यह वृहद धार्मिक समागम महालक्ष्मी पीताम्बरा महायज्ञ की पावन पूर्णाहुति के उपरांत आयोजित क?िया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान मुख्य रूप से सनातन रक्षा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखंड आरंभ फाउंडेशन, बाबा बूढ़ानाथ महादेव मंदिर न्यास परिषद, जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन, खुशहाल भारत, भगवा क्रांति, जागृत युवा समिति तथा केंद्रीय रेलवे यात्री संघ का सक्रिय एवं पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से शीर्ष संत एवं महामंडलेश्वर पधार रहे है सनातन धर्म की विभिन्न परंपराओं और पीठों से जुड़े पूज्य संतों एवं दिव्य विभूतियों का पावन सानिध्य व आशीर्वचन प्राप्त होगा।

## सोलर प्लेट लगाने पर मिलेगी सब्सिडी

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले में जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत घर की छत पर 3 किलोवाट तक क्षमता का सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने वाले पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही बिहार सरकार की ओर से भी अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार 1 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर 10 हजार रुपये तथा अतिरिक्त 1 किलोवाट क्षमता पर 10 हजार रुपये का अनुदान दे रही है। इस तरह राज्य सरकार से अधिकतम 20 हजार रुपये तक की सहायता मिल सकती है। केंद्र और राज्य सरकार के अनुदान को मिलाकर पात्र उपभोक्ताओं को कुल 98 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकती है। डीएम ने आम लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि घरों की छत पर सोलर संयंत्र लगाने से बिजली खर्च में कमी के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को योजना की जानकारी देगा और आवेदन तथा अनुदान से संबंधित प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेगा। 22 अगस्त तक बिजली बिल सुधार के लिए विशेष शिविर समस्तीपुर जिले में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 22 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी प्रखंडों के अलावा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, प्रमंडल और सेक्शन कार्यालयों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में बिजली बिल में गड़बड़ी, गलत मीटर रीडिंग, अधिक राशि का विपत्र आने समेत अन्य विद्युत विपत्र संबंधी शिकायतों को लेकर उपभोक्ता आवेदन दे सकते हैं। विभाग की ओर से प्राप्त शिकायतों की जांच कर नियमानुसार समाधान करने की व्यवस्था की गई है। बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में संबंधित कार्यालय में पहुंचकर शिविर का लाभ लें और अपने विद्युत विपत्र से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराएं।

## एनटीपीसी शिविर में श्रद्धालुओं को मिल रहीं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कहलगांव एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल की ओर से आज सात दिवसीय कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया। भागलपुर एवं मुंगेर जिलो के सुल्तानगंज एवं तारापुर के बीच कांवरिया मार्ग पर रहमतपुर गांव के पास लगाये गये इस शिविर में चिकित्सको की देखरेख में पारा मेडिकल कर्मियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को मुफ्त चिकित्सा सेवा प्रदान किया। जीवन ज्योति अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के.के. चौधरी ने बताया कि कहलगांव एनटीपीसी के सीएसआर विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में श्रद्धालुओं के लिए प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। कांवर यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता होने पर श्रद्धालु शिविर में पहुंचकर चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल एनटीपीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता और जनहित में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। शिविर में जीवन ज्योति अस्पताल की स्वास्थ्य टीम द्वारा श्रद्धालुओं की आवश्यकतानुसार सेवा की जा रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए इस स्वास्थ्य शिविर से यात्रियों को समय पर प्राथमिक चिकित्सा और आवश्यक दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। कहलगांव एनटीपीसी द्वारा अपने सीएसआर माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे इस प्रयास को स्थानीय स्तर पर जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। शिविर का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों की यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं में सहयोग करना तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा सहज रूप से उपलब्ध कराना है।

## सौर ऊर्जा के उत्पादन से उपभोक्ताओं का बिजली बिल हो सकता है शून्य : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बूलो मंडल ने आज यहां कहा कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है बल्कि आम जनता के बिजली खर्च को कम करने का बेहतर माध्यम है। श्री मंडल मंगलवार को यहां जिला प्रशासन की ओर से आयोजित सौर सह सोलर लोन मेला का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केन्द्र एवं राज्य सरकारें की एक महत्वपूर्ण योजना है और इसका उद्देश्य बिजली के बढ़ते खर्च से आम जनता को राहत दिलाने तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर तीन किलोवाट तक केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार और राज्य सरकार द्वारा 20 हजार अर्थात कुल 98 हजार रुपए राशि की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। सौर ऊर्जा के उत्पादन से उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के लोगों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले समय में सौर ऊर्जा का लाभ बहुत लोगों तक पहुंचेगा। और इसके लिए इस योजना की सफलता के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। श्री मंडल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के बीच सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस प्रदेश में अभी कुल 9 हजार 400 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। जबकि यहां 6 हजार अतिरिक्त बिजली उत्पादन पर काम चल रहा है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने अपने संबोधन में इस योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जिलेवासियों से अपने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ लेने की अपील की। मौके पर स्थानीय विधायक रोहित पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, विधुत विभाग के वरीय अधिकारी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार भी उपस्थित थे।

# जिले की 22 पंचायतों में सहयोग शिविर का दूसरा चरण

## अब तक 2797 में से 2583 आवेदनों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के 18 प्रखंडों की 22 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर, अधिकतम 10 दिनों में निष्पादन करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिले की 22 ग्राम पंचायतों में 22 वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं। इस अवसर पर आयुक्त मुंगेर प्रेम सिंह मीणा एवं उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी द्वारा बेगूसराय प्रखंड के खम्हार पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। अब तक इन 22 ग्राम पंचायतों में कुल 2,797 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2,583 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष 214 आवेदनों पर कार्रवाई जारी है। जिनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। सहयोग शिविरों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, म्यूटेशन, रसीद सहित विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कई मामलों का निष्पादन शिविर स्थल पर ही करते हुए लाभुकों को संबंधित सेवा उपलब्ध कराई गई।इसी प्रकार नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्रों में अब तक कुल 2,619 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2,569 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष 50 शिकायतों के निष्पादन की कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि जिला स्तर पर की गई कार्रवाई से असंतुष्ट आवेदकों के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तरीय सहयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है, जहां वे अपनी शिकायतों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

# विद्यालय विकास के कथित राशि गबन के आरोप में एचएम को बनाया बंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के जोकिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांडी पर में सोमवार को विद्यालय विकास अनुदान की राशि में कथित गड़बड़ी को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराह्न में विद्यालय में ताला जड़ दिया और प्रधानाध्यापक टुनटुन रजक को कब्जे में लेकर हिसाब मांगा शुरू कर दिया। उक्त मामले में शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह उपमुखिया रामज्ञान महतो ने बताया कि विद्यालय विकास मद में जो सालाना राशि आती है प्रधानाध्यापक गबन कर जाते हैं, एक ही काम के लिए बार बार योजना बनाई जाती है तथा उसपर खर्च करने की बात होती है लेकिन काम नहीं होता है उन्होंने कहा कि फर्श टूटी हुई है, दिवाल से प्लास्टर झड़ा हुआ है, फर्नीचर टूट चुकी है। कई बार कहा गया प्रधानाध्यापक को लेकिन काम नहीं हुआ। वहीं ग्रामीण पप्पू कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक टुनटुन रजक लगभग आठ वर्षों से विद्यालय में पदस्थापित है। विकास मद में सालाना 50 हजार रुपए आते है इस तरह इनके कार्यकाल में कुल चार लाख की राशि आई लेकिन बीस हजार भी विद्यालय विकास में खर्च नहीं किया जा सका है। उन्होंने विद्यालय जर्जरता को लेकर क्षोभ व्यक्त किया। विद्यालय की स्थिति देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कमरों का प्लास्टर टूटा हुआ, बिजली के तार-स्वीच-होल्डर जर्जर, फर्नीचर टुटा फुटा हुआ और कमरों में कचरा पसरा हुआ। ऐसा लग रहा था जैसे वर्षों से यहां पढ़ाई ही नहीं हुई हो। सूचना पर पहुंचे स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। मुखिया ने कहा कि ग्रामीणों का आक्रोश जायज है। ग्रामीण कई बार प्रधानाध्यापक से मिलकर राशि की मरम्मत और प्लास्टर करने की गुहार लगा चुके थे, लेकिन हर बार टालमटोल किया जाता रहा। शैक्षणिक गतिविधि भी ठीक नहीं है। मामला बढ़ता देख प्रधानाध्यापक टुनटुन रजक ने 15 दिनों के भीतर विद्यालय में प्लास्टर कराने व अन्य कार्य कराने का आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ा और विद्यालय का ताला खोला गया। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन में वादा पूरा नहीं हुआ तो वे फिर उग्र आंदोलन करेंगे।

## विद्यालय से पंखा चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने राधा देवी कन्या मध्य विद्यालय से पंखा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने चोरी किए गए छह पंखों में से तीन पंखे भी बरामद कर लिए हैं। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि मामले में नावकोठी निवासी मो. मिराज और मो. सोनू को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक को निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को विद्यालय के क्लास रूम से छह पंखे खोलकर चोरी कर लिए गए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया तथा उनकी निशानदेही पर चोरी के तीन पंखे बरामद किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से विद्यालयों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जगी है।

# भगवानपुर बाजार में धूमधाम से मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## 5 से 9 सितंबर तक लगेगा भव्य मेला, आकर्षक पंडाल का काम अंतिम चरण में

**12 वर्षों से आयोजित हो रहा है कार्यक्रम, पांच दिवसीय मेला की तैयारी जोरों पर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के भगवानपुर बाजार में भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर होने जा रहा है। यहां श्रीकृष्ण मंदिर में पिछले 12 वर्षों से आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजनोत्सव सह पांच दिवसीय मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। पूजा समिति के नेतृत्व में बाजार के दुकानदार पिछले एक महीने से तैयारियों में जुटे हैं। पिछले 10 दिनों से कारीगर आकर्षक पंडाल बनाने में लगे हैं। विशाल पंडाल की आकृति तैयार कर ली गई है और अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर का मुख्य द्वार भी भव्य रूप से सजाया जाएगा। रात में झालरों और लाइटों से पूरा बाजार जगमगाएगा। विदित हो कि 2014 में बाजार के दुकानदारों की बैठक में सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए एक कमेटी बनाई गई। तब से हर साल यहां धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाता है और उसी अवसर पर पांच दिवसीय मेला लगाया जाता है। इस बार भी मेले में श्रद्धालुओं के लिए भरपूर मनोरंजन के इंतजाम किए गए हैं। मेले में मिठाई और खिलौनों की दुकानें, विभिन्न प्रकार के झूले, चिड़ियाघर, मौत का कुआं और मीना बाजार मुख्य आकर्षण रहेंगे। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए कुछ न कुछ खास होगा। शाम के समय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय और बाहर के कलाकार भजन, नृत्य और नाटक के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं का मंचन करेंगे। भूषण मेडिकल हॉल के संचालक संजीव कुमार उर्फ टिंकू ने बताया कि 4 सितंबर की रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके बाद 5 सितंबर से 9 सितंबर तक मेला चलेगा। पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य कांत शर्मा और कोषाध्यक्ष संजय कुमार राय दिन-रात तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाली महिलाओं और दुकानदारों की सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ पूजा समिति के वॉलिंटियर भी मुस्तैद रहेंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए बाजार के दुकानदार भी सेवा में लगे रहेंगे। भगवानपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मेले को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

# शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन को लेकर राजकीय डिग्री कॉलेज में कमेटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राजकीय डिग्री कॉलेज नावकोठी में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार की अध्यक्षता में सभी सहायक प्राध्यापकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें कॉलेज के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन को लेकर विभिन्न कमेटियों के गठन तथा उनके सदस्यों के मनोनयन पर निर्णय लिया गया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य एवं शिफ्ट इंचार्ज का भी मनोनयन किया गया। बैठक में विकास एवं क्रय समिति में डॉ. ज्योति कुमारी, सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र, अमितेश प्रकाश एवं डॉ. भावना कुमारी, अर्थशास्त्र विभाग तथा डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम, समाजशास्त्र विभाग को शामिल किया गया। अनुशासन समिति में डॉ. प्रियांशु कुमार, हिंदी विभाग एवं नंदिता, इतिहास विभाग को मनोनीत किया गया। वहीं सांस्कृतिक समिति में डॉ. शिवम तिवारी, हिंदी विभाग, डॉ. भावना कुमारी, अर्थशास्त्र विभाग तथा डॉ. प्रियांशु कुमार, हिंदी विभाग को जिम्मेदारी दी गई। परीक्षा समिति में डॉ. शिवम तिवारी, हिंदी विभाग एवं सुमन कुमार, अंग्रेजी विभाग को शामिल किया गया। शिफ्ट इंचार्ज के रूप में डॉ. सुनील कुमार मेश्राम, समाजशास्त्र विभाग को तथा प्रभारी प्राचार्य के रूप में सुमन कुमार, अंग्रेजी विभाग को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार, राजनीति शास्त्र विभाग को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। डॉ. मिथिलेश कुमार का स्थानांतरण एसबीएसएस कोऑपरेटिव कॉलेज, बेगूसराय से राजकीय डिग्री कॉलेज नावकोठी में किया गया था। अब ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर उन्हें पुनः उनके मूल संस्थान में पदस्थापित किए जाने का आदेश जारी हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार, सभी सहायक प्राध्यापकों, एलडीसी गिरीश कुमार सहित उपस्थित ग्रामीणों ने डॉ. मिथिलेश कुमार को सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज परिवार ने उनके कार्यकाल के दौरान दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस सब कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने में राम कौशल महतो एवं सुनील रजक सहित कई बुजुर्ग ग्रामीणों ने खूब योगदान दिए।

# बारिश होने से किसानों को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में लगभग 20-25 दिनों के बाद सोमवार की शाम हुई बारिश किसानों के लिए संजीवनी बनकर आई। बारिश नहीं होने के कारण पानी के अभाव में सूख रही खरीफ फसल को नया जीवन मिल गया है। बारिश होते ही किसान यूरिया खाद के लिए उर्वरक दुकानों पर जुटने लगे। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मकई और धान की फसल में नमी के साथ उर्वरक देने का समय आ गया था। बारिश से किसान बारिश का इंतजार करते-करते पहले से ही यूरिया खरीद कर तैयार बैठे थे। दक्षिणी भाग में मकई, उत्तरी भाग में धान इस बार प्रखंड के दक्षिणी भाग अतरुआ, बसही, चुरामनचक, पाली, मल्हीपुर, सतराजेपुर, महेशपुर के बहियारों में मकई की मकई की फसल लहरा रही है। यहां एक-दो किसानों ने ही सोयाबीन लगाया है। वहीं उत्तरी भाग में धान की खेती बहुतायत में होती है। उत्तरी भाग में बारिश लगभग हर साल समय पर हो जाते है, लेकिन दक्षिणी भाग में बारिश कम होने के कारण यहां धान की खेती न के बराबर होती है। मकई की फसल अब बढ़ चुकी है और उसमें उर्वरक देने के लिए नमी जरूरी थी। बारिश में देरी देखकर क्षेत्र के जुझारू किसान पम्पिंगसेट और बिजली संचालित पम्प से सिंचाई में जुटे हुए थे। सोमवार की शाम हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश से फसल सूखने से बच गई और अब उपज अच्छी होने की उम्मीद जगी है।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में दिखा देशभक्ति का नजारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय का पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों के लिए 'स्वतंत्रता सेनानी' विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में नजर आए और उन्होंने अपने शानदार अभिनय एवं प्रस्तुति के माध्यम से देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक प्रबंधक श्री कुमार आर्यन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों के लिए मिठाइयों की भी व्यवस्था की गई, जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। मिठाइयों के वितरण के साथ बच्चों के बीच स्वतंत्रता दिवस की खुशी और उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, उमंग और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ हुआ।

## एसटीईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन समिति की वेबसाइट पर किए जाएंगे। बोर्ड ने इस बार एसटीईटी में बड़ा बदलाव किया है। अब इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को लाइफटाइम वैधता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पहले यह प्रमाण पत्र 7 साल तक ही मान्य होता था। समिति के अनुसार परीक्षा में कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें 100 प्रश्न संबंधित विषय से और 50 प्रश्न शिक्षण कला व अन्य दक्षता से पूछे जाएंगे। परीक्षा दो स्तर पर होगी। पेपर-1 माध्यमिक कक्षाओं के लिए होगा जिसमें 16 विषय शामिल हैं। वहीं पेपर-2 उच्च माध्यमिक के लिए होगा जिसमें 29 विषय रखे गए हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का स्नातक के साथ बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। आवेदन शुल्क भी निर्धारित कर दिया गया है। एक पेपर के लिए सामान्य, ईबीसी, टबीसी और ईडब्ल्यूएस टअभ्यर्थियों को 960 रुपये देने होंगे जबकि एससी, एसटी और दिव्यांगों के लिए 760 रुपये शुल्क है। दोनों पेपर के लिए सामान्य वर्ग को 1440 रुपये और आरक्षित वर्ग को 1140 रुपये जमा करने होंगे। परीक्षा की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

# सहयोग शिविर में छाया रहा पीएचडी का मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड की रहियार उत्तर एवं रहियार दक्षिण पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी कलेक्टर संदीप झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अम्पाली यादव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामजन्म सिंह, पीएचसी प्रभारी सुमित कुमार, बिजली विभाग के जेई आकाश कुमार, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, पीएचईडी जेई हिमांशु कुमार, कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार एवं प्रखंड बीपीएम सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। सहयोग शिविर के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। शिविर में पीएचईडी विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्रामीणों ने पेयजल एवं उससे जुड़ी अन्य समस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया इसके अलावा शिविर में राशन, आवास योजना, मनरेगा, कृषि, बिजली, स्वास्थ्य, राजस्व एवं पंचायत स्तर की योजनाओं से संबंधित मामलों पर भी ग्रामीणों से जानकारी ली गई। अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनना और संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित करना है।

# पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी में सर्वे एवं ड्यू लिस्ट निर्माण को लेकर आशा कार्यकर्ताओं के लिए मंगलवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता एमओआईसी डॉ. हिमांशु ने की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण अभियान की सफलता के लिए सर्वे और ड्यू लिस्ट आधार स्तंभ हैं। ड्यू लिस्ट जितनी सटीक और व्यवस्थित होगी, टीकाकरण का कार्य उतना ही प्रभावी ढंग से संपादित किया जा सकेगा। बीसीएम उषा कुमारी ने आशा कार्यकर्ताओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घर का भ्रमण कर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान कर पंजी में दर्ज करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लाभुकों को पूर्व में लगाए गए टीकों की जानकारी भी पंजी में दर्ज करने का निर्देश दिया। इससे आगामी टीकाकरण की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी तथा टीकाकरण दिवस पर छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित कर टीकाकरण से आच्छादित करने में सुविधा होगी। कार्यशाला में नावकोठी प्रखंड को टीबी मुक्त बनाने के लिए चलाए जाने वाले अभियान की भी जानकारी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर पांच वर्ष पूर्व टीबी की दवा लेने वाले मरीजों के परिवार के सदस्यों, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करने के तरीके बताए गए। अभियान के तहत 300 लोगों के सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौके पर फ़ैसिलिटेटर रुक्मिणी देवी सहित आशा कार्यकर्ता प्रतिमा, शोभा, रानी, रौशन, मालती, रिंकू, कुंदन, बेबी, रूबेदा, रेखा, प्रीति आदि मौजूद थीं।

# संविधान बचाने को भाजपा के विषैले दांत तोड़ना जरूरी : शशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भाकपा माले बेगूसराय-खगड़िया जोन की बैठक संस्कृत विद्यालय, बेगूसराय में पार्टी प्रभारी, पोलित ब्यूरो सदस्य एवं विधानपार्षद शशि यादव की मौजूदगी में हुई। बैठक में पार्टी के पूर्व राज्य सचिव नंदकिशोर प्रसाद, ऐक्टू राज्य महासचिव आर.एन. ठाकुर, महेंद्र चौधरी समेत गुजर चुके साथियों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में बेगूसराय जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खगड़िया जिला सचिव शैलेन्द्र वर्मा, चंद्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, नवलकिशोर सिंह, सोनू फर्नांज, सुभाष सिंह, अभय वर्मा समेत कई नेताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए शशि यादव ने कहा कि भाजपा संविधान-लोकतंत्र और हक की बात करने वाली ताकतों का दमन कर कंपनी राज स्थापित करना चाहती है। हर आंदोलन को अलगाव में डालने के लिए बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इसकी परवाह किए बगैर छात्र-युवा उठ खड़ा हुआ है। इसे नक्सली मानसिकता से संबोधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-युवा आंदोलन को मजदूर-किसान-मेहनतकश लोगों के साथ जोड़कर भाजपा के विषैले दांत को तोड़ने की जरूरत है। इसके लिए संगठन का विस्तार करना होगा। जमीन, आवास, रोजगार, राशनकार्ड से गरीबों के नाम हटाने, नए राशन कार्ड बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत जनसमस्याओं पर संघर्ष तेज करने की जरूरत है।


## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/42, दिनांक:** 17.08.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 19265024;** बैटरी स्टोरेज यूनिट आदि; रु.135940, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(2); 10262582;** डब्ल्यूएपी7/डब्ल्यूएजी–9 के लिए सैंड इजेक्टर; रु.104760, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(3); 10265012;** हिटाची ट्रैक्शन मोटर टाइप आदि के लिए सस्पेंशन ट्यूब और इसके असेंबली कम्पोनेंट का सेट; रु. 107740, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(4); 05261251;** हाई परफॉर्मेंस एंटी–करोज़न एपॉक्सी कोटिंग आदि का क्रय; रु. 286030, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(5); 10262355ए;** ट्रेन बीयूएस एडमिनिस्ट्रेटर (जेडबीवी प्रोसेसर) आदि; रु. 130280 **(6); 10261711;** कम्यूटेटर के लिए कॉन्टैक्ट सेगमेंट असेंबली; रु.0., **निविदा खुलने की तिथि:** 15.09.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 5 एवं 6) **(7); 10262549;** सैंडिंग अरेंजमेंट का सेट; रु. 103010, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.09.2026, **समय:** 13.30 बजे**(8); 15265090;** इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 40 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 356000, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(9); 10265003;** कम्प्लीट स्टेटर असेंबली आदि; रु. 133650, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(10); 20263257;** प्राइमरी आउटर स्प्रिंग्स; रु.107620 **(11); 20261479;** ब्रेक बीम इनर (संपूर्ण) ; रु. 162410, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.09.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 10 एवं 11) **(12); 20261492;** एयर स्प्रिंग सस्पेंशन अरेंजमेंट के साथ व्यवस्थित 20 टन एक्सल बोगी के लिए ब्रेक बीम इनर; रु. 310700, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(13); 01261017ए;** डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेजिन आदि; रु. 1326880., **निविदा खुलने की तिथि:** 02.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(14); 14265057;** विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 संस्करण 2.1, क्रम संख्या 2.3(बी) और क्लॉज संख्या 5(बी) के अनुसार कीपैड के बिना और डिस्प्ले के बिना 5 वाट वीएचएफ डिजिटल वॉकी टॉकी सेट की खरीद, प्रत्येक सेट में शामिल होंगे: (1) एक (1) वीएचएफ सेट संगत बैटरी के साथ, एक बैटरी चार्जर, एक एंटीना और एक उपयुक्त बेल्ट क्लिप, संपूर्ण बॉक्स पैकिंग में। (2) एक (1) अदद स्पेयर बैटरी जो वीएचएफ सेट के अनुकूल एवं विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018, संस्करण 2.1 के अनुसार है, बैटरी का प्रकार ली–आयन बैटरी, आईपी67 होना चाहिए; रु. 1173060, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(15); 14261142;** इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन आईआरएस टाइप आदि; रु.316560, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(16); 05261194;** आरडीएसओ विनिर्देश संख्या एम एंडी सी/एनडीटी/105/2001 के तहत विज़िबल डाई पेनेट्रेंट किट की खरीद, (विज़िबिलिटी: टाइप II) जिसमें तीन आइटम हैं:– (क) रेड विज़िबल डाई पेनेट्रेंट, विज़िबिलिटी: टाइप II और वॉशेबिलिटी मेथड – सी (सॉल्वेंट रिमूवेबल) –01 कैन, (ख) नॉन–हैलोजनेटेड (क्लास–2) सॉल्वेंट रिमूवर और क्लीनर– 02 कैन, (ग) नॉन–एक्वस वेट डेवलपर्स (फॉर्म डी)–03 कैन। आपूर्ति 525 मिली क्षमता वाले एरोसोल कैन में की जाएगी, हर कैन में 400 मिली कंटेंट होगा। शेल्फ लाइफ: सामान्य पर्यावरणीय अवस्था में 12 से 18 महीने; रु. 307740, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(17); 10261609;** एमवीएमटी के लिए इम्पेलर; रु. 109800, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(18); 21261061;** एमएआरके–50 हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर आदि के लिए पीओएच किट नं. 2; रु.283160, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(19); 21265035;** अपग्रेडेड हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर अरेंजमेंट आदि; रु.1082540 **(20); 21265030;** बीवीसीएम इत्यादि के लिए फ्रिक्शन डैंपिंग व्यवस्था के साथ मॉडिफाइड कैसनब – 22एचएस कास्ट स्टील बोगियों की खरीद; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.09.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 19 एवं 20) **(21); 21265016;** बीवीसीएम के लिए अपग्रेडेड हाई टेंसाइल सेंटर बफर कपलर आदि;रु.2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(22); 11261777;** फ्रेश वाटर टीए; रु. 313980, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(23); 20261016;** एम/कोचों के ए/बॉक्स गाइड अरेंजमेंट के लिए गाइड बुश; रु.126950, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(24); 20260002ए;** ईएमयू ट्रेलर कोच के लिए बोगी फ्रेम की व्यवस्था; रु. 0. **(25); 20261153;** ईएमयू के लिए टैप चेंजर ईपी कॉन्टैक्टर (टी1–टी9) का सिलिंडर; रु.110970, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.09.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम 24 एवं 25) **(26); 20265040;** कोच जंपर केबल असेंबली के साथ इंटर वेहिक्यूलर कपलर (पावर एंव कंट्रोल); रु.185040, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(27); 20261875;** ईएमयू के लिए 4" सिंगल एयर प्रेशर गेज (फ्लश माउंटेड) (एमआर) (0–10 केजी/सेमी2);रु.213760, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(28); 1226_एलसी_फिटिंग_4916;** फिटिंग सहित आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–4916 के अनुसार 60 केजी के लिए पीएससी स्लीपर बीजी पर लेवल क्रॉसिंग फिटिंग्स का क्रय; रु.469450, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(29); 1226_एंड_कट_एचवीएन;** विभिन्न एंड कट कॉम्बिनेशन हाई विस्कस नाइलन (एचवीएन–66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.577050, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.08.2026, **समय:** 13.30 बजे**(30); 1226-ग्लूड_2572;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–2572 के अनुरूप 60 केजी ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स (जी–3) (एल) टाइप के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु. 5000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.09.2026, **समय:** 13.30 बजे **(31); 12261012;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–8822 के अनुसार थिक वेब स्विच एक्सपैंशन जॉइंट (टीडब्ल्यूएसईजे) के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए 1 वर्ष की आरजीसी; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.08.2026, **समय:** 13.30 बजे **(32); 22261376;** इंज. बेनरैलिजुमैब 30 मिग्रा/1 मिली (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए); रु.223930, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.08.2026, **समय:** 13.30 बजे **(33); 12261030ए;** आरडीएसओ ड्रॉ. नंबर टी–5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके–V के निर्माण और आपूर्ति का चालू ठेका; रु. 5000000., **निविदा खुलने की तिथि:** 03.09.2026, **समय:** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0.00 [क्रम सं. 1 से 33 के लिए]।

**(ख) क्रम सं.1; निविदा सं. 52266872, संक्षिप्त विवरण:** सेलेक्टिव पैलेट रैकिंग सिस्टम, **निविदा की अंतिम तिथि:** 10/09/2026 **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 56,43,610/-, **क्रम सं.2; निविदा सं. 52267107 , संक्षिप्त विवरण:** रेफ्रिजरेटिंग यूनिट, **निविदा की अंतिम तिथि:** 10.09.2026 **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.67,23,055/-, **क्रम सं.3; निविदा सं. 52267106, संक्षिप्त विवरण:** एलएचबी कोचों के लिए हॉट केस, **निविदा की अंतिम तिथि:** 14.09.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 71,04,440/-

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-29/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# समस्याओं का संतोषजनक समाधान सहयोग शिविर का उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत सरसौली स्थित पंचायत सरकार भवन में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। तत्पश्चात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पौधा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सम्मानजनक तरीके से पहुंचे और इसी उद्देश्य से जिले के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन की सुविधा निरंतर उपलब्ध रहेगी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रकृति के आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर किया जाएगा जबकि हमलोग का प्रयास है कि अधिकांश मामलों का समाधान 15 दिनों के भीतर कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद जिला सहयोग अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल है। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लाभुकों के बीच वासगीत पर्चा, पहली बार विद्यालय में नामांकित छात्राओं को प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को आवास की चाबी, जन्म प्रमाण-पत्र तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

# अंधविश्वास में हत्या : तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बंदेया पुलिस द्वारा हत्याकांड के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों में गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के केर गांव निवासी लालकेश्वर रविदास, गोह थाना क्षेत्र के रमदी गांव निवासी रामाशीष दास (45) एवं एक महिला शामिल है। बंदेया थानाध्यक्ष सूरज कुमार को सूचना मिली थी कि साव बिगहा नहर के किनारे एक वृद्ध व्यक्ति का गला कटा शव पड़ा है। छानबीन के दौरान मृतक की पहचान अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के पाचकेसर गांव निवासी जनेश्वर बिंद के रूप में की गई। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में गठित एसआईटी के द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति (लालकेश्वर रविदास) को गया जिले के कोंच थानान्तर्गत केरा से पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गए व्यक्ति की निशानदेही पर उसके दलान से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (हसुली) को बरामद किया गया। तत्पश्चात उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने दो अन्य साथी रामाशीष दास एवं एक महिला के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। गठित एसआईटी द्वारा रामाशीष दास को गोह थानान्तर्गत रमदी से और महिला को अरवल जिले के करपी थानान्तर्गत केर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस अनुसंधान और पूछताछ से यह बात प्रकाश में आई कि अंधविश्वास और अवैध संबंध के कारण जनेश्वर बिंद का हत्या की गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त हसुली, एक मोबाइल, एक बाइक आदि बरामद किया गया है।

# विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार 22 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में तीन, आर्म्स एक्ट में एक, एससी-एसटी एक्ट में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 36 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान पांच लीटर देसी शराब, एक देसी थ्रनेट, एक खोखा, दो मोबाइल फ़ोन, एक बाइक एवं एक धारदार हथियार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 970 वाहनों की जांच की गई जिसमें 53000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा चार वारंट एवं चार कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 2949 लोगों को मिला नल-जल योजना का कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन से संबंधित बैठक उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित जलापूर्ति योजनाओं की क्रियाशीलता, संचालन एवं अनुरक्षण, निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति, पम्प ऑपरेटर एवं अनुरक्षकों के मानदेय, विद्युत विपत्रों के भुगतान, पेयजल संबंधी शिकायतों तथा जल गुणवत्ता की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के उद्देश्यों एवं जिले में इसके क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गई। बताया गया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत नियमित जलापूर्ति, जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल गुणवत्ता की जांच तथा जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण को सुदृढ़ किया जा रहा है। समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 2949 हर घर नल का जल योजनाएं अधिष्ठापित हैं। इन योजनाओं का मरम्मति एवं रखरखाव विभागीय स्तर से कराया जा रहा है। इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी जलापूर्ति योजनाओं का नियमित अंतराल पर निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार संवेदकों के माध्यम से मरम्मति कार्य शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। छूटे हुए टोलों में हर घर नल का जल योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 1,455 योजनाओं का निविदा कार्य किया गया है जिसमें 1,005 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 450 योजनाएं लंबित हैं। उप विकास आयुक्त द्वारा लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पीएचडी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शौच के लिए गये वृद्ध पानी के तेज बहाव में लापता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देव थाना क्षेत्र के दधपा गांव के समीप मंगलवार को टिकारी नदी में 80 वर्षीय बुजुर्ग डूब गए। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग नदी किनारे शौच के लिए गए थे तभी उनका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव वाले गहरे पानी में चले गये। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही देव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों तथा गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश शुरू कर दी। हालांकि खबर लिखे जाने तक बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिल सका हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में जहां कोहराम मच गया वहीं गांव में भी शोक व चिंता का माहौल है। डूबे बुजुर्ग की पहचान दधपा गांव निवासी बैजनाथ तिवारी के रूप में हुई है।

# थर्नेट और खोखा के साथ युवक गिरफ्तार, पूछताछ में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खुदवां थाना की पुलिस द्वारा थर्नेट और खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुख्तियारपुर टोले समधन बिगहा निवासी छोटू कुमार के रूप में की गई है। बरामद हथियार और खोखे को जब्त कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि छोटू कुमार का अपने पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उसके घर में हथियार छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने सोमवार की रात छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस को हथियार और खोखा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हथियार उसके पास कहां से आया और इसे घर में रखने के पीछे क्या उद्देश्य था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने थर्नेट और खोखा रोहतास से लाने की बातें बताई है लेकिन वह उस व्यक्ति नहीं जनता जिससे हथियार प्राप्त किया है। वैसे पुलिस पूरे मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुण्यतिथि पर अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी, ग्रामीण पश्चिम मंडल के तत्वावधान में जम्होर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन कर राष्ट्र के महान नेताओं के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अटल के जीवन, संघर्ष, राजनीतिक दूरदर्शिता एवं राष्ट्रसेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति में विचार, सिद्धांत, संवेदनशीलता और सुशासन के अद्वितीय समन्वय के प्रतीक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। अटल जी का ओजस्वी व्यक्तित्व और उनकी कालजयी वाणी आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, भाजपा नेता सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, तारा सिंह, अनिल अग्रवाल, सुनील कुमार सिंह, चंदन सिंह, नरेश राम, सुदर्शन सिंह सहित अन्य ने पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# एफएसएसएआई प्रमाण पत्र बनाने के लिए लगाया विशेष कैम्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला उद्योग केंद्र में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना से लाभान्वित इकाइयों के एफएसएसएआई प्रमाण-पत्र बनाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक एवं कर्मियों के साथ खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जिला संसाधन सेवी तथा पीएमएफएमई योजना से लाभांवित इकाइयों के लाभुक उपस्थित रहे। विभागीय निदेश के आलोक में पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित इकाइयों के औपचारिकीकरण की कार्रवाई की जानी है, जिसके तहत एफएसएसएआई प्रमाण-पत्र को पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। लाभुकों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा एफएसएसएआई प्रमाण-पत्र हेतु पंजीकरण की कार्रवाई की गई। कैम्प के दौरान 13 लाभुकों के औपचारिकीकरण की कार्रवाई पूर्ण की गई जबकि आठ आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निदेश दिया गया। जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक द्वारा सभी जिला संसाधन सेवी को अपने आईडी से अग्रसारित सभी आवेदनों के औपचारिकीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

# 34 पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को 34 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण शुरू, एसपी ने ईमानदारी व अनुशासन के लिए किया प्रेरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस लाइन में नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने मंगलवार को पुलिस लाइन में पटना जिलाबल के नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारंभ शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक ने जवानों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा, कड़े अनुशासन और शारीरिक-मानसिक फिटनेस के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षु सिपाहियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान गलती करने पर कोई माफी नहीं मिलती है। इसीलिए पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसके बाद उन्होंने सिपाहियों के लिए रहने की व्यवस्था, खाने-पीने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय आदी की जानकारी ली। कमी को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया।

# रूफटॉप सोलर पैनल के लिए लाभुकों को मिल रही वित्तीय सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विद्युत अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल का अधिष्ठापन कराकर स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपने बिजली बिल में भी उल्लेखनीय बचत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके, इसके लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ बिहार सरकार द्वारा भी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एक किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल के अधिष्ठापन पर लगभग 65 से 70 हजार रुपये की लागत आती है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 10 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। इस प्रकार कुल 40 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। इसी प्रकार दो किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल के अधिष्ठापन पर लगभग 1.30 लाख से 1.40 लाख रुपये की लागत आती है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 20 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, तीन किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल के अधिष्ठापन पर केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 20 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। इस प्रकार कुल 98 हजार रुपये की सहायता प्राप्त होती है। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार के निर्देश के आलोक में बैंकों द्वारा आसान किस्तों पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी ब्याज दर 5.75 प्रतिशत है। उन्होंने जिले के सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल का अधिष्ठापन कराएं।

# स्पर्शाघात से किशोर की मौत

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** विद्युत करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यारी गांव के टोला टिकरी बिगहा की है। मृतक की पहचान टिकरी बिगहा निवासी जितेंद्र यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सड़क पर पहले से गिरे विद्युत तार को देख नहीं सका और अचानक संपर्क में आकर बुरी तरह झुलस गया। मौके पर स्थानीय लोगों ने किसी तरह बांस और डंडे के सहारे किशोर को विद्युत संपर्क से अलग किया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और मौके पर विद्युत स्पर्शाघात से उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक किशोर चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

# 11 हजार वोल्ट के तार समेत तीन बिजली पोल गिरे

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जम्होर फीडर अंतर्गत ग्राम शंकरपुर स्थित किड्स गार्डन इंटरनेशनल स्कूल के पीछे मंगलवार की सुबह करीब छह बजे 11 हजार वोल्ट के तार समेत तीन बिजली पोल अचानक गिर गये। पोल गिरने के बाद आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को सुबह ही दे दी गयी थी लेकिन दोपहर दो बजे तक घटनास्थल का जायजा लेने कोई कर्मी नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों के अनुसार बिजली पोल गिरने के बाद 11 केवी का तार जमीन पर पड़ा रहा। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना मिलने के बावजूद विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त तार को सुरक्षित करने के लिए तत्काल कोई कदम नहीं उठाया गया।


# Ph.D AWARDED



By the order of the Vice-Chancellor, Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand.

TAIBA KHANAM D/o Naim Ansari, W/o Md Irshad Ansari, Address- At – Dashwat khap, po+ps – Madanpur, Dist Aurangabad (Bihar) pin 824208,

Mob.-7979858032

is declared to have passed the Doctor of philosophy (Faculty of education) Examination, held in the month of July 2026 on the topic:

"औरंगाबाद जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत मुस्लिम छात्राओं के नैतिक मूल्यों और शिक्षा के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन"

Under the supervision of Dr. Ajit kumar singh, Assistant professor, university department of Educations Radha Govind university, Ramgarh .


# एनसीसी ब्रिगेडियर ने किया औरंगाबाद कार्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गया के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर देव कुमार सेन ने मंगलवार को 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के कार्यालय का औपचारिक निरीक्षण किया। उनके औरंगाबाद आगमन पर 13 बिहार बटालियन के प्रशासी पदाधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स ने ब्रिगेडियर देव कुमार सेन को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रुप कमांडर ने एनसीसी कैडेट्स से रूबरू होकर उनकी प्रशिक्षण गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के माध्यम से प्राप्त होने वाले अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद ब्रिगेडियर देव कुमार सेन ने 13 बिहार बटालियन एनसीसी के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बटालियन के जेसीओ, एनसीओ सहित समस्त सिविल स्टाफ से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए बेहतर कार्य करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर बटालियन के प्रशासी पदाधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने ब्रिगेडियर देव कुमार सेन को 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, एनसीसी प्रशिक्षण, कैडेट्स की गतिविधियों तथा अन्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर बटालियन के सूबेदार मेजर रमेश पात्रा, प्रधान लिपिक मनोज कुमार सहित सभी सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# गांजा के साथ गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर कारोबार करने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति को फ़ेसर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले काफी दिनों से गांजे की बिक्री कर रहे था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मोइद्दीनपुर गांव में छापा मारा और 60 वर्षीय रामस्वरूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कारोबारी के पास से 2 किलो 142 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी के मुताबिक आरोपी घर से गांजे का धंधा करते थे। इसकी सूचना पिछले कुछ दिनों से मिल रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस की टीम ने छापा मारा। पुलिस ने गांजा बेचने वाले रामवरूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269